17 जनवरी 2025
शुक्रवार

# केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण




छात्रों से फीस वसूल फिटजी कोचिंग हुआ बंद, छात्रों ने पुलिस से की शिकायत 2



### 1 जनवरी 2026 से लागू होंगी आयोग की सिफारिशें

# केंद्र ने 8वां वेतन आयोग लागू करने की दी मंजूरी

- आठवां वेतन आयोग लागू करने की मांग काफी समय से कर रहे थे कर्मचारी
- 8वें वेतन आयोग के बाद न्यूनतम वेतन वर्तमान 18000 रुपये की तुलना में बढ़कर लगभग 34500 रुपये हो सकता है





**एजेंसी/नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने गुरुवार को आठवें वेतन आयोग को लागू करने की मंजूरी दे दी है। आयोग की सिफारिशें 2026 से लागू की जाएंगी। यह जानकारी केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी। उन्होंने बताया कि सातवां वेतन आयोग 2016 में लागू हुआ था। इसकी सिफारिशें 2026 तक लागू हैं। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि 1947 से आज तक सात वेतन आयोग लागू हो चुके हैं। आठवां आयोग लागू होने से केंद्र के 35 लाख से अधिक कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। 7वें वेतन आयोग का कार्यकाल 31 दिसंबर 2025 को खत्म हो जाएगा और आठवें वेतन आयोग को 1 जनवरी 2026 से लागू किया जाना है। जानकारी के मुताबिक, आठवें वेतन आयोग के गठन से पहले राज्य सरकारों, PSU आदि से सलाह ली जोगी। आठवें पे कमीशन के अध्यक्ष और दो सदस्यों के नाम का भी जल्द ऐलान होगा। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों को 2014 में मंजूरी थी, जिसे 2016 में लागू किया गया। इसके 10 साल होने के बाद कर्मचारी काफी समय से आठवां वेतन आयोग लागू करने की मांग कर रहे थे। पिछले दिनों संसद में भी इससे संबंधित सवाल पूछा गया था, तब केंद्र ने कहा था कि ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। इसके बाद ऑल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट इम्प्लॉय फेडरेशन ने देशव्यापी आंदोलन की चेतावनी दी थी।

**कितना बढ़ेगा वेतन:** 7वें वेतन आयोग में कर्मचारियों के वेतन में लगभग 23 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। हालांकि, ये छठे वेतन आयोग की तुलना में कम है। रिपोर्ट्स के अनुसार, 8वें वेतन आयोग के बाद न्यूनतम वेतन वर्तमान 18,000 रुपये की तुलना में बढ़कर लगभग 34,500 रुपये हो सकता है। इसके अलावा महंगाई भत्ते बढ़ोतरी के फामूर्ले में भी बदलाव की संभावना है। इससे कर्मचारियों को ज्यादा फायदा मिलने की उम्मीद है।

### 9000 रुपये से बढ़ाकर 17280 रुपये हो सकता है न्यूनतम पेंशन

8वें वेतन आयोग में पेंशन की न्यूनतम राशि भी 9,000 रुपये से बढ़ाकर 17,280 रुपये की जा सकती है। वेतन और पेंशन के अलावा भत्तों में भी 20 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की उम्मीद है। आयोग में फिटमेंट फैक्टर को 2.57 प्रतिशत से बढ़ाकर 3.00 या 3.68 प्रतिशत तक किया जाता है। इससे वेतन 20-25,000 रुपये तक बढ़ता है। इससे पहले आखिरी बार 2016 में फिटमेंट फैक्टर बढ़ाया गया था, जो 2.57 था।

**इस बार कम बढ़ सकता है वेतन और पेंशन:** सरकारी कर्मचारियों के लिए आठवां वेतन आयोग लागू होने पर विशेष फिटमेंट फैक्टर के आधार पर वेतन को संशोधित किया जाएगा। संभावना जताई जा है कि इस बार सरकार फिटमेंट फैक्टर पर समझौता कर सकती है। सातवें वेतन आयोग में यह 2.57 था, जो आठवें वेतन आयोग में 1.92 हो सकता है। वहीं कुछ रिपोर्ट में 2.86 के उच्च फिटमेंट फैक्टर के विकल्प को चुनने की बात कर रही हैं। हालांकि, फिटमेंट फैक्टर कम होने से वेतन-पेंशन कम बढ़ेगी।

# अभिनेता सैफ अली खान पर जानलेवा हमला, हालत खतरे से बाहर

- देर रात घर में घुसे चोर ने धारदार हथियार से वार कर सैफ को गंभीर रूप से किया घायल
- गर्दन और पीठ पर गहरे घाव, लीलावती अस्पताल में भर्ती



**एजेंसी/मुंबई**

बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर देर रात उनके घर में घुसे एक चोर ने धारदार हथियार से वार कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। उनकी गर्दन और पीठ पर गहरे घाव थे। इसके बाद उन्हें मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। खबरों की मानें तो सैफ का ऑपरेशन हो गया है। ऑपरेशन में सैफ के घाव से तीन इंच की नुकीली चीज भी निकाली गई है। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, एक अज्ञात शख्स सैफ के घर में घुसा। दोनों के बीच हाथापाई हुई। घटना के समय अभिनेता के कुछ पारिवार के अन्य सदस्य भी घर में मौजूद थे। कहा यह भी जा रहा है कि घर में घुसे शख्स की नौकरानी से बहस हुई। जब अभिनेता ने बीच-बचाव कर व्यक्ति को समझाने और शांत करने की कोशिश की, तो उसने सैफ पर हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि घटना आधी रात को अभिनेता के बांद्रा स्थित घर पर हुई। हमले के दौरान सैफ के हाथ, रीढ़ की हड्डी और गर्दन पर घाव आए हैं। अस्पताल में सैफ का अस्पताल में ऑपरेशन किया गया। उनकी पत्नी करीना कपूर उनसे मिलने सुबह 4.30 बजे अस्पताल पहुंचीं।

### रीढ़ की हड्डी में चाकू फंसने के कारण आईं गंभीर चोटें

पुलिस के मुताबिक, सैफ अली खान पर घर में घुसे चोरों ने चाकू से हमला कर दिया है। उन्हें मुंबई के अस्पताल में भर्ती किया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। बांद्रा के डीसीपी ने कहा, रात 2.30 बजे सैफ अली खान के घर में अनजान शख्स घुसा। इस दौरान सैफ अली खान पर चोर ने चाकू से हमला कर दिया। डीसीपी ने बताया कि इसके बाद उन्हें मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया। अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि उन्हें चाकू मारा गया है या वे हाथापाई में घायल हुए हैं। एएनआई के मुताबिक, यह झगड़ा अज्ञात शख्स और सैफ की मेड के बीच हो रहा था। चोरी के इरादे से घुसे इस शख्स से जब सैफ अली खान का सामना हुआ तो उसने उन्हें लहूलुहान कर दिया। क्राइम ब्रांच के एक अधिकारी ने बताया कि जिस समय सैफ अली खान और हमलावर की भिड़ंत हुई, उस समय चोर जहांगीर के कमरे में मौजूद था। रात दो बजे करीब सैफ को जहांगीर के कमरे से आवाजें आईं, तो वह उसे देखने गए। वहां एक व्यक्ति जहांगीर की हाउसकीपर अरियामा फिलिप्स उर्फ लीमा से झगड़ रहा था। ललकारने पर उसने सैफ पर हमला कर दिया। इस हमले में सैफ और उनकी हाउसकीपर लीमा दोनों ही घायल हुए हैं। लीलावती अस्पताल के डॉ. नितिन डांगे ने कहा कि रीढ़ की हड्डी में चाकू फंसने के कारण गंभीर चोट आई थी। चाकू निकालने और लीक हो रहे स्पाइनल फ्लूइड को ठीक करने के लिए सर्जरी की गई। प्लास्टिक सर्जरी टीम ने उनके बाएं हाथ पर दो अन्य गहरे घाव और गर्दन पर एक अन्य घाव को ठीक किया। वह अब पूरी तरह से स्थिर हैं। वे खतरे से बाहर हैं।

बता दें कि सैफ अली खान का बांद्रा में सतगुरु शरण बिल्डिंग में अपार्टमेंट है। इसमें सैफ करीना और बच्चे तैमूर और जेह भी उनके साथ रहते हैं। पहले जयदीप अहलावत के पिता के निधन और अब सैफ अली खान के जख्मी होने के बाद फिल्म की शूटिंग रोक दी गई है।

## छत्तीसगढ़ के बीजापुर में एनकाउंटर में पुलिस ने 12 नक्सली मार गिराए

**एजेंसी/रायपुर**

छत्तीसगढ़ के बीजापुर में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है। इस एनकाउंटर में 12 नक्सली मारे गए हैं। दोनों ओर से रुक-रुककर गोलीबारी जारी है। मुठभेड़ पुजारी कांकेर के जंगल में चल रही है। जानकारी के अनुसार डीआरजी सुकमा, डीआरजी दंतेवाड़ा और कोबरा के अलग-अलग बटालियन और सीआरपीएफ के करीब 1200 से 1500 जवानों ने नक्सलियों को घेर रखा है। एक अधिकारी ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि 12 नक्सली मारे गए हैं। इलाके में अभी तलाशी अभियान जारी है। जानकारी के अनुसार जंगल में बड़ी संख्या में नक्सली मौजूद हैं, इनमें से कुछ नक्सली नेता भी शामिल हैं। वहीं बीजापुर में आईईडी ब्लास्ट में 2 जवानों के घायल होने की सूचना है। बासागुड़ा थाना क्षेत्र में कोबरा बटालियन के 2 जवान आईईडी की चपेट में आ गए। दोनों का हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है।

इससे पहले 12 जनवरी को फोर्स ने बीजापुर के मद्देड़ इलाके में 2 महिला नक्सली समेत 5 नक्सली मारे गए थे। सुरक्षाबलों ने पांचों के शव के साथ राइफल बरामद की थी। मामले में बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि नेशनल पार्क एरिया कमेटी के नक्सलियों को रविवार सुबह से जवानों ने घेर रखा था। इसके बाद दिन भर रुक-रुककर फायरिंग होती रही। बता दें कि इस साल अब तक अलग-अलग ऑपरेशन में 26 नक्सली मारे जा चुके हैं। वहीं साल 2024 में अलग-अलग मुठभेड़ों में 219 नक्सलियों को ढेर किया था।

## प्रशांत किशोर ने तोड़ा अनशन, बोले- सीएम नीतीश कुमार की मानसिक स्थिति की जांच हो

**एजेंसी/पटना**



प्रशांत किशोर ने 14 दिनों के बाद गंगा में स्नान करने के बाद जूस पिया और अपना आमरण अनशन समाप्त किया। इसके बाद प्रशांत किशोर ने गंगा किनारे बने जनसुराज आश्रम में जाकर सत्याग्रह आंदोलन शुरू करने का ऐलान किया। प्रशांत किशोर पिछले 2 जनवरी से बीपीएससी छात्रों के समर्थन में आमरण अनशन पर थे। 6 जनवरी की सुबह प्रशांत किशोर को पुलिस ने गिरफ्तार किया था, लेकिन उसी दिन कोर्ट से उन्हें बेल मिल गई थी। फिर तबियत खराब होने के कारण उन्हें 7 जनवरी को मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां से 11 जनवरी को उन्हें डिस्चार्ज किया गया था। प्रशांत किशोर ने आज यानी 16 जनवरी को मां गंगा में स्नान किया।

फिर मंच पर आने के बाद बीपीएससी छात्रों ने जूस पिलाकर उनका आमरण अनशन समाप्त कराया। प्रशांत किशोर ने कहा कि अगले आठ महीनों में पूरे बिहार से एक लाख युवाओं को यहां लाकर सत्याग्रह की ताकत समझाई जाएगी। समाज को जगाने के लिए तैयार किया जाएगा। प्रशांत किशोर ने मीडिया के लोगों से बातचीत करते हुए अपने आगे की रणनीति और गंगा नदी के किनारे मरीन ड्राइव पर बने जन सुराज की टेंट सिटी के उद्देश्य के बारे में भी बताया। प्रशांत किशोर ने कहा कि गांधी जी के बताए रास्ते पर अब आज से सत्याग्रह की शुरूआत करूंगा। वहीं अनशन तोड़ते ही प्रशांत किशोर ने बड़ी डिमांड कर दी है। दरअसल प्रशांत किशोर ने कहा कि सीएम नीतीश की मानसिक स्थिति की जांच कराई जाए। प्रशांत किशोर ने कहा कि मैं ये मांग करता हूं कि सरकार आधिकारिक तौर पर विज्ञप्ति जारी करे कि क्या नीतीश कुमार मानसिक रूप से स्वस्थ हैं बिहार की व्यवस्था चलाने में। शायद आज नीतीश जी की स्थिति है कि कोई भी निर्णय वो खुद नहीं ले रहे। सरकार एक मेडिकल पैनल बनाए और प्रदेश के मुखिया की जांच हो।

## बीपीएससी 70वीं प्रारंभिक परीक्षा पर रोक से हाईकोट का इनकार

**एजेंसी/पटना**

बीपीएससी अभ्यर्थियों और परीक्षा को कैंसिल करने के पक्ष में आन्दोलन करने वालों के लिए बुरी खबर है। पटना हाईकोर्ट ने इस मामले पर आज फैसला सुनाया है, जिसमें कोर्ट ने बीपीएससी 70वीं प्रारंभिक परीक्षा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। हाईकोर्ट ने 30 जनवरी से पहले बीपीएससी को एफिडेविट देने को कहा है। इस मामले में 31 जनवरी को अब अगली सुनवाई होगी। हाईकोर्ट ने इसमें याचिकाकर्ता को अंतरिम राहत नहीं दी, लेकिन तारीख देते हुए यह भी स्पष्ट किया कि रिट याचिका के परिणाम पर बीपीएससी का रिजल्ट आश्रित होगा। मतलब, अगर बीपीएससी ने परिणाम दे दिया और हाईकोर्ट ने इस रिट याचिका में पुनर्परीक्षा का आदेश दिया तो जारी हो चुका रिजल्ट रद्द हो जाएगा। इसी तरह, अगर रिट याचिका को अंतिम तौर पर खारिज कर दिया गया तो बीपीएससी की ओर से जारी किया जाने वाला परिणाम अप्रभावित रहेगा। बीपीएससी 70वीं पीटी री-एग्जाम को लेकर कोर्ट में सुबह करीब एक घंटे बहस हुई। न्यायमूर्ति अरविंद सिंह चंदेल की बेंच में जनसुराज के वकील वाईबी गिरी और सरकारी वकील पीके शाही के बीच काफी बहस हुई। जनसुराज के वकील ने परीक्षा में अनियमितता का आरोप लगाया।

## गडकरी बोले... सड़क निर्माण में खामी बने गैर जमानतीय अपराध

**एजेंसी/नई दिल्ली**

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि अगर सड़क निर्माण में कोई खामी होती है, तो इसे गैर-जमानतीय अपराध बनाया जाना चाहिए। साथ ही सड़क ठेकेदारों तथा इंजीनियरों को दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए और उन्हें जेल भेजा जाना चाहिए। उद्योग मंडल सीआईआई द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दुनिया में सड़क दुर्घटनाओं के मामले में भारत नंबर एक पर है। महज 2023 में पांच लाख सड़क दुर्घटनाएं हुई थीं।

उन्होंने कहा, 'सड़क निर्माण में खामी पाया जाना गैर जमानतीय अपराध होना चाहिए। इसके साथ ही ठकेदारों और इंजीनियरों को हादसों के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए और उन्हें जेल भेजा जाना चाहिए। 2023 में पांच लाख हादसे हुए, जिनमें 1,72,000 लोगों की जान गई। इसमें से 66.4 फीसदी यानी 1,14,000 मरने वाले लोगों की उम्र महज 18 से 45 थी। वहीं, 10 हजार बच्चों की मौत हुई थीं।'

उन्होंने आगे कहा कि मंत्रालय का उद्देश्य 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को आधा करना है। उन्होंने यह भी कहा कि 55,000 मौतें हेलमेट न पहनने के कारण और 30,000 मौतें सीट बेल्ट न पहनने के कारण हुईं।

### नेशनल टेस्टिंग एजेंसी का फैसला: पेन-एंड-पेपर मोड में होगा एंट्रेंस एग्जाम

## एक ही दिन, एक शिफ्ट में होगी नीट यूजी प्रवेश परीक्षा

**एजेंसी/नई दिल्ली**



नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने नेशनल एलिजिबिलिटी एंट्रेंस टेस्ट को एक ही दिन और एक ही शिफ्ट में आयोजित करने का फैसला किया है। इसके साथ ही नीट यूजी पेपर मोड पर भी अंतिम निर्णय आ चुका है। इस बार नीट यूजी परीक्षा का आयोजन पेन-एंड-पेपर मोड में किया जाएगा। 2025-26 से शुरू होने वाले इस टेस्ट के लिए सशस्त्र सेना के मेडिकल अस्पतालों में बीएससी नर्सिंग के उम्मीदवारों को नीट परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य है। यह निर्णय राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निदेशों के अनुरूप है। यह निर्णय तब आया है जब शिक्षा और स्वास्थ्य मंत्रालय ने पिछले महीने कहा था कि उन्हें अभी यह तय करना है कि 2025 के लिए मेडिकल प्रवेश परीक्षा पेन-एंड-पेपर मोड में आयोजित की जाएगी या कंप्यूटर-आधारित टेस्ट ।

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा था, नीट का प्रशासनिक मंत्रालय स्वास्थ्य मंत्रालय है, और हम यह तय करने के लिए उनके साथ बातचीत कर रहे हैं कि नीट को पेन-एंड-पेपर मोड या ऑनलाइन मोड में आयोजित किया जाना चाहिए। हम पहले ही जेपी नड्डा के नेतृत्व वाले स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ दो दौर की बातचीत कर चुके हैं। परीक्षा आयोजित करने के लिए जो भी विकल्प सबसे अच्छा समझा जाता है, एनटीए उसे लागू करने के लिए तैयार है।

**इन पाठ्यक्रमों के लिए नीट यूजी लागू रहेगा:** अब यह पुष्टि हो गई है कि परीक्षा हमेशा की तरह पेन और पेपर प्रारूप में जारी रहेगी। एनटीए ने यह भी घोषणा की कि इस अधिनियम के तहत शासित सभी चिकित्सा संस्थानों में भारतीय चिकित्सा पद्धति के बीएएमएस, बीयूएमएस और बीएसएमएस पाठ्यक्रमों सहित प्रत्येक विषय में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एक समान नीट यूजी होगा। राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग के तहत बीएचएमएस पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए भी नीट यूजी लागू होगा।

**कब शुरू होगा पंजीकरण?**

परीक्षा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की तारीखों की घोषणा होनी अभी बाकी है। परीक्षा में कक्षा 11वीं और 12वीं की पाठ्यपुस्तकों से भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान के पाठ्यक्रम शामिल हैं, जिन्हें 13 भाषाओं में प्रशासित किया जाता है। एनएमसी ने नीट यूजी 2025 के पाठ्यक्रम में संशोधन किया है। विस्तृत पाठ्यक्रम अब एनएमसी की आधिकारिक वेबसाइट www.nmc.org.in के साथ-साथ एनटीए के आधिकारिक पोर्टल www.nta.ac.inपर देखा जा सकता है।




## छात्रों का हुजूम शिकायत लेकर पटना स्थित कोतवाली थाना पहुंचा, जांच में जुटी पुलिस

# छात्रों से फीस वसूल फिटजी कोचिंग हुआ बंद

**केटी न्यूज/पटना**



हर गार्जियन का सपना होता है कि उनका बच्चा से आईआईटी पढ़ने के बाद इंजीनियर बने। अपने बच्चों की पढ़ाई पर वो लाखों रुपये खर्च करते हैं। बच्चों को आईआईटी की तैयारी के लिए अच्छे कोचिंग संस्थान में भेजते हैं। लेकिन जब लाखों रुपए जमा करने के बाद यह पता चले कि जिस कोचिंग में उन्होंने अपने बच्चे का एडमिशन कराया वो बंद हो गया है तब उन पर क्या गुजरती होगी। ऐसा ही एक मामला बिहार की राजधानी पटना से तब सामने आई जब छात्रों का हुजूम शिकायत लेकर कोतवाली थाना पहुंच गया। मामला कंकड़बाग इलाके की जहां बिना छात्रों और अभिभावकों की सूचित किये ही फिटजी कोचिंग सेंटर अचानक बंद कर दिया गया। जिससे जेईई मेन की तैयारी कर रहे करीब 200 छात्र काफी परेशान हैं। कोतवाली थाने में छात्रों ने शिकायत दर्ज करायी है। छात्रों ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। कोतवाली थाने पहुंचे छात्रों का कहना था कि कोचिंग बंद करने से पहले कहा गया था कि गार्जियन को लेकर आना। जब हम अपने माता-पिता के साथ वहां पहुंचे तब पता चला कि कोचिंग को बंद कर दिया गया है। एडमिशन के समय हरेक बच्चों से 4 लाख रुपया लिया गया था। बच्चों से करोड़ों रुपये लेने के बाद कोचिंग का मालिक फरार हो गया। फिटजी कोचिंग सेंटर कंकड़बाग ब्रांच में 4 शिक्षक दिखे वो भी काफी परेशान थे। उनकों भी 4 महीने से सैलरी नहीं दी गयी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने कोचिंग के कुछ कर्मचारियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। वही कोतवाली थाने के थानाध्यक्ष राजन कुमार का कहना है कि छात्रों की ओर से इस संबंध में आवेदन दिया गया है। जिसके बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है। फिटजी कोचिंग के कुछ कर्मियों को पूछताछ के लिए थाने पर लाया गया है। पूछताछ के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस मामले में कोचिंग के संचालक को तत्काल गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके बाद सारी स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

### कंकड़बाग स्थित ब्रांच में हंगामा

कंकड़बाग ब्रांच स्थित फिटजी कोचिंग के सैकड़ों स्टूडेंट्स और परिजनों ने हंगामा किया था। इसकी शिकायत कंकड़बाग थाने में भी किया गया है। उन्होंने कोचिंग संचालक के खिलाफ फीस के रुपये हड़पने के आरोप लगाए हैं। साथ ही एडवांस के रूप में जमा की गई फीस वापसी की मांग भी कर रहे है। इसके बाद कंकड़बाग थाने की पुलिस ने कंकड़बाग ब्रांच के शिक्षक को कंकड़बाग थाना लाया गया है।

### छात्रों से फीस के रूप में लिए गए थे चार लाख

राजधानी पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित फ्रेजर रोड में यह संस्था फिटजी खोला गया था और बच्चों से इंजीनियरिंग की तैयारी करने के नाम पर किसी से तीन लाख तो किसी से चार लाख रुपये लिए गए थे। सभी से फीस वसूली के दौरान यह आश्वासन दिया गया था कि अनुभवी शिक्षक पढ़ायेंगे। उनकी बेहतर तैयारी करायी जाएगी। लेकिन अचानक कोचिंग बंद करके संचालक फरार हो गए हैं। इस मामले की जांच के लिए सभी परिजन और छात्र पटना के कोतवाली थाना में शिकायत दर्ज करने के लिए पहुंचे हुए हैं। जहां पुलिस के द्वारा शिकायत दर्ज की जा रही है और मामले की जांच करने की बात कही जा रही है।

# सीएम ने खगड़िया में किया पशु आहार कारखाना का उद्घाटन

**केटी न्यूज/खगड़िया**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को खगड़िया जिले से प्रगति यात्रा के तीसरे चरण की शुरुआत की। सीएम ने खगड़िया जिले को 430 करोड़ रुपए की 224 विकासात्मक योजनाओं की सौगात दी। इनमें 89 योजनाओं का उद्घाटन एवं 135 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है।

प्रगति यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री ने खगड़िया जिला अंतर्गत गोगरी प्रखंड के महेशखूंट में पशु आहार कारखाना का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात सीएम ने पशु आहार कारखाना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने सीएम को जानकारी देते हुए बताया कि 43 करोड़ रुपये की लागत से इस पशु आहार कारखाना का निर्माण कराया गया है, जिसकी उत्पादन क्षमता प्रतिदिन 300 मीट्रिक टन है। इस पशु आहार कारखाना से आस-पास के 5 लाख से अधिक पशुपालक लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री ने पशु आहार कारखाना प्रांगण में खगड़िया जिले अंतर्गत विभिन्न विभागों से संबंधित विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने महेशखूंट पंचायत के वार्ड संख्या-12 का भ्रमण कर जल-जीवन-हरियाली योजना, हर घर नल जल योजना, मुख्यमंत्री स्ट्रीट लाइट योजना सहित विभिन्न विभागों द्वारा कराए गए विकासात्मक कार्यों एवं उपलब्ध कराई गई बुनियादी सुविधाओं की जानकारी ली। भ्रमण के क्रम में मुख्यमंत्री स्थानीय लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याओं से भी अवगत हुए। महेशखूंट पंचायत के वार्ड संख्या-12 में जीविका दीदियों एवं विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया।

# रोहतास में 45 करोड़ रुपए के अवैध लॉटरी टिकट के साथ पांच लोग गिरफ्तार

**कार्रवाई**

**केटी न्यूज/सासाराम**



सासाराम जिले में लॉटरी के अवैध कारोबार के खिलाफ पटना एसटीएफ और रोहतास पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। हालांकि, पुलिस की यह कार्रवाई बीते 14 जनवरी से ही चल रही है और इस कार्रवाई के दौरान लगभग 45 करोड़ के अवैध लॉटरी के साथ प्रिंटिंग प्रेस, लैपटॉप और मोबाइल सहित कुल चार करोड़ के उपकरण भी जब्त किए गए हैं। मामले में गुरुवार को आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान शाहाबाद प्रक्षेत्र के डीआईजी सत्य प्रकाश ने बताया कि चेनारी थानाध्यक्ष को थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर स्थित गजानन सिद्धी विनायक फूड्स प्राइवेट लिमिटेड के परिसर में अवैध रूप से लॉटरी टिकट कूपन छापने, रखरखाव, वितरण और विक्रय करने की जानकारी मिली थी। इसका सत्यापन कर रोहतास पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस अधिकारी सासाराम-1 के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित हुई और चेनारी थाना क्षेत्र के कई ठिकानों पर छापामारी किया गया। इसके क्रम में गजानन सिद्धि विनायक फूड्स प्राइवेट लिमिटेड के परिसर में संचालित अवैध लॉटरी कारखाने का भंडाफोड़ हुआ। उन्होंने बताया कि परिसर में 103 मजदूर लॉटरी छपाई का कार्य करते हुए पकड़े गए और अवैध लॉटरी छपाई में गिरफ्तार मैनेजर मनीष कुमार द्वारा अवैध लॉटरी छपाई के मुख्य सरगना डेहरी निवासी पवन झुनझुनवाला के नाम का खुलासा किया गया।

उन्होंने बताया कि पवन झुनझुनवाला लॉटरी सहित कई मामलों में पहले भी जेल जा चुका है। छापेमारी के दौरान राइस मिल परिसर से 420 कॉटन सील पैक, 722 कॉटन खुला पैक लॉटरी टिकट, सादा कागज ए 3 साइज 830 कार्टून, एक तरफ प्रिंट हुआ कागज 419 कार्टून, मोबाइल 22 पीस, छह कलर ऑफसेट मशीन, कलर प्रिंटर मशीन, कंप्यूटर मॉनिटर 20, यूपीएस 20, सीपीयू 18, फोटो कॉपियर 1, लैपटॉप 3, बिल प्रिंटर 2 और डीवीआर 1 सहित कई अन्य मशीन जब्त किए गए हैं, जिनका अनुमानित कीमत लगभग चार करोड़ आंका गया है। बता दें कि रोहतास जिले में पिछले कई वर्षों से अवैध लॉटरी का कारोबार जारी था। हालांकि, समय- समय पर पुलिस कार्रवाई भी कर रही थी। परंतु पिछले दो तीन वर्षों से जिले में अवैध लॉटरी बिक्री चरम सीमा पर थी। अब इसी को लेकर 14 जनवरी को पटना एसटीएफ के साथ रोहतास पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जिले के डेहरी सहित कई ठिकानों पर छापेमारी करके अवैध लॉटरी कारोबार से जुड़े पांच लोगों को हिरासत में लिया। गिरफ्तार लोगों के निशानदेही पर चेनारी थाना अंतर्गत खुरमाबाद में गजानन सिद्धि विनायक फूड प्राइवेट लिमिटेड परिसर में भी अवैध लॉटरी छपाई को लेकर छापेमारी की गई। जहां अवैध लॉटरी के कारोबार से जुड़े संसाधनों को देखकर पुलिस के होश उड़ गए। प्रेस वार्ता के दौरान रोहतास पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार, सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वन दिलीप कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारी और बल मौजूद रहे।

# एसएसपी ने दारोगा को थप्पड़ मारने वाले थानेदार को किया संस्पेड



**पटना।** एसएसपी ने किया सस्पेंडवर्दी पर ही वर्दी का रौब दिखाने वाले थानेदार पर एसएसपी ने कार्रवाई की है। पटना एसएसपी अवकाश कुमार ने थाना के अंदर दरोगा को थप्पड़ मारने वाले थानाध्यक्ष को निलंबित कर दिया है। पटना जिला के मोकामा टाल क्षेत्र अंतर्गत समयगढ़ थाना अध्यक्ष अनुज कुमार पाठक ने सब इंस्पेक्टर को थाने में ही थप्पड़ जड़ दिया था। पूछे जाने पर थानेदार ने सब इंस्पेक्टर पर शराब पीने का आरोप लगाया था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच बहस होने लगी। बात इतनी बढ़ गई कि थानेदार ने एसआई को थप्पड़ जड़ दिया। एसआई ने इस बात की शिकायत एसएसपी अवकाश कुमार से की। एसएसपी अवकाश कुमार ने इस मामले की जांच के आदेश दिए. लेकिन जांच के बाद भी एसआई के शराब पीने की पुष्टि नहीं हुई। तब पटना एसएसपी ने आरोपी थानेदार पर कार्रवाई करते हुए उसे सस्पेंड कर दिया। विदित हो कि इस घटना के बाद थाने में जमकर बवाल हुआ था। थानेदार लगातार अपनी मर्जी का कार्य कर रहे थे।




# बिहार के सभी न्यायालयों में कामकाज ठप, अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी

- 38 जिलों के सिविल कोर्ट और अनुमंडल कोर्ट के सभी कर्मचारी न्यायिक कार्य से अलग है

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार राज्य व्यवहार न्यायालय कर्मचारी संघ के आह्वान पर बुलाए गए अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल की 16 जनवरी से शुरूआत हुई। अपनी चार प्रमुख मांगों को लेकर संघ द्वारा यह हड़ताल की गई है। बिहार राज्य व्यवहार न्यायालय कर्मचारी संघ के आवाहन पर कर्मचारियों ने 16 जनवरी से अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल कर दिया है। कर्मचारी संघ की ओर से इसकी तैयारी पूरे जोर-शोर से की गई है। बिहार राज्य व्यवहार न्यायालय कर्मचारी संघ अध्यक्ष राजेश्वर तिवारी ने बताया कि चार सूत्रीय मांगों के समर्थन में सूबे के सभी 38 जिलों के सिविल कोर्ट और अनुमंडल कोर्ट के सभी कर्मचारी न्यायिक कार्य से अलग रहकर अपना कलमबंद अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे। राजेश्वर तिवारी ने कहा कि पहला तो वेतन विसंगति को जल्द से जल्द लागू करें। दूसरी मांग है कि सभी तृतीय और चतुर्थ वर्ग के कर्मचारियों की शीघ्र पदोन्नति किया जाए। तीसरी मांग है कि अनुकंपा पर बहाली शत-प्रतिशत हो। साथ ही साथ चौथी मांग है कि विशेष न्यायिक कैडर लागू करें। अगर हमारी चारों मांगे पूरी नहीं होती है तो ये हड़ताल लगातार जारी रहेगा। साथ ही साथ केस और आवेदन फाइल करने के लिए जो काउंटर बनाए गए हैं, वो आज से बंद रहेगा। हड़ताल को लेकर बिहार सिविल कोर्ट कर्मचारी संघ के पूर्णिया इकाई के सदस्य कोर्ट परिसर पर गोलबंद होकर प्रदर्शन पर डटे हैं। कोर्ट परिसर में संघ के पदाधिकारियों और कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन और नारेबाजी की। प्रदर्शन की अगुवाई कर रहे कर्मचारी संघ के पूर्णिया शाखा के अध्यक्ष महेश पासवान, कार्यकारी सचिव अभिषेक भारती और सदस्य सोनू कुमार ने बताया कि कर्मचारी संघ ने अपनी 4 सूत्री मांगों पर हड़ताल का आह्वान किया है।

## समस्तीपुर फैक्ट्री में बॉयलर फटने से जख्मी दोनों मजदूरों की मौत

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर के पूसा रोड स्थित एल्युमिनियम फैक्ट्री में बॉयलर विस्फोट में बुरी तरह जख्मी दो मजदूरों की मौत डीएमसीएच में इलाज के दौरान हो गई। दरभंगा के बेंता थाना की पुलिस ने दोनों मजदूरों के शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। एल्युमिनियम फैक्ट्री के बॉयलर के ब्लास्ट होने के बाद जख्मी दो मजदूरों को समस्तीपुर सदर अस्पताल से रेफर किए जाने पर उन्हें डीएमसीएच में भर्ती कराया गया था। मृतकों की पहचान दरभंगा के सदर थाना क्षेत्र के मथुरापुर, कबीरचक निवासी जगदीश साह के पुत्र ज्योति साह, जबकि दूसरा मृतक वैशाली जिले के किशनपुरा गांव निवासी इंद्रदेव राय के पुत्र जतिन ललित कुमार (40) के रूप में हुई।




## संविधान रक्षक सभा में पटना स्थित बापू सभागार में शामिल होंगे सामाजिक संगठन

# 18 को राहुल गांधी का पटना में होगा भव्य स्वागत, जुटें सभी कांग्रेसजन: डॉ स्नेहाशीष

**केटी न्यूज/पटना**



बिहार कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आगामी 18 जनवरी को होने वाले कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और देश के विपक्ष के नेता राहुल गांधी के पटना आगमन होगा। इस बाबत जानकारी देते हुए बिहार कांग्रेस के प्रवक्ता डॉ स्नेहाशीष वर्धन पाण्डेय ने बक्सर सहित शाहाबाद के सभी कांग्रेसजन को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में 18 जनवरी को दोपहर 12 बजे से जुटने का निमंत्रण दिया। प्रदेश प्रवक्ता डॉ स्नेहाशीष वर्धन पाण्डेय ने बताया कि कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी बिहार के अपने एकदिवसीय दौरे पर पटना आ रहे हैं जिसमें वें सामाजिक संगठनों द्वारा आयोजित संविधान रक्षक सभा में बापू सभागार में शामिल होंगे और उसके बाद दोपहर बारह बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह के प्रयास से सदाकत आश्रम के मुख्य सभागार का नवीनीकरण किया गया है जिसका नामकरण राजीव गांधी सभागार के रूप में हुआ है उसका उद्घाटन करेंगे।

इस कार्यक्रम के बाद वें प्रदेश कांग्रेस के कर्मचारियों के लिए नवनिर्मित अपार्टमेंट जिसका नामकरण इंदिरा भवन किया गया है उसका उद्घाटन कर कर्मचारियों को आवास का चाबी सौंपेंगे। इस कार्यक्रम के उपरांत वें सदाकत आश्रम मुख्य मैदान में आयोजित विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। राहुल गांधी की लोकसभा चुनावों के बाद यह पहली बिहार यात्रा है इसको लेकर प्रदेश प्रभारी मोहन प्रकाश और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह के नेतृत्व में भव्य स्वागत और अभिनंदन की तैयारी कांग्रेस कार्यकर्ता कर रहे हैं। इसमें बक्सर सहित शाहाबाद से हजारों की संख्या में कांग्रेसजन भाग लेंगे। इस कार्यकर्ता सम्मेलन से बिहार में आगामी विधान सभा चुनाव से पूर्व कार्यकताओं को राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी एकजुट होकर आगे की रणनीति पर काम करने के लिए वार्म अप भी करेंगे। इसके लिए आह्वान किया गया कि कार्यकर्ता बूथ स्तर पर कार्य करते हुए अधिक से अधिक लोगों को इस सभा में अपने साथ लेकर आए।

## चेतावनी : सभी पेट्रोल पंपों की होगी निगरानी, परिवहन सचिव ने जारी किए निर्देश

# पेट्रोल पंपों पर मूलभूत सुविधाओं की होगी जांच सुविधाएं नदारद पाए जाने पर रद्द होगा लाइसेंस

- कंपनियों को भी अपने स्तर से जांच कर सभी सुविधाएं सुनिश्चित करने का दिया गया निर्देश
- कमियों को दूर करने के लिए 15 दिनों का दिया गया है समय




**केटी न्यूज/बक्सर**

अब जिले के सभी पेट्रोल पंप के संचालकों पर नकेल कसा जाएगा। अब उनक की मनमानी व अनियमितता नहीं चल सकेगी। मामले पर राज्य परिवहन विभाग सख्त हो गया है। इसके लिए परिवहन सचिव संजय कुमार ने पेट्रोल पंप संचालकों को एक पखवाड़े में मानक के अनुसार पेट्रोल देने के साथ ही पेट्रोल पंपों पर जरूरी सुविधाएं व संसाधन देने का निर्देश दिया है और बताया है कि निर्धारित समय तक इसे पूरा नहीं करने वाले पेट्रोल पंप संचालकों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी, उनका लाइसेंस निलंबित करने पर भी विचार किया जाएगा।

परिवहन सचिव ने बताया है कि पेट्रोल पंप आवंटन के समय यह शर्त अनिवार्य होती है कि पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था होगी और पेयजल की व्यवस्था होगी, लेकिन कई स्थानों पर शिकायतें आ रही है कि या तो यह सुविधा उपलब्ध नहीं है या शौचालयों में ताला लगा होता है या फिर वह इतना गंदा होता है कि उपयोग लायक नहीं बचता है।

**पेट्रोल पंप पर महिला और पुरूष के लिए अलग-अलग शौचालय और यूरिनल होना अनिवार्य :** परिवहन सचिव द्वारा जो निर्देश जारी किया गया है, उसमें बताया गया है कि बताया कि पेट्रोल पंपों पर शौचालय और यूरिनल महिला और पुरूष के लिए अलग-अलग होना अनिवार्य है, लेकिन कई जगह से शिकायत मिल रही है कि पेट्रोल पंपो पर या तो यह सुविधा उपलब्ध नहीं है या ताला बंद रहता है या बहुत ही गंदी स्थिति में मेंटेन होते हैं। यह देखते हुए जांच का निर्देश दिया गया है।

### जिलाधिकारी ने जारी किया नोटिस

पेट्रोल पंपों पर शौचालय और अन्य आवश्यक सुविधाओं की स्थिति का निरीक्षण कर जांच करने के लिए परिवहन सचिव ने जिलाधिकारी को जांच का निर्देश दिया है। इसके तहत, पेट्रोल पंपों पर उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं की जांच की जाएगी, जैसे कि शौचालय, पानी की सुविधा, स्वच्छता और अन्य सुविधाएं जो ग्राहकों को दी जानी है। डीएम ने सभी पंप संचालकों को नोटिस जारी कर एक पखवाड़े में मानक के अनुरूप सुविधाएं व संसाधन को पूरा करने का निर्देश दिया। उसके बाद पंपों की जांच की जाएगी तथा कमी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**पांच बिंदुओं पर होगी जांच :** शौचालय, यूरिनल की सुविधा, स्वच्छता, पानी की सुविधा, आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता, पेट्रोल पंप की स्वच्छता और रख-रखाव, ग्राहकों की सुविधा के लिए उपलब्ध अन्य सुविधाएं। जांच के परिणामों के आधार पर, पेट्रोल पंपों को सुधार करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

**सभी जिलों में जांच के मिले हैं निर्देश :** राज्य के सभी जिलों में जिला पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे विशेष जांच टीमों का गठन करें। इन टीमों को यह सुनिश्चित करने का काम सौंपा गया है कि पेट्रोल पंपों पर पुरुष और महिलाओं के लिए अलग-अलग शौचालय और यूरिनल उपलब्ध हों इसकी जांच की जाय। इसके साथ ही, अन्य बुनियादी सुविधाएं जैसे पेयजल और स्वच्छता का भी निरीक्षण किया जाएगा।

**पेट्रोलियम कंपनियों को भेजी जा रही है नोटिस :** इंडियन ऑयल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम, भारत पेट्रोलियम और अन्य पेट्रोलियम कंपनियों को भी नोटिस जारी कर निर्देश दिया जाएगा कि वे अपने स्तर पर पेट्रोल पंपों की जांच करें और आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें।

**व्यवस्था में सुधार के लिए दिन गया है 15 दिनों का समय :** परिवहन सचिव ने पेट्रोल पंप संचालकों को इन कमियों को दूर करने के लिए 15 दिन का समय दिया है। अगर तय समय सीमा के भीतर सुविधाएं सही नहीं की जाती, तो दोषी पेट्रोल पंपों के लाइसेंस निलंबित किए जा सकते हैं, और उनके आवंटन रद्द करने की प्रक्रिया भी शुरू की जा सकती है।

राज्स परिवहन विभाग ने इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए यह विशेष अभियान चलाने का फैसला किया है। जांच के बाद जो भी पेट्रोल पंप दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**जांच के उद्देश्य हैं :** पेट्रोल पंपों पर उपलब्ध सुविधाओं की गुणवत्ता में सुधार करना, ग्राहकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना, पेट्रोल पंपों की स्वच्छता में सुधार करना इत्यादि।

## बेलहरी के डॉ. इमाम के असिस्टेंट प्रोफेसर बनने पर लोगों ने दी बधाई

**केटी न्यूज/डुमरांव**



अनुमंडल के चौगाईं अंचल के नचाप पंचायत के बेलहरी गांव निवासी डॉ. मजहर इमाम के पुत्र डॉ. महताब इमाम का चयन, बिहार विश्वविद्यालय सेवा आयोग द्वारा भूगोल विषय के असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर किया गया है।

असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर उनके चयन से गांव में खुशी एवं उत्साह का माहौल है। ग्रामीणों ने इसे गांव के लिए गौरव की बात बताई। वही, इसकी जानकारी मिलते ही डॉ. महताब को बधाईयों का तांता लग गया है। बधाई देने वालों में इमरोज इमाम, मुस्ताक अंसारी, खुर्शीद अंसारी, चुनमुन यादव, अनिल कुमार, महेश कुमार सहित कई अन्य लोग शामिल हैं। बता दें कि महताब इमाम, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय की अंगीभूत इकाई एसबी कॉलेज, आरा में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर योगदान किये है। चार भाइयों में बड़े भाई पुलिस इंस्पेक्टर, एक भाई रेलवे में और छोटा भाई तैयारी कर रहा है। महताब इमाम शुरू से ही कर्मठ एवं मेधावी छात्र रहे हैं, जिनकी प्रारंभिक शिक्षा उच्च विद्यालय सोवॉ से हुई। इसके बाद उच्चतर शिक्षा, एचडी जैन कॉलेज, आरा और पीएच. डी. की उपाधि वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय से प्राप्त की। शिक्षक के रूप में शैक्षणिक माहौल को ठीक करना एवं उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करना इनका लक्ष्य हैं।




## 70 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों का बनाया जाएगा आयुष्मान कार्ड

**केटी न्यूज/डुमरांव**

अगर आपकी उम्र 70 साल से अधिक हैं तो आप आयुष्मान कार्ड बनवा सकते है। इसके बाद आपको मुफ्त इलाज का लाभ मिलेगा। चाहें आप अमीर हैं या फिर गरीब है। दोनों परिस्थितियों में बुजुर्ग योजना के पात्र कहलायेंगे।

बीडीओ संदीप कुमार पांडेय ने बताया कि पंचायत के मुखिया सहित सभी जनप्रतिनिधियों, जीविका दीदी, आशा, विकास मित्रो के साथ जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड की सुविधा और इससे मिलने वाले लाभ की जानकारी देंगे। जनप्रतिनिधि ऐसे लाभुक पात्र को सीएससी केंद्र पर भेजकर उनका कार्ड बनवायेंगे। उन्होंने बताया कि 70 वर्ष के ऊपर के लोगों के लिए आयुष्मान कार्ड अच्छी योजना है। आयुष्मान कार्ड बुजुर्गों के लिए वरदान साबित होगा। स्वास्थ्य विभाग की टीम भी इसके लिए कैंप लगायेगी।

## चार फरवरी को होगा कुशलपुर पैक्स का चुनाव व मतगणना

**केटी न्यूज/डुमरांव**

- जारी हुई अधिसूचना, बीडीओ ने दी जानकारी




प्रखंड के कुशलपुर पैक्स का चुनाव 4 फरवरी को कराया जाएगा। राज्य निर्वाचन प्राधिकार ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। वही, मतगणना भी उसी दिन चुनाव के बाद संपन्न होगा। निर्वाचन प्राधिकार के निर्देश के बाद स्थानीय प्रशासन चुनाव की तैयारियों में जुट गया है।

इस संबंध में बीडीओ संदीप कुमार पांडेय ने बताया कि 17 जनवरी को इसका सूचना प्रकाशन करना है। वही, 22 एवं 23 जनवरी को सुबह 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक नामांकन फार्म भरे जाएंगे। निवार्ची पदाधिकारी ने बताया कि जो अभ्यर्थी पूर्व में नामांकन कर चुके है, उन्हें दुबारा नामांकन करने की जरूरत नहीं है, नये अभ्यर्थी नामांकन फार्म जमा करेंगे। उन्होंने बताया कि 24 एवं 25 जनवरी को नामांकन पत्रों की स्कूटनी की जाएगी जबकि 28 फरवरी को नाम वापसी के बाद प्रत्याशियों के बीच चुनाव चिन्ह का आवंटन किया जाएगा।

स्कूटनी व नाम वापसी के बाद यदि चुनावी मैदान में एक से अधिक अभ्यर्थी बचेंगे तो 4 फरवरी को मतदान कराया जाएगा। मतदान सुबह सात बजे से शाम साढ़े चार बजे तक होगा। इसके ठीक बाद उसी दिन मतगणना भी कराई जाएगी।

बता दें कि राज्य निर्वाचन प्राधिकार ने कुशलपुर पैक्स के चुनाव को स्थगित कर दिया था। वहीं, बीडीओ ने बताया कि चुनाव को शांतिपूर्ण व पारदर्शी तरीके से संपन्न कराया जाएगा। कुशलपुर पैक्स चुनाव में मतदाताओं को जागरूकरे करने के लिए बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। कुशलपुर पैक्स के निर्वाचन की अधिसूचना जारी होते ही पैक्स चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की सक्रियता बढ़ गई है।




## कर्मचारियों की हड़ताल से पूरे दिन ठप रहा न्यायिक कार्य, बैरंग लौटे मुवक्किल

**केटी न्यूज/बक्सर**



बक्सर न्यायमंडल के कर्मचारियों की हड़ताल की वजह से आज विभिन्न न्यायालयों में न्यायिक कार्य ठप हो गया। जिला अधिवक्ता संघ के महासचिव बिंदेश्वरी प्रसाद पांडेय ने बताया कि न्यायिक कर्मचारियों की हड़ताल से बक्सर और डुमरांव स्थित किसी भी न्यायालय में कोई कार्य संपादित नहीं हो सका है। उन्होंने कर्मचारियों की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि पटना उच्च न्यायालय को उनकी वाजिब मांगों पर शीघ्र विचार किया करना चाहिए। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों की हड़ताल से कोई भी कैदी जेल से उपस्थापित नहीं हो सका है और न जमानत आवेदनों पर सुनवाई हो सकी है।

आज सुबह से ही न्यायलीय कर्मचारियों ने न्यायालय परिसर में अपनी मांगों के समर्थन में धरना दिया और अपनी मांगों की पूर्ति तक हड़ताल पर डटे रहने का संकल्प लिया। बिहार राज्य व्यवहार न्यायालय कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष अखौरी राकेश कुमार सिन्हा ने कहा कि पूरे राज्य में न्यायालयों के कर्मचारी अपनी चार सूत्री मांगों के समर्थन में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। स्नातक वेतनमान व प्रोन्नति, शत प्रतिशत अनुकंपा नियुक्ति, चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों की कालबद्ध प्रोन्नति एवं राज्य कैडर की मांगों के लिए हड़ताल पर है। न्यायालयों में हड़ताल की वजह से नित्य तीन लाख न्याय शुल्क व 50 हजार रुपये की उत्पाद अधिनियम में जुर्माना राशि की उगाही नहीं हो सकी है और न ही कोई कैदी प्रस्तुत नहीं हो सका। जमानत आवेदनों पर सुनवाई न हो सकी और न किसी न्यायालय से कैदियों की रिहाई आदेश निर्गत हो सका है। धरनास्थल को संघ के अध्यक्ष बबन ओझा, महासचिव बिंदेश्वरी प्रसाद पांडेय ने भी संबोधित किया। साथ ही, उन्होंने आश्चर्य व्यक्त किया कि कर्मचारियों की जायज मांगो पर अबतक पटना उच्च न्यायालय ने कोई कार्रवाई क्यों की है।

## मीटर बाइपास कर बिजली चोरी करते दो धराये, केस दर्ज

**डुमरांव।** बिजली कंपनी के अधिकारियों ने अवैध रूप से बिजली जलाने के खिलाफ अभियान चलाया। इस अभियान के तहत डुमरांव व कोरानसराय थाना क्षेत्र के एक-एक उपभोक्ताओं को मीटर बाइपास कर अवैध रूप से बिजली जलाते पकड़ा। जिनके खिलाफ अलग-अलग आवेदन देकर विद्युत आपूर्ति प्रशाखा डुमरांव व चौंगाई के कनीय विद्युत अभियंताओं ने जुर्माना लगाते हुए दोनों के खिलाफ थाने में मामला दर्ज कराया गया है।

दर्ज प्राथमिकी के अनुसार डुमरांव जेई मनीष कुमार ठाकुर ने शहर के अक्षयवर लाल गली के एक उपभोक्ता पर 15356 रुपये जबकि चौंगाई जेई शैलेश कुमार ने थाना क्षेत्र के कोरान नहर के समीप निवासी उपभोक्ता पर 5915 रुपये का जुमार्ना लगाया है। बिजली अधिकारियों के इस कारवायी से अवैध रूप से बिजली जलाने वालों के बीच हड़कंप मच गया।




## किला मैदान में आयोजित हो रही है फैज मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता

# दानापुर मध्य पूर्व रेलवे को 28 रनों से हराकर फाइनल में पहुंचा मुजफ्फरपुर

- शुक्रवार को पटना व मुजफ्फरपुर के बीच होगा फाइनल मैच

**केटी न्यूज/बक्सर**



स्थानीय किला मैदान में खेले जा रहे हैं 19वीं फैज मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरा सेमीफाइनल मैच गुरूवार को मुजफ्फरपुर व दानापुर मध्य पूर्व रेलवे की टीमों के बीच खेला गया। जिसमें मुजफ्फरपुर की टीम 28 रन से जीत दर्ज कर फाईनल में प्रवेश किया।

मुजफ्फरपुर की टीम ने टॉस जीत पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 21 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 213 रनों का स्कोर खड़ा किया। जिसमें सर्वाधिक स्कोर हर्ष कुमार ने 57 रन, असफाक खान ने 41, मयंक ने 24, अतुल एवं सोनू ने 21-21, रंजीत ने 19, आकाश ने 16 रनों का योगदान दिया। दानापुर की तरफ से अभय, केशव, रवि एवं प्रभाकर ने दो-दो विकेट प्राप्त किया।

**पांच विकेट के नुकसान पर 188 रन ही बना सकी दानापुरः** इसके जवाब में दानापुर पूर्व मध्य रेलवे की टीम ने पांच विकेट के नुकसान पर 188 रन ही बना सकी। जिसमें बलजीत ने 48, रोहित ने 42, ऋषभ ने नाबाद 35, सुमन ने 16, केशव ने नबाद 15 तथा सूर्य प्रकाश ने 11 रनों के योगदान दिया। मुजफ्फरपुर की तरफ से आशीष ने तीन विकेट जबकि रंजीत एवं आदित्य ने एक-एक विकेट प्राप्त किया। इस प्रकार मुजफ्फरपुर की टीम 28 रनों से जीतकर फाइनल में स्थान पक्का कर लिया आज के अंपायर राजेश यादव एवं जितेंद्र राय थे जबकि कमेंटेटर जितेंद्र प्रसाद एवं विक्की जायसवाल एवं स्कोरर रोहित एवं अंकित साहनी थे ।

सेमीफाइनल मुकाबले का उद्घाटन वैष्णवी ग्रुप के चेयरमैन प्रदीप राय, डॉ. महेंद्र प्रसाद, डॉ. तनवीर फरीदी आदि ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इसके बाद सैफ अंसारी फैजान फरीदी पिंटू सिंघानिया द्वारा शानदार आतिशबाजी की गई। मौके पर उपस्थित सदर विधायक संजय कुमार तिवारी ने अपने उद्बोधन में आयोजन समिति को आश्वस्त किया की बहुत ही जल्द किला मैदान का कायाकल्प किया जाएगा। मैच के दौरान आयोजन समिति के सभी सदस्यों के अलावे इन्द्र प्रताप सिंह, संजय राय व अन्य लोग मौजूद रहे।



# गणतंत्र दिवस के निर्धारित रूट में जर्जर तारों की करें मरम्मत: डीएम

♦ डीएम व एसपी ने संयुक्त रूप से बैठक कर लिया गणतंत्र दिवस की तैयारियों की समीक्षा

**केटी न्यूज/बक्सर**



जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य ने गुरूवार को संयुक्त रूप से गणतंत्र दिवस के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की। यह बैठक समाहरणालय परिसर स्थित सभाकक्ष में की गई।

डीएम ने इस दौरान सभी मार्गों की साफ-सफाई के साथ चुना एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करने, मुख्य मार्गो, चौक-चौराहों, प्रतिमा स्थलों पर साफ सफाई, तिरंगा लाइटों, देशभक्ति गीत के प्रबंध, गणतंत्र दिवस कार्यक्रम का लाइव स्ट्रीमिंग, निर्धारित समय पर झंडोतोलन एवं झंडोत्तोलन के लिए कर्मी की प्रतिनियुक्ति, उत्कृष्ट कार्य करने वाले आम नागरिकों एवं कर्मियों का चयन का निर्देश दिए। वही, उन्होंने सभी निर्धारित रूट में लूज एवं लटके हुए तारों की मरम्मत करने का निर्देश बिजली कंपनी के कार्यपालक अभियंता को दिया है।

**राष्ट्रगान के लिए छात्र-छात्राओं की टीमों का चयन करने का दिया निर्देश :** जिला शिक्षा पदाधिकारी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रगान के लिए संबंधित विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की टीमों का चयन करने का निर्देश दिया। वहीं, डीईओ को विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के द्वारा प्रभात फेरी निकालने का निर्देश दिया गया। प्रभात फेरी में वर्ग 9 से ऊपर के बच्चों को सम्मिलित करने का निर्देश दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बक्सर सदर को निर्धारित मार्ग पर दंडाधिकारी पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया गया। सिविल सर्जन को एम्बुलेंस एवं चिकित्सा दल के प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया गया।

**महापुरूषों व स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमा पर माल्यार्पण की तैयारी :** गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिलें में स्थित महापुरूषों व स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमा पर माल्यार्पण की तैयारी के लिए नजारत उप समाहर्ता को निर्देश दिया गया। साथ ही सभी कार्यपालक पदाधिकारी बक्सर जिला को महापुरूषों की प्रतिमा के आस-पास पर्याप्त साफ-सफाई कराने का निर्देश दिया गया। वहीं, वरीय पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न महादलित टोलों में झंडोतोलन कार्यक्रम के लिए जिला कल्याण पदाधिकारी को रोस्टर बनाने का निर्देश दिया गया।

# चुनौतियों का सामना करके ही जीवन में आगे बढ़ सकते हैं : जिलाधिकारी




**केटी न्यूज/डुमरांव**

राज्य सरकार ने 2022 से स्टार्टअप पॉलीसी को लागू किया है। इस पॉलीसी के तहत छात्र और वैज्ञानिक अपना अविष्कार कर लोगों को लाभ पहुंचा रहे हैं। इसी तरह से वीर कुंवर सिंह कृषि कॉलेज के छात्र सिखा है, उसे धरातल पर उतार किसानों को लाभ पहुंचाने का काम कर रहे हैं। उक्त बाते वीर कुंवर सिंह कृषि महाविद्यालय में स्टार्टअप दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद डीएम अंशुल अग्रवाल ने कही। वहीं कार्यक्रम की शुरूआत डीएम, डुमरांव एसडीओ राकेश कुमार, कॉलेज के प्राचार्य डा. रियाज अहमद व जिला उद्योग केन्द्र पदाधिकारी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। जिला पदाधिकारी ने अपने संबोधन में बताया कि कुछ वर्ष पूर्व तक उद्यमशीलता बहुत बड़ी बात होती थी, परंतु वर्तमान समय में सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के माध्यम से उद्यमशीलता को नई दिशा प्राप्त हुई है।

बक्सर जिला के वीर कुंवर सिंह कृषि महाविद्यालय डुमरांव में भी उद्योग विभाग द्वारा बिहार सरकार के स्टार्टअप योजना अंतर्गत चयनित स्टार्टअप को 10 लाख रुपए तक की सीड फंड की राशि ब्याज मुक्त ऋण के रूप में देने का प्रावधान है। जिसे 10 वर्ष के उपरांत लौटना होना होता है। महिला उद्यमियों को 05 प्रतिशत अतिरिक्त एवं अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं दिव्यांग उद्यमियों को 15 प्रतिशत अतिरिक्त सीड फंड का लाभ दिया जाता है। साथ ही एंजल इन्वेस्टर एवं सेबी रजिस्टर्ड निवेशकों से राशि का अधिकतम 50 लाख तक का मैचिंग फंड दिया जाता है। इस अवसर पर कॉलेज के छात्र राहुल कुमार ने जूते की रखरखव पर अपना विचार व्यक्त किय और उसे बोर्ड पर दिखाया भी। उसी तरह से छात्र नीरज कुमार द्वारा बिहार में पहलीबार केशर की खेती बिहार में करने की शुरूआत की उसे सभी को बताया, जिससे डीएम सहित सभी अधिकारी खुश हुए। छात्रों को यह बताया गया कि पटना में दो स्थान यथा मौर्य लोक एवं वित्त निगम भवन में बी-हब बनाया गया है। जिसमें रियायती दर पर को वर्किंग स्पेस उपलब्ध कराया जाता है। राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस की शुभकामना देते हुए छात्रों से अपील किया गया कि वह आगे जाकर कृषि क्षेत्र में स्टार्टअप का गठन करके जिला एवं राज्य के प्रगति में भागीदार बने। उनके द्वारा मोबाइल के सकारात्मक उपयोग का भी सुझाव दिया गया। उनके समक्ष 10 छात्रों द्वारा अपने स्टार्टअप के संबंध में प्रस्तुति दी गई। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी।

## सामान की रखवाली के लिए झोपड़ी बना सो रहा था युवक, मौके पर मिला मोबाइल व चप्पल

# घर के बाहर सो रहे युवक का अपहरण प्राथमिकी दर्ज, जांच को पहुंचे एसपी

♦ एक दिन पूर्व मुख्य पथ के किनारे कटरा निर्माण के लिए कराया था भूमि पूजन

**केटी न्यूज/डुमरांव**

चक्की पांडेय डेरा से एक युवक का अपरहण कर लिया गया है। घटना बुधवार देर रात की है। परिजनों को इसकी जानकारी गुरूवार को सुबह हुई। अपहृत युवक पांडेय डेरा निवासी मदन पांडेय का पुत्र श्रवण पांडेय है। इस मामले में उसके छोटे भाई नितेश पांडेय ने अज्ञात अपहताओं के खिलाफ चक्की थाने में एफआईआर दर्ज कराया है। पुलिस एफआईआर दर्ज कर जांच में जुट गई है। वही, घटना की सूचना मिलते ही चक्की थानाध्यक्ष संजय कुमार पासवान के साथ ही एसपी शुभम आर्य, डुमरांव डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी व डीआईयू की टीम ने घटना स्थल का जायजा लिया है तथा परिजनों से पूछताछ कर मामले के उद्भेदन का प्रयास शुरू कर दिया है। घटना स्थल से ही अपहृत युवक का मोबाईल व चप्पल मिला है। घटना की जानकारी के बाद से परिजन परेशान है।

मिली जानकारी के अनुसार अपहृत युवक श्रवण का चक्की पांडेय डेरा स्कूल के पास मुख्य पथ के किनारे जमीन है, जिस पर कटरा निर्माण के लिए वह मंगलवार को भूमि पूजना करवाया था तथा वहां निर्माण कार्य के लिए बालू, गिट्टी व छड़ गिरवाया था। जिसकी रखवाली के लिए एक झोपड़ी का निर्माण करवाया था, जिसमें गेट की जगह पर्दा लगा था। वह, रात में उसी जगह पर सो रहा था, ताकी सामानों की रखवाली कर सके, लेकिन रात में किसी ने उसका अपहरण कर लिया। अपहरण इतने त्वरित अंदाज में किया गया है कि आस पास के झोपड़ी तथा घरों में रहने वालों को इसका भनक तक नहीं लग पाया है।

सुबह में जब वह घर नहीं पहुंचा तथा फोन रिसिव नहीं कर रहा था तो परिजन उसे खोजते हुए वहां पहुंचे तो देखा कि उसका मोबाईल व चप्पल वही पड़ा था, जबकि उसका कुछ पता नहीं था। जिसके बाद परिजनों को शंका हुई। परिजनों ने आस पास सहित पूरे गांव में खोजबीन की और जब उसका सुराग नहीं मिला तो इसकी जानकारी पुलिस को दी।

युवक के अपहरण की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची तथा जांच पड़ताल में जुट गई। वहीं थानाध्यक्ष ने इसकी सूचना वरीय पदाधिकारियों को भी दी। जानकारी होते ही बक्सर एसपी शुभम आर्य, डुमरांव डीएसपी तथा डीआईयू टीम भी मौके पर पहुंच तफ्तीश शुरू कर दी है।



### अनहोनी की आशंका से सहमे है परिजन

घटना के बाद से युवक के परिजन किसी अनहोनी की आशंका से सहम उठे है। सबसे खराब स्थिति उसकी मां शोभा देवी का हो गया है। जानकारी के अनुसार उसके पिता मदन दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करते है, जबकि श्रवण भी गाड़ी चलाता था। वह कुछ दिन पहले ही अपनी पैतृक जमीन पर कटरा बनवाने के लिए गांव आया था। घर में उसके अलावे, मां, छोटा भाई नितेश पांडेय व एक शादीशुदा बहन है। वही, पुत्र के अपहरण की सूचना मिलते ही पिता दिल्ली से गांव के लिए चल पड़े है। घटना के बाद से गांव में कई तरह की चचाएँ हो रही है।



### कई बिंदुओं पर जांच कर रही है पुलिस

पुलिस ने इस घटना को चुनौती के रूप में लिया है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि अपहरण की गुत्थी सुलझाने के लिए कई बिंदुओं पर जांच की जा रही है। इसके लिए वैज्ञानिक पद्धति के साथ ही मुखबीरों का सहारा भी लिया जा रहा है। हालांकि, समाचार लिखे जाने तक अपहृत युवक के संबंध में पुलिस को कुछ सुराग हाथ नहीं लग सका है। परिजन भी किसी पर शक नहीं जता रहे है। हालांकि, जानकारों का कहना है कि मामला जमीन विवाद से जुड़ा हो सकता है। इसके अलावे अन्य बिंदुओं पर भी पुलिस का जांच जारी है।

### मामले की पड़ताल शुरू कर दी गई

"चक्की पांडेय डेरा में एक युवक के अपहरण की सूचना मिली। जानकारी होते ही मौके पर पहुंच मामले की पड़ताल शुरू कर दी गई है। इस मामले में चक्की थाने में एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। जल्दी ही इस मामले का उद्भेदन कर लिया जाएगा।



- शुभम आर्य, पुलिस अधीक्षक, बक्सर

## 31 पीस एट पीएम शराब के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

**डुमरांव।** कोरानसराय पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार को मठिला गांव में छापेमारी कर 31 पीस ऐट पीएम शराब के साथ एक महिला तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। जबकि आरोपी महिला का पति पुलिस को चकमा दे फरार हो गया। इस मामले में पुलिस की टीम ने धंधेबाज आरोपी बबिता देवी को गिरफ्तार कर कड़ी पूछताछ की है। जबकि उसका पति झुना यादव की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस छापेमारी कर रही है।

थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि मठिला गांव में आरोपियों के ठिकाने पर शराब का अवैध कारोबार हो रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम ने चिन्हित जगह पर छापेमारी की और ठिकाने से ऐट पीएम टेट्रा पैक अंग्रेजी शराब बरामद किया। पकड़े गये आरोपी से कड़ी पूछताछ के बाद मद्य निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया।




# जल्द बनाए जाएंगे 17 यात्री शेड, स्थल चयनित

**केटी न्यूज/डुमरांव**



डुमरांव शहर की आबादी बढ़ती गई, लेकिन सुविधाओं के लिए आज भी लोग तरस रहे हैं। यात्री सुविधाओं के नाम पर यहां कुछ भी नहीं है, जहां जाड़ा, गर्मी और बरसात से बचने के लिये लोग आश्रय ले सकें। चेयरमैन सुनीता गुप्ता की बोर्ड ने इस पर ध्यान देते हुए यात्री शेड बनाने की तैयारी कर चुका है। इस संबंध में चेयरमैन और उप चेयरमैन विकास ठाकुर ने बताया की नगर और विस्तारित क्षेत्र में यात्री शेड बनाने के लिये 17 स्थानों को चयनित किया गया है। शेड बनाने के लिये सारे समान की खरीदारी कर उसे सांचा बना लिया गया है।

मालूम हो कि यात्री शेड की मांग वर्षों से की जा रही थी, लेकिन किसी बोर्ड ने इस पर पहल नहीं किया था। लिहाजा स्थानीय लोगों से लेकर बाहर जाने और आने वाले यात्रियों को धूप और बारिश से बचने के लिये दुकानों का सहारा लेना पड़ता था। दुकान में छिपने के लिये जाने के बाद दुकानदारों का अपशब्द भी सुनना पड़ जाता है। इतना ही नहीं ट्रेन से उतरने के बाद बस, टेम्पों, रिक्शा पकड़ने के लिये स्टैंड पर आने के बाद घंटो लोग धूप में खड़े होकर इंतजार करते हैं। जब बारिश होने लगती है तब उनकी परेशानी और बढ़ जाती है। कभी-कभी ऐसा होता है कि परिवार के लोग भींगते हुए वाहन का इंतजार करना पड़ जाता है। नगर परिषद ने इन परेशानियों से बचाने के लिये सत्रह स्थानों को शेड बनाने के लिये चयनित किया है। चेयरमैन और उप चेयरमैन का कहना है कि नगरवासी यदि स्थल का चयन कर अपना सुझाव देना चाहें तो दे सकते हैं, उस पर विचार किया जाएगा।

## यूरिया खाद की किल्लत से किसान परेशान रबी फसल के उत्पादन पर पड़ सकता है असर

**केसठ।** प्रखंड में इस बार धान की फसल अच्छी हुई।लेकिन समय पर खाद नहीं मिलने से किसान रबी की बुवाई खाद की कमी के कारण जैसे तैसे तो कर लिया। लेकिन रबी की फसल सिंचाई के बाद खाद को लेकर किसान चिंतित हैं। मेहनत पर पूरी तरह पानी फिरता दिख रहा हैं। प्रखंड में यूरिया खाद की किल्लत से एक बार फिर किसानों की परेशानियां बढ़ गई है। समय से उन्हें खाद नहीं मिलने के कारण रबी की खेती पर उत्पादन कमजोर होने का डर सता रहा है। खाद दुकानदारों के यहां यूरिया खाद नहीं मिलने से किसानों को परेशानी हो रही है।

वहीं, किसान खाद को लेकर इफको बाजार नावानगर समेत अन्य दुकानों पर भटक रहे हैं। परंतु खाद नहीं मिलने के कारण किसान मायुस होकर वापस घर लौट जाते हैं। किसानों का कहना है कि किसानों की समस्याओं को दुर करने और इसकी बातों को सुनने वाला कोई नहीं है। उन्होंने अधिकारियों पर मनमानी करने का आरोप लगाया है।उन्होंने कहा कि किसानों को जल्द खाद उपलब्ध नहीं कराया गया, तो प्रखंड मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद जिला कृषि पदाधिकारी का पुतला दहन भी किया जाएगा। खाद नहीं मिलने से किसानों के चेहरे पर मायूसी छा गई है। किसानों ने जिलाधिकारी से जल्द खाद उपलब्ध कराने को लेकर मांग किया है।




## शहीद गेट के पास स्थित प्राचीन कुएं के जीर्णोद्धार व यात्री शेड निर्माण का हुआ उद्घाटन

# कौमी एकता का प्रतीक है शहीद गेट का कुआं: ईओ

♦ ईओ की अध्यक्षता में किया गया उद्घाटन

**केटी न्यूज/डुमरांव**



डुमरांव के शहीद गेट के पास स्थित प्राचीन कुआं सिर्फ कुआं नहीं बल्कि कौमी एकता का प्रतीक भी है। यहां आने के बाद जब इस कुआं के बारे में जानकारी मिली तो नगर परिषद द्वारा इसका जीर्णोद्धार करवाया गया तथा यहां पर एक यात्री शेड का निर्माण कराया गया। ताकी, शहर के बाहर से आने वाले राहगीरों को इसका लाभ मिल सकें। उक्त बातें नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी मनीष कुमार ने गुरूवार को वार्ड संख्या 23 स्थित शहीद गेट के कुआं के जीर्णोद्धार व यात्री शेड के उद्घाटन के मौके पर कही।

ईओ ने कहा कि नगर परिषद का प्रयास है कि डुमरांव को विकसित शहर बनाने के साथ ही यहां के प्राचीन धरोहरों को सुरक्षित रखा जाए। यह कुआं भी इसी श्रेणी में शामिल है। ईओ ने कहा कि बहुत जल्द डुमरांव नगर परिषद की गिनती राज्य के विकसित नगर परिषदों में होगी, इसका सामूहिक प्रयास किया जा रहा है।

वहीं, नगर परिषद के चेयरमैन प्रतिनिधि सुमित गुप्ता ने कहा कि वे इस कुआं को बचपन से देखते आए है। यह कुआं शहरवासियों के साथ ही बाहर से आने वाले लोगों के लिए भी काभी लाभदायक था। वर्षों पूर्व इसके उपर लगा चापानल आस पास के दुकानदारों तथा राहगीरों के लिए वरदान साबित होता था। वही कुआं डुमरांव के कौमी एकता का प्रतीक भी है। यही कारण है कि इसका जीर्णोद्धार करवा यहां यात्री शेड बनवाया गया।

इस मौके पर उपसभापति विकास ठाकुर, वार्ड संख्या 22 के पार्षद अमर कुमार, वार्ड संख्या 23 के पार्षद धीरेन्द्र निराला, वार्ड संख्या 24 के पार्षद प्रतिनिधि सह सशक्त स्थायी समिति के सदस्य पिंकु मलिक, वार्ड संख्या 29 के पार्षद सह सशक्त स्थायी समिति के सदस्य विजय कुमार, वार्ड संख्या 32 के पार्षद प्रतिनिधि कल्याण तिवारी, वार्ड संख्या 16 के पार्षद अनिल राय, वार्ड संख्या 33 के पार्षद प्रतिनिधि रवि ठाकुर, शहीद गेट कमिटी के संतोष जायसवाल, काजू जायसवाल, पवन जायसवाल, बबलू गुप्ता, नारायण गुप्ता, पप्पू वर्मा, राजू समेत कई अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### विधायक ने किया पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास

**रामगढ़, एजेंसी।** सुकरीगढ़ा में बुधवार को डीएमएफटी फंड से लगभग 45 लाख की लागत से सुकरीगढ़ा से कुसमाही टुंगरी तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रामगढ़ विधायक ममता देवी व विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल द्वारा संयुक्त रूप से शिलापट का अनावरण कर किया। मौके पर ममता देवी ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में विकास को लेकर पूरी तरह से कृतसंकल्पित हूं। इसी को लेकर आज यहां पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया है। सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल ने कहा कि गांव में बहुत दिनों से पक्की सड़क नहीं थी। जिसको देखते हुए गांव में पक्की सड़क बनने जा रहा है। जिससे ग्रामीणों को बरसात के दिन में भी कीचड़ से निजात मिलेगी। इस दौरान अतिथियों ने संवेदक को गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया। मौके पर एहसान उल्लाह, लक्ष्मण महतो, गणेश स्वर्णकार, सुधीर मंगलेश, निरंजन सोनी, बिनय मुन्ना, रंजन कुमार, अक्षय वर्मा, दीपक कुमार, उमेश सिंह, अयोध्या प्रसाद वर्मा, बिनोद वर्मा, दिलीप प्रसाद, मनोज प्रसाद, शंकर प्रसाद, दिनेश प्रसाद, संजय प्रसाद सहित कई मौजूद थे।

### सर्वधर्म सामूहिक विवाह समारोह में 90 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में बुधवार को आयोजित सर्वधर्म सामूहिक विवाह समारोह में 90 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। यह समारोह दहेज मुक्त विवाह का प्रतीक रहा, जिसमें 79 हिंदू, 1 मुस्लिम व 10 ईसाई जोड़ों का उनके रीति-रिवाज के अनुसार विवाह कराया गया। धनबाद के विधायक राज सिन्हा, पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल, इंदु देवी, अखिल भारतीय किन्नर समाज की अध्यक्ष छमछम देवी समेत जिले के हजारों लोग वर-वधू को आशीर्वाद देने पहुंचे थे। सर्वधर्म सामूहिक विवाह समिति का यह 11वां साल था। अब तक समिति ने 1000 से अधिक जोड़ों का दहेज रहित विवाह संपन्न कराया है। इस आयोजन में महिला विंग की भी अहम भूमिका रही। विवाह के बाद सभी जोड़ों को गृहस्थी की जरूरी सामग्री भेंट की गई। इससे पूर्व एक साथ कई टोटो से बारात नकली। बाराती और सराती नाचते-गाते शहर में घूमे। सर्वधर्म सामूहिक विवाह समिति के अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कहा कि वर्ष 2014 में इस नेक कार्य की शुरुआत हुई थी। समिति अब तक एक हजार से अधिक जोड़ों का तिलक रहित विवाह करा चुकी है। इस आयोजन में कई संस्थाएं सहयोग करती हैं। भव्य मंच पर सभी जोड़ों ने एक साथ एक-दूसरे के गले में जयमाल डालकर रस्म पूरी की। समिति के द्वारा वर वधु के परिजनों के लिए भोजन की भी व्यवस्था की गई थी, जिसमें करीब दस हजार लोगों ने भोजन किया।

### पीएलएफआई का एरिया कमांडर लोहरदगा से गिरफ्तार, भाभी बोली-सरेंडर करने वाला था कृष्णा यादव

**रांची, एजेंसी।** रांची पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। रांची और लोहरदगा जिले के क्रशर मालिकों से लेवी वसूलने वाला पीएलएफआई (पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया) के एरिया कमांडर कृष्णा यादव पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। उस पर 2 लाख रुपए का इनाम था। इस इनामी पीएलएफआई उग्रवादी को रांची पुलिस की टीम ने लोहरदगा जिले के कुडू स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया। कृष्णा यादव को उस वक्त गिरफ्तार किया गया, जब वह अपने घर पर मां और बच्चों से मिलने आया था। कृष्णा को सुल्तान उर्फ तूफान के नाम से भी जाना जाता है। कृष्णा यादव की भाभी ने दावा किया है कि उसका देवर बुधवार को लोहरदगा कोर्ट में सरेंडर करने वाला था। सरेंडर करने के लिए ही उसे बुलाया गया था, लेकिन मंगलवार की रात को पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। इधर, पुलिस ने कृष्णा यादव की गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं की है। कृष्णा यादव के अपने घर कुडू आने की सूचना रांची पुलिस की तकनीकी शाखा की टीम को मिल गई थी। टीम ने कृष्णा यादव और उसकी पत्नी के मोबाइल को ट्रेस करते हुए इसका पता लगाया। फिर मंगलवार की देर रात रांची पुलिस की टीम उसके घर पहुंची। इस टीम में खलारी डीएसपी भी शामिल थे। उन्हीं के नेतृत्व में कुडू में कृष्णा यादव के घर छापेमारी की गई। छापेमारी में कृष्णा यादव पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने उसे वहीं गिरफ्तार कर लिया। कृष्णा यादव की भाभी पूजा देवी ने कहा है कि कृष्णा यादव बुधवार को लोहरदगा न्यायालय में हथियार के साथ आत्मसमर्पण करने वाला था।

# बीजेपी सदस्यता अभियान में मिस कॉल बनी मुसीबत, नंबरों की जांच के लिए लगाए गए 20 कंप्यूटर



**रांची, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी इन दिनों राज्य में सदस्यता अभियान चलाने में जुटी है। इसके तहत 31 जनवरी तक 60 लाख प्राथमिक सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस अभियान के पहले चरण में प्राथमिक सदस्य बनाने की निर्धारित 14 जनवरी की तारीख को बढ़ाते हुए 15 जनवरी से सक्रिय सदस्य के साथ-साथ प्राथमिक सदस्य बनने की तारीख 31 जनवरी तक के लिए बढ़ा दी गई है।

बीजेपी नेताओं का बयान (ईटीवी भारत)

सक्रिय सदस्य बनाने को लेकर बुधवार को बीजेपी प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, विधायक नवीन जायसवाल, सदस्यता अभियान प्रभारी राकेश प्रसाद सहित कई नेताओं के द्वारा सदस्यता फार्म जारी किया गया। ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड में सक्रिय सदस्य बनाने की घोषणा की गई। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने अधिक से अधिक सदस्य बनाने की बात कहते हुए कहा कि चुनाव के वजह से झारखंड सहित तीन राज्यों में सदस्यता अभियान देर से शुरू हुई है। बीजेपी सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक राकेश प्रसाद के अनुसार प्रत्येक बूथ पर दो-दो सक्रिय सदस्य बनाने का लक्ष्य पार्टी ने तय किया है। सक्रिय सदस्य वही बनेंगे जो कम से कम 50 प्राथमिक सदस्य बनायेंगे। उन्होंने कहा कि सक्रिय सदस्य बनने को लेकर कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है और पार्टी नेताओं के द्वारा राज्यभर में दौरा किया जा रहा है।

**मिस कॉल बन रही मुसीबत :** वधानसभा चुनाव के कारण देर से शुरू हुई झारखंड बीजेपी की सदस्यता अभियान मंथर गति से जारी है। 22 दिसंबर से शुरू हुआ मेंबरशिप ड्राइव में 14 जनवरी तक करीब 41 लाख सदस्य बनने के लिए लोगों ने मिस कॉल के जरिए इच्छा जाहिर की है। लोगों के द्वारा किए गए मिस कॉल में करीब सात लाख ऐसे हैं जो या तो दूसरे राज्यों से लोगों ने सदस्य बनने के लिए मिस कॉल कर दिया या बगैर ऑनलाइन आवेदन पूरा किए सदस्य बनने से दूर रहे। ऐसे सभी मिस कॉल आधारित सदस्यता पाने की चाहत रख रहे लोगों के फोन नंबर पर बीजेपी दफ्तर में बने विशेष टीम के सदस्यों द्वारा संपर्क किया जा रहा है।

राकेश प्रसाद के अनुसार सदस्यता अभियान के लिए 20 कम्प्यूटर लगाए गए हैं जो मिस कॉल या ऑनलाइन दाखिल सदस्यता आवेदन की जांच कर रही है। उन्होंने दावा किया कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप पार्टी सदस्य बनाने में जरूर सफल होगी।

**इस तरह सदस्य बनने की है प्रक्रिया :** पहले मिस कॉल के जरिए बीजेपी के सदस्य बनने की प्रक्रिया थी, लेकिन इस बार मिस कॉल से ही काम नहीं चलेगा बल्कि मिस कॉल के बाद आने वाले ओटीपी के जरिए संबंधित मोबाइल धारकों को उनके मोबाइल पर लिंक बीजेपी सर्वर द्वारा भेजा जाएगा, जिसे ओपन करने के बाद ऑनलाइन फॉर्म भरकर सबमिट करना होगा। अगर यह प्रक्रिया नहीं अपनाई जाती है तो सदस्य आप नहीं बन पाएंगे। पार्टी ने सदस्य बनने के लिए मोबाइल नंबर 8800002024 जारी किया है जिस पर मिस कॉल किया जाता है। इसके अलावा नमो ऐप के जरिए जिन्हें सदस्य बनाना है। उन्हें लिंक भेजने की व्यवस्था की गई है उस लिंक को ओपन करने के पश्चात ऑनलाइन आवेदन भरकर भी सदस्य बन सकते हैं।

## अबुआ आवास निर्माण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर लगेगा जुर्माना: डीसी

**बोकारो , एजेंसी।** बोकारो की डीसी विजया जाधव ने बुधवार को समाहरणालय में जिला समन्वय समिति की बैठक की। बैठक में उन्होंने विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में बताया गया कि जिले में 152 आंगनबाड़ी केंद्रों में से 118 के भवन का निर्माण पूर्ण हो चुका, जबकि 34 का निर्माण जारी है। डीसी ने 31 जनवरी तक बाकी बचे आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण पूरा करने का निर्देश दिया।

डीसी ने मनरेगा के तहत निर्माणाधीन अबुआ आवास में स्वीकृति के विरुद्ध मास्टर रोल जनरेट की संख्या कम होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित प्रखंडों के बीडीओ को आवास स्वीकृति के अनुरूप मास्टर रोल जेनरेट कर मानव दिवस सृजित करने को कहा। आवास के लाभुकों का राइट टू वर्क का अधिकार पूरा नहीं होने पर संबंधित पंचायत सचिव, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी व बीडीओ पर जुर्माना लगाने का निर्देश दिया।

वहीं, समाज कल्याण के तहत संचालित योजनाओं की समीक्षा क्रम में सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में लक्ष्य अनुरूप प्रदर्शन को लेकर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ. सुमन गुप्ता से जानकारी ली। उन्होंने डीईओ जगरनाथ लोहरा को 6371 आवेदनों के अंतर का मामला बैठक कर हल करने को कहा। विद्यालयों व आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को विभाग द्वारा निर्धारित मेन्यू के अनुसार करने का निर्देश दिया। इससे पूर्व डीडीसी गिरजा शंकर प्रसाद व डीआरडीए निदेशक मेनका ने आवास से संबंधित योजानाओं की क्रमवार जानकारी दी।

## जेपीएससी में गड़बड़ी का मामला, 5 फरवरी को होगी अगली सुनवाई, सीबीआई को हाई कोर्ट ने दिया नया निर्देश



**रांची, एजेंसी।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस आर मुखोपाध्याय व जस्टिस एके राय की खंडपीठ में जेपीएससी प्रथम व द्वितीय परीक्षा में गड़बड़ी की सीबीआइ जांच जल्द पूरा करने की मांग लेकर दाखिल जनहित याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई।

सुनवाई के दौरान सीबीआइ की ओर से चार्जशीट कोर्ट में प्रस्तुत करने के लिए समय की मांग की गई। अदालत ने सीबीआइ के आग्रह को स्वीकार कर लिया और मामले में अगली सुनवाई पांच फरवरी निर्धारित की है।

इससे पहले सीबीआइ की ओर से बताया गया कि इस मामले में जांच पूरी करते हुए 35 लोगों के खिलाफ निचली अदालत में चार्जशीट दाखिल कर दी गई है।

इसपर अदालत ने उक्त चार्जशीट को शपथ पत्र के माध्यम से कोर्ट में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल और प्रिंस कुमार सिंह ने पक्ष रखा।

इस संबंध में बुद्धदेव उरांव की ओर से हाई कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गई है। याचिका में कहा गया है कि जेपीएससी प्रथम व द्वितीय परीक्षा में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गई है।इसकी सीबीआइ जांच हो रही है, लेकिन अभी तक जांच पूरी नहीं हो पाई है। जेपीएससी के अधिकारियों की मिलीभगत से अयोग्य अभ्यर्थियों को चयनित किया गया।

उधर, झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस आनंद सेन की कोर्ट में अधिक अंक होने के बाद भी जेपीएससी की पीटी परीक्षा में चयनित नहीं होने के खिलाफ दाखिल याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई।

सुनवाई के दौरान जेपीएससी के जवाब पर सहमति जताते हुए अदालत ने प्रार्थी को राहत देने से इन्कार कर दिया। अदालत ने कहा कि ओएमआर शीट सही से भरना जरूरी है। ऐसे में जेपीएससी द्वारा प्रार्थी के उम्मीदवारी को रद करने का निर्णय सही है। इसके बाद कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी।

इस संबंध में प्रार्थी कृष्णानंद पांडे सहित अन्य की ओर से हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। मामले की सुनवाई के दौरान जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता प्रिंस कुमार सिंह ने अदालत को बताया कि प्रार्थी ने ओएमआर शीट सही तरीके से नहीं भरा था।

रोल नंबर सहित कुछ अनिवार्य कॉलम को भी सही से नहीं भरा गया था, इसलिए उनका पीटी परीक्षा में चयन नहीं हुआ है। उनकी ओर से हाई कोर्ट के पूर्व के आदेश को हवाला दिया गया।पूर्व में हाई कोर्ट ने कहा था कि परीक्षा के दौरान ओएमआर शीट सही तरीके भरना अनिवार्य है। ऐसा नहीं करने पर किसी को राहत नहीं दी जा सकती है।प्रार्थी की ओर से बताया गया कि जेपीएससी द्वारा पीटी परीक्षा का रिजल्ट और आंसर शीट जारी किया गया है। उसमें निर्धारित अंक से उनका प्राप्तांक अधिक है। लेकिन उनका चयन पीटी परीक्षा में नहीं किया गया है, जो गलत है।

## झारखंड के 4 जिलों में बनेंगे जू सफारी, खर्च होंगे 800 करोड़, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिया था निर्देश



**रांची, एजेंसी।** वन्यजीव अभयारण्य में जंगल सफारी (जू सफारी) के शौकीनों को झारखंड सरकार बड़ी सौगात देने जा रही है। पर्यटकों को अब राज्य के कई वन्यजीव अभयारण्यों में जू सफारी का आनंद मिलेगा। पर्यटन विभाग ने ईको टूरिज्म को ध्यान में रखते हुए चार स्थानों पर जू सफारी बनाने का प्रस्ताव तैयार किया है। वे स्थान हैं- पलामू टाइगर रिजर्व, दलमा, हजारीबाग और पारसनाथ वन्यजीव अभयारण्य।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर प्रस्ताव तैयार किया गया है। चारों स्थानों पर प्रस्तावित जू सफारी का संचालन पर्यटन एवं वन विभाग मिलकर करेगा। हर अभयारण्य में जू सफारी पर 200 करोड़ रुपए खर्च का अनुमान है। इस हिसाब से 800 करोड़ रुपए खर्च होंगे। वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में पर्यटन विभाग इस राशि का प्रावधान करेगा।

**अभयारण्य में बाघ, हाथी सहित जीव-जंतुओं की भरमार :** पलामू में झारखंड का इकलौता टाइगर रिजर्व है। यहां पर्यटक विशेष तौर पर बाघ देखने आते हैं। दलमा वन्यजीव अभयारण्य हाथियों को लेकर प्रसिद्ध है। हजारीबाग वन्यजीव अभयारण्य में सांभर, चीतल, नीलगाय, भालू और लकड़बग्घा हैं। पारसनाथ वन्यजीव अभयारण्य में तेंदुआ, सांभर, भौंकने वाले हिरण, लकड़बग्घा, जंगली सूअर, नेवला, जंगली बिल्ली, साही जैसे जानवर पाए जाते हैं।

**सफारी में खुले में घूमते हुए वन्यजीव को पर्यटक कार या बस से देख पाएंगे :** ईको टूरिज्म पर्यावरण अनुकूल पर्यटन है। इसमें पर्यावरण व स्थानीयों को फायदा मिलेगा।

जंगल भ्रमण के दौरान सैलानी वन क्षेत्र में स्थित कैंटीन का लाभ उठा सकेंगे। बांस की झोपड़ियों (बंबू हाट) और कैफेटेरिया में पर्यटकों को आराम और भोजन की सुविधाएं मिलेंगी।

**पर्यटन मंत्री ने राजगीर में जंगल सफारी का किया था निरीक्षण :** बीते 30 दिसंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पर्यटन विभाग को ईको टूरिज्म के विकास के लिए एक बेहतर कार्ययोजना बनाने का निर्देश दिया था। वन-पर्यावरण एवं पर्यटन विभाग को समन्वय के साथ झारखंड के उन स्थानों को चिन्हित करने कहा था, जहां ईको टूरिज्म की संभावनाएं हैं। इसके बाद ही दोनों विभाग ने यह पहल की। चार जनवरी को पर्यटन मंत्री बिहार के राजगीर पहुंच वहां जू सफारी सहित नेचर सफारी को लेकर स्थानीय अधिकारियों से विचार-विमर्श किया।



## कर्नाटक में मिलीं रांची से गायब दोनों लड़कियां

**रांची, एजेंसी।** राजधानी रांची के हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र से गायब दोनों लड़कियों को पुलिस ने कर्नाटक से बरामद कर लिया है। एक वरीय अधिकारी ने बुधवार को इसकी पुष्टि की है। दोनों लड़कियां सुरक्षित हैं और उन्हें पुलिस की टीम रांची लेकर लौट रही है। हिंदपीढ़ी की रहने वाली दोनों लड़कियां 11 जनवरी की शाम से गायब थी। परिजनों ने अपहरण की आशंका जताते हुए थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। अज्ञात ऑटो चालकों पर मामला दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए आईजी ने एक स्पेशल टीम का गठन कर दोनों गायब लड़कियों को जल्द से जल्द ढूंढ लाने का टास्क दिया था। तकनीकी शाखा के सहयोग से रांची पुलिस को यह सूचना मिली कि दोनों लड़कियां कर्नाटक में हैं। इसके बाद पुलिस की एक टीम ने कर्नाटक पुलिस की सहायता से दोनों को बरामद कर लिया।दोनों लड़की रहनुमा परवीन (20)और अमरीना अगसर(18) 11 जनवरी को आधार कार्ड को सुधार कराने के लिए अपने घर से कांटा टोली स्थित मंगल टावर गई थी। दोपहर एक बजे आधार कार्ड सुधार कराने के बाद दोनों लड़कियां एक ऑटो से हिंदपीढ़ी स्थित अपने घर जाने के लिए बातचीत की। ऑटो चालक दोनों लड़कियों को हिंदपीढ़ी पहुंचाने के बजाय दूसरे रास्ते पर ले जाने लगा। इसपर दोनों लड़कियों को संदेह हुआ तो उसने अपने पिता को फोनकर घटना की जानकारी दी। पिता ने बताया कि बातचीत होने के दौरान चालक ने उनकी पुत्रियों से मोबाइल छीन लिया। इसके बाद दोनों पुत्रियों से उनकी बातचीत नहीं हुई। मामले को लेकर परिजनों ने अपहरण की एफआईआर दर्ज करवाई थी। लड़कियों के गायब होने के मामले में गत मंगलवार को राज्य सरकार के मंत्री इरफान अंसारी भी लड़कियों के परिजनों से मिलने के लिए पहुंचे थे। परिजनों को आश्वासन भी दिया था कि शीघ्र लड़कियों को खोज लिया जाएगा।

## टुसू पर्व झारखंडी संस्कृति की पहचान है: सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी

**रामगढ़, एजेंसी।** मकर संक्रांति के मौके पर कुंदरूकलां सरैया स्थित मंगरीढिपा में बुधवार को टुसू मेला का आयोजन किया गया। इसका उदघाटन गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने किया। मौके पर उन्होंने कहा कि टुसू पर्व झारखंडी संस्कृति की पहचान है। इस संस्कृति को हमें बरकरार रखने की आवश्यकता है। वहीं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल व विशिष्ट अतिथि मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो, सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, दुलमी पार्षद प्रीति दीवान, रामगढ़ पार्षद धनेश्वर महतो, कुंदरूकलां मुखिया किशुनराम मुंडा मौजूद थे।मनीष जायसवाल ने कहा कि मंगरीढिपा को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का काम करेंगे। इसके अलावे बिजली, पानी व सड़क की बेहतर व्यवस्था करने का भी काम करूंगा। साथ ही यहां एक सामुदायिक भवन का भी निर्माण करने का काम करेंगे। ताकि लोगों को कोई समस्या न हो सके। इससे पूर्व अतिथियों के यहां पहुंचने पर उनका स्वागत आयोजन समिति द्वारा माल्यार्पण व बुके किया गया। तत्पश्चात कैलाश जैक्शन एंड ग्रुप के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीत व नृत्य व प्रस्तुत किया गया।

इस दौरान उड़ीसा से आई महतो की टीम द्वारा आकर्षक झांकी भी प्रस्तुत की गई। जिसे देख लोग देर शाम तक झूमते रहे। इधर मेला में पहुंचे लोगों ने जमकर खरीदारी भी किया। कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष मोहराय महतो ने किया। मौक़े पर पूर्व मुखिया शीला देवी, बारलोंग मुखिया रेखा देवी, दोहाकातु मुखिया कलावती देवी, दिलीप यादव, मिशिरलाल महतो, पूनम देवी, पन्नालाल महतो सहित कई मौजूद थे।

## मनरेगा में पिछड़ा झारखंड, 20।42 लाख में से सिर्फ 30,548 परिवारों को मिला काम

**रांची, एजेंसी।** मनरेगा में झारखंड पिछड़ गया है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता कि राज्य के 20 लाख 42 हजार 159 परिवारों में से सिर्फ 30 हजार 548 परिवारों को ही काम मिला, जो पिछले पांच वित्तीय वर्षों की तुलना में सबसे कम है। जो कुल जॉब कार्डधारियों का सिर्फ 1।49 फीसदी है। साहेबगंज में सबसे कम केवल 295 परिवारों को काम मिला है। नियमतः एक साल में एक परिवार को 100 दिन का काम मिलना जरूरी है।

**केंद्र कोटे में कर सकता है कटौती :** झारखंड में मनरेगा के तहत 272 रुपये मजदूरी दी जाती है। इसमें केंद्र का अंशदान 245 रुपये और राज्य सरकार का अंशदान 27 रुपये है। मनरेगा में पिछड़ने के कारण केंद्र अपने कोटे में कटौती कर सकता है। बता दें कि पिछले साल झारखंड में सबसे कम लोगों को मनरेगा के तहत काम मिला था।

## रघुवर दास के आने से गरमाई झारखंड की सियासत, अब झामुमो छोड़ भाजपा में शामिल होंगे पूर्व मंत्री



**जमशेदपुर, एजेंसी।** झारखंड में रघुवर दास की वापसी के बाद अब सियासत गरमाने लगी है। झारखंड मुक्ति मोर्चा से चंपाई सोरेन जैसे नेता के भाजपा में शामिल होने के बाद कई कद्दावर झामुमो नेताओं को लाने की कवायद शुरू हो गई है। चर्चा है कि झामुमो के कद्दावर नेता और पूर्व मंत्री सह तीन बार के विधायक रहे दुलाल भुइयां जल्द ही भाजपा में शामिल होने वाले हैं। उनको भाजपा में लाने की तैयारी पूरी हो चुकी है।

कहा यह भी जा रहा है कि एक-दो दिन में ही दुलाल भुइयां भाजपा का दामन थामने वाले हैं। इस बारे में पूछने पर दुलाल कहते हैं कि रघुवर दास से एक-दो बार की बात हो चुकी है। अब रघुवर दास जिस दिन पार्टी में शामिल करने का इशारा कर देंगे, उसी दिन भाजपा का दामन थाम लेंगे। दुलाल कहते हैं कि रघुवर दास पुराने राजनीतिक साथी रहे हैं। उनके साथ पहले भी काम करने का अनुभव रहा है। अब जब झारखंड की राजनीति में नए समीकरण जुड़ने लगे हैं तो वे भी अपने पूरे दल-बल के साथ भाजपा में शामिल होने के लिए तैयार हैं। बताया जाता है कि दुलाल झामुमो से नाराज चल रहे हैं। उनका कहना है कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन के वक़्त पार्टी में कार्यकर्ताओं की इज्जत थी, लेकिन अब वे बीमार चल रहे हैं। ऐसे में अब पार्टी में पुराने कार्यकर्ताओं को इज्जत नहीं मिलती है। उन्हें दरकिनार कर दिया जाता है।

**बेटे के साथ भाजपा का दामन थामेंगे दुलाल भुइयां**

दुलाल भुइयां के साथ कई झामुमो कार्यकर्ता भी भाजपा का दामन थामने वाले हैं। इसी के साथ दुलाल के बेटे विप्लव भुइयां भी भाजपा में शामिल होंगे। गौरतलब है कि पिछले विधानसभा चुनाव में विप्लव भुइयां निर्दलीय जुगसलाई विधानसभा सीट से चुनाव लड़े थे। चूंकि काफी प्रयास के बाद भी झामुमो में दुलाल भुइयां के बेटे को टिकट नहीं मिल सका था। इसलिए वे उस समय से नाराज चल रहे थे। अब जुगसलाई विधानसभा सीट को लेकर दुलाल भुइयां अपना समीकरण जोड़ रहे हैं और खुद का और अपने बेटे का भविष्य भाजपा में देख रहे हैं।

# टाइटैनिक की हीरोइन पर रखा डॉगी का नाम, 300 मेहमानों के साथ मनाया जन्मदिन

**जमशेदपुर, एजेंसी।** कदमा के भाटिया बस्ती निवासी हैं सपना सोना। खुद अविवाहित हैं इसलिए बेटी के रूप में राटविलर प्रजाति की श्वान (डॉगी) को गोद लिया है।

टाइटैनिक फिल्म देखकर सपने ने उसकी हीरोइन के नाम पर श्वान का नाम %रोज% रखा है। इसके साथ, उन्होंने इसे अपना उपनाम सोना दिया।

सपना सोना पिछले तीन वर्षों से अपनी बेटी के जन्मदिन को खास तरीके से मनाती हैं। इस साल का जन्मदिन भी पूरे शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

सपना सोना बताती हैं कि उन्होंने पांच जनवरी, 2019 को कानूनी रूप से रोज को गोद लिया। इसके बाद से वे उसे अपनी बेटी की तरह से पालन-पोषण कर रही हैं।

उसे अपने हाथों से खाना खिलाने से लेकर उसके डाइट और वैक्सीन का भी पूरा ख्याल खुद रखती हैं। सपना सोना का कहना है कि उनकी %रोज% उनके लिए सिर्फ एक पालतू जानवर नहीं है बल्कि उनकी बेटी है और जानवर इंसान से भी ज्यादा वफादार होते हैं और सभी को इसका सम्मान करना चाहिए।



सपना ने इस पल को यादगार बनाने के लिए पार्वती घाट के आसपास के इलाकों पर सोलर लाइट्स भी लगवाया और जरूरतमंदों को भोजन भी कराया।

सपना ने अपनी बेटी रोज का जन्मदिन पिछले दिनों बेहद खास तरीके से मनाया। केडी फ्लैट मैदान में भव्य पंडाल तैयार किया गया।

इसमें 300 मेहमानों को आमंत्रित किया गया। पंडाल में ढ़ोल-नगाड़ों की गूंज के साथ रोज का स्वागत किया गया। इस दौरान 10 पाउंड का केक भी काटकर उपस्थित मेहमानों के लिए पल को यादगार बनाया गया।

सपना का कहना है कि इस तरह के आयोजन का उद्देश्य जानवरों के प्रति शहरवासियों में प्यार और सम्मान की भावना जागृत करना है।

बता दें कि सपना ऐसी पहली लड़की नहीं हैं, जिन्होंने धूमधाम से किसी जानवर का जन्मदिन मनाया है। इससे पहले उत्तर प्रदेश के बरेली में भी कुछ महिलाओं ने बड़े उत्साह के साथ पालतू कुत्तों का जन्मदिन मनाया था। इतना ही नहीं दंपती ने अपनी पूरी संपत्ति भी कुत्ते के नाम पर करने का एलान कर दिया था। कुत्ते के जन्मदिन के मौके पर पूरे गांव को दावत दी थी। एक से बढ़कर एक पकवान बनाए गए थे। वहीं, मेहमानों ने कुत्ते को तोहफा भी दिया।

## सुभाषितम्

तीन चीजों को लम्बी अवधि तक छुपाया नहीं जा सकता, सूर्य, चन्द्रमा और सत्य। - गौतम बुद्ध

## आस्था का महापर्व बाजारवाद के हवाले

**प्रयागराज के त्रिवेणी तट पर आस्था** का सबसे बड़ा महाकुंभ हो रहा है। संसार का यह सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन है, जिसमें करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। देश और विदेश से कुंभ मेले में शामिल होने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बड़े पैमाने पर इंतजाम किया जाता है। कुंभ मेला लगातार एक माह से ज्यादा दिनों तक चलता है। नागा साधु कुंभ मेले में सबसे बड़े आकर्षण का केंद्र होते हैं। इस बार किन्नर साधु भी बड़े पैमाने पर कुंभ मेले में पहुंचे हैं। धार्मिक आस्था के इस महाकुंभ में पहली बार बाजारवाद भी देखने को मिल रहा है। साधु, सन्यासी भी इससे अछूते नहीं दिख रहे हैं। जो साधु, सन्यासी कुंभ मेले में पहुंच रहे हैं उनमें से अधिकांश नेशनल मीडिया और सोशल मीडिया में धूम मचा रहे हैं। गंगा, जमुना और सरस्वती की इस त्रिवेणी में सब अपने-अपने पाप धोकर ज्यादा से ज्यादा पुण्य पाने की लालसा लिए आते हैं। वहीं बाजारवाद के पोषक हर वह हथकंडा अपना रहे हैं जिससे वो ज्यादा से ज्यादा अर्थ कमा सकें। वहीं दूसरी तरफ धार्मिक आस्था के इस महापर्व पर अनेक साधु, सन्यासियों द्वारा जिस तरह से अपने भक्तों को लुभाया जा रहा है, जिस तरह से कुंभ मेले में साधु, सन्यासी अपनी शान-शौकत का प्रदर्शन कर रहे हैं, साधु सन्यासी के पंडाल और उनके पंडाल में भक्तों के लिए जिस तरह के आधुनिक इंतजाम किए गए हैं वो सभी का ध्यान खींच रहे हैं। एक-एक रात रुकने का खर्चा लाखों रुपया बताया जा रहा है। साधु-संतों को उनके भक्त चढ़ावे में वह सब दे रहे हैं जिसकी कल्पना करना धार्मिक आयोजनों में संभव नहीं होता है। इसके अतिरिक्त सरकार भी इस अर्थतंत्र के युग में महाकुंभ के इस आयोजन से पुण्य के रूप में वह सब कुछ पा लेना चाहती है जो शायद इससे बाद संभव न हो। सरकार ने दावा किया है कि एक दिन में त्रिवेणी के तट पर 3.50 करोड़ श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाकर अपने पापों को धोया है। तड़के शुरू हुआ यह स्नान रात तक चलता रहा। कुंभ के आयोजकों और सरकार के द्वारा एक ही दिन में 3.50 करोड़ लोगों के स्नान करने की बात पूरे देश और दुनिया में चर्चा का विषय बन गई है। कुंभ मेला क्षेत्र में साढ़े 3 करोड़ श्रद्धालु होने का जो दावा किया जा रहा है उस पर कोई भी विश्वास करने के लिए तैयार नहीं है। कहा जा रहा है कि मेला क्षेत्र के लिए जिस तरह का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है उसमें सरकारी मशीनरी इंतजाम के नाम पर भारी भ्रष्टाचार कर रही है, लेकिन इस तरह से यदि सरकारी प्रचार किया जाता है तो जिस पर लोगों को विश्वास ही ना हो तो वह चर्चा का विषय बन जाता है। अब सच्चाई अपनी जगह है और दावे-प्रतिदावे अपनी जगह, जिस पर लगातार बात होती रहेगी।

बहरहाल कुंभ के मेला क्षेत्र में साधु, संतों और सन्यासियों द्वारा सनातन की शक्ति और वैभव का प्रदर्शन किया जा रहा है। अखाड़े और नागा साधु-संतों को लेकर जिस तरह से श्रद्धालुओं के बीच में उनका आकर्षण बना हुआ है वह काबिले जिक्र तो हो ही गया है। देसी और विदेशी श्रद्धालु भी कुंभ के मेले में आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। विश्व के कई देशों से लोग के नागरिक जो सनातन परंपरा से प्रभावित हैं वह हिंदी और संस्कृत के मंत्रों के साथ कुंभ मेले में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। उसको लेकर कुंभ मेले का आकर्षण अपने आप में अनूठा है। सारी दुनिया के देशों में इतनी बड़ी संख्या में कहीं पर श्रद्धालु एकत्रित नहीं होते हैं। यह अपने आप में एक रिकॉर्ड है। कुंभ के मेले में जाकर साधु-संतों की शोभायात्रा, तरह-तरह की ध्वजा, घोड़े-हाथी पर सवार धर्मगुरु, नागा साधुओं का त्रिशूल, भाला, गदा, तलवार और विभिन्न वेशभूषा में जो प्रदर्शन किए जाते हैं उसकी श्रद्धालु देखकर रोमांचित हो उठते हैं। इस बार के कुंभ मेले में एप्पल के को-फाउंडर स्टीव जॉब्स का एक पत्र 4.32 करोड़ रुपए में नीलाम हुआ है। 1974 में उन्होंने अपने जन्मदिन पर अपने दोस्त को यह पत्र भेजा था, जिसमें उन्होंने कुंभ मेले में शामिल होने की इच्छा जताई थी। उनकी पत्नी लॉरेन पावेल अपने पति स्टीव के निधन के 12 साल के बाद कुंभ मेले में पहुंची हैं, वह यहां पर रहकर कल्पवास करने जा रही हैं। यह आस्था है और महाकुंभ ऐसी ही आस्थाओं का महापर्व है।

## चिंतन-मनन

### द्वंद्व के बीच शांति की खोज

**केवल ज्ञान की बातें करो।** किसी व्यक्ति के बारे में दूसरे व्यक्ति से सुनी बातें मत दोहराओ। जब कोई व्यक्ति तुम्हें नकारात्मक बातें कहे, तो उसे वहीं रोक दो, उस पर वास भी मत करो। यदि कोई तुम पर कुछ आरोप लगाये, तो उस पर वास न करो। यह जान लो कि वह बस तुम्हारे बुरे कर्मों को ले रहा है और उसे छोड़ दो। यदि तुम गुरु के निकटतम में से एक हो तो संसार के सारे आरोपों को हंसते हुए ले लोगे। द्वंद्व संसार का स्वभाव है और शांति आत्मा का स्वभाव है। द्वंद्व के बीच शांति की खोज करो। द्वंद्व समाप्त करने की चेष्टा द्वंद्व को और ज्यादा बढ़ाती है। आत्मा की शरण में आकर विरोध के साथ रहो। जब शान्ति से मन ऊबने लगे तो सांसारिक क्रिया-कलापों का मजा लो। और जब इनसे थक जाओ तो आत्मा की शान्ति में आ जाओ। यदि तुम गुरु के करीब हो, तो दोनों क्रिया कलाप साथ-साथ करोगे। ईश्वर व्यापक हैं। और अन्नत काल से ईश्वर सभी विरोधों को संभालते आए हैं। यदि ईश्वर सारे विरोधों को ले सकते हैं, तो निश्चित ही तुम भी ऐसा कर सकते हो। जैसे ही तुम विरोध के साथ रहना स्वीकार कर लेते हो, विरोध स्वतः समाप्त हो जाता है। शान्ति चाहने वाले लोग लड़ना नहीं चाहते और इसके विपरीत लड़ाई करने वाले शान्ति पसन्द नहीं करते। शान्ति चाहने वाले लड़ाई से बचना चाहते हैं। आवश्यक यह है कि मन को शांत करें और फिर लड़ें। गीता की यही मूल शिक्षा है। कृष्ण अजरुन को उपदेश देते हैं कि अजरुन युद्ध करो मगर हृदय को शान्त रखकर।

# भारत के लिये खतरा है पाक-बांग्लादेश की नजदीकियां

**ललित गर्ग**

**बांग्लादेश की कार्यवाहक** सरकार प्रधानमंत्री शेख हसीना के अपदस्थ होने के बाद से लगातार भारत विरोधी गतिविधियों एवं कारगुजारियों एवं षडयंत्रों में संलग्न है, लगता है पाकिस्तान के शह पर बांग्लादेश का भारत विरोधी रवैया बढ़ रहा है। बांग्लादेश में लगातार भारत विरोधी मुहिम व अल्पसंख्यक हिन्दुओं एवं हिन्दू धर्मस्थलों पर हिंसक हमलों के बाद अब भारत सीमा पर बाड़बंदी को लेकर बेवजह का विवाद खड़ा किया जा रहा है। जबकि इस मुद्दे पर दोनों देशों के बीच पहले ही सहमति बनने के बाद बड़े हिस्से पर बाड़बंदी हो चुकी है। लेकिन टकराव मोल लेने को तैयार बैठे बांग्लादेश के हुक्मरान विवाद के नये-नये मुद्दे तलाश रहे हैं एवं दोनों देशों की आपसी संबंधों को नेस्तनाबूंद कर रहे हैं। बांग्लादेश भारत की शांति व सद्भाव की कामना एवं सहनशीलता को उसकी कमजोरी न माने, ऐसी भूल बांग्लादेश के लिये बहुत भारी पड़ सकती है। दोनों देशों की शांति, सद्भावना एवं सौहार्द के लिये किसी तीसरे देश के दखल को बढ़ने न दिया जाये। 2015 में शेख हसीना के कार्यकाल के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ढाका पहुंचे। यहां दोनों नेताओं ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किया। इसे लैंड बाउंड्री एग्रीमेंट कहते हैं। इसी के अन्तर्गत भारत ने अब तक 3271 किलोमीटर सीमा कर बाड़बंदी कर दी है। अब केवल 885 किलोमीटर खुली सीमा की बाड़बंदी बाकी है। भारत बचे इलाके की बाड़बंदी कर रहा है लेकिन बांग्लादेश भारत की कोशिशों में अड़ंगा डाल कर दोनों देशों के बीच हुए समझौते को नकार रहा है। बांग्लादेश के गृह मंत्रालय ने ढाका में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को बुलाकर विरोध व्यक्त किया तो इसके जवाब में भारत ने भी जवाबी कार्रवाई की और बांग्लादेश के डिप्टी हाईकमिश्नर नूरूल इस्लाम को तलब कर अपना विरोध जताया। भारत अपनी सीमाओं को अभेद्य बना रहा है। सीमाओं के खुले रहने से बांग्लादेश से लगातार अवैध घुसपैठ, हथियारों की तस्करी, ड्रग स्मगलिंग, नकली नोटों का कारोबार और आतंकवादी गतिविधियां लगातार हो रही हैं। विशेषतः पाकिस्तान अब अपनी आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिये बांग्लादेश का उपयोग कर रहा है। दरअसल, बांग्लादेश की युनूस सरकार पाकिस्तान के इशारों पर पुराने मुद्दे उछाल कर विवाद को हवा दे रही है। निश्चित ही पाक से उसकी नजदीकियां लगातार बढ़ी हैं और वहां पाक सेना के अधिकारियों की सक्रियता देखी गई है, ऐसी जटिल होती स्थितियों में भारत को अपनी सुरक्षा चिंताओं के लिये कदम उठाने ही चाहिए एवं अपनी सीमाओं को सुरक्षित बनाना ही चाहिए। पाकिस्तान पंजाब, जम्मू-कश्मीर व नेपाल के रास्ते आतंकवादियों को भारत भेजने की कोशिशें लगातार करता रहा है, अब उसने बांग्लादेश को भी इन



गतिविधियों के लिये चुना है एवं बांग्लादेश से लगी भारत की खुली सीमा का दुरुपयोग कर रहा है तो भारत को सतर्क एवं सावधान होना ही चाहिए। पाकिस्तान से लगती सीमा पर तमाम चौकसी के बाद भी सीमा पार से जिस तरह जब-तब आतंकियों की घुसपैठ होती रहती है, वह गंभीर चिंता की बात है। जब पाकिस्तान से लगती सीमा भारत की सुरक्षा के लिए खतरा बनी हुई है, तब यह शुभ संकेत नहीं कि बांग्लादेश से लगी सीमा भी भारत के लिए चिंता का कारण बने।

बड़ी सच्चाई है कि पाक का जन्म ही भारत विरोधी मानसिकता से हुआ है। ऐसे में अतीत से सबक लेते हुए भारत को अपनी सीमाओं की सुरक्षा को लेकर किसी तरह की चूक नहीं करनी चाहिए। किसी भी तरह की ढिलाई भारतीय सुरक्षा पर भारी पड़ सकती है। भारत की उदारता को बांग्लादेश हमारी कमजोरी न मान ले, इसलिए उसे बताना जरूरी है कि भारत से टकराव की कीमत उसे भविष्य में चुकानी पड़ सकती है। यह भी कि संबंधों में यह कसैलापन, दौगलापन एवं टकराव लंबे समय तक नहीं चल सकता। उसकी यह कटुता उसके लिये ही कालांतर घातकएवं विनाशकारी साबित हो सकती है। यह विडंबना ही है कि नोबेल पुरस्कार से सम्मानित अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस से क्षेत्र में शांति व सद्भाव की जो उम्मीदें थी, उसमें उन्होंने मुस्लिम कट्टरपंथ को आगे करके निराश ही किया है। उनकी सरकार लगातार विघटनकारी, अड़ियल व बदमिजाजी का रुख अपनाए हुए है, दोनों देशों के संबंध बिगाड़ने में पर्दे के पीछे पाकिस्तान की भूमिका को साफ-साफ देख जा रहा है। जबकि शेख हसीना शासनकाल में भारत और बांग्लादेश के संबंध सामान्य थे तो भारत बांग्लादेश को विश्वास में लेकर बाड़बंदी कर रहा था लेकिन अब यूनुस सरकार लगातार उकसाने वाली कार्रवाई कर रही है। उसने पाकिस्तानियों का बांग्लादेश में प्रवेश आसान कर दिया है तो पाक के बांग्लादेश को भारत विरोधी प्लेटफॉर्म के रूप में इस्तेमाल करने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इसी के चलते बांग्लादेश की भारत विरोधी बयानबाजी और कारगुजारी से दोनों देशों के संबंधों में जबरदस्त कड़वाहट आ चुकी है। बावजूद इसके गत दिसम्बर में भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने अपनी ढाका यात्रा के दौरान बांग्लादेश को आश्वस्त किया था कि भारत उसका दोस्त बना हुआ है और व्यापार, ऊर्जा, बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी के मामलों में रिश्ते पहले की तरह बरकरार रहेंगे। उस समय ऐसा लगा था कि दोनों पक्षों ने सीमा पर स्थिति को ?शांत कर लिया है। यूनुस सरकार ने भारत विरोधी तत्वों को न केवल हवा दी है बल्कि उनको उग्र कर दिया है। जेल में बंद कई भारत विरोधी तत्वों को बेल दे दी गयी है, ये ही तत्व भारत में अस्थिरता फैलाने की साजिश रच रहे हैं। लिहाजा भारत के लिये बॉर्डर पर घेराबंदी अत्यावश्यक हो गयी है। राजनीतिक आग्रह, पूर्वाग्रह एवं दुराग्रह के चलते यूनुस सरकार शेख हसीना के पिता की विरासत को निपटाने एवं धुंधलाने की कोशिशों में लगी हुई है। कट्टरपंथी तत्व जनाक्रोश के चलते अपनी सुविधा का मुहावरा गढ़ने का प्रयास कर रहे हैं। भारत में पहले से ही लाखों बांग्लादेशी अवैध रूप से रह रहे हैं लेकिन ढाका द्वारा आतंकवादियों और दोषी ठहराए गए इस्लामी कट्टरपंथियों की रिहाई के बाद भारत द्वारा बॉर्डर पर कंटीले तारों को लगाने की कोशिश का बांग्लादेश ?सरकार द्वारा कड़ा विरोध दर्शा रहा है कि पाकिस्तान की तरह बांग्लादेश भी भारत में अस्थिरता, अशांति एवं अराजकता फैलाना चाहता है। बांग्लादेश बाड़ लगाने के समझौते का सम्मान करने के बजाय उसकी समीक्षा करने की बात करके उसमें रौड़ा अटकाना चाह रहा है। वह उन स्थानों पर कंटीले तारों वाली बाड़ लगाने का खास तौर पर विरोध कर रहा है, जहां से बड़े पैमाने पर घुसपैठ और तस्करी होती है और यही से आतंकवादी गतिविधियों को संचालित करने की संभावनाएं हैं। इसके कुछ पुष्ट प्रमाण भी मिले है। इस संदर्भ में बांग्लादेश वैसे ही कुतर्क एवं बेतूके तथ्य प्रस्तुत कर रहा है, जैसे सीमा सुरक्षा के भारत के प्रयत्नों पर पाकिस्तान करता रहता है। हैरानी नहीं कि यह बांग्लादेश से पाकिस्तान की हालिया नजदीकी किसी बड़ी दुर्घटना या आतंकी हमले का सबब बन जाये। भारत इसकी अनदेखी नहीं कर सकता। भारत को यह देखना होगा कि कहीं ये दोनों देश मिलकर उसके खिलाफ कोई ताना-बाना तो नहीं बुन रहे हैं? निश्चित रूप से पिछले दिनों बांग्लादेश से रिश्तों में जिस तरह से अविश्वास एवं कडवाहट उपजी है, उसके चलते भारत अपनी सुरक्षा चिंताओं को नजरअंदाज नहीं कर सकता। भारत के लिए यही उचित है कि वह पाक-बांग्लादेश के संभावित गठजोड़ से सावधान रहे।

# अपने सेहत को देख कर ही महाकुम्भ में जाने को सोचे

**संजय गोस्वामी**

**प्रयागराज में 13 जनवरी** को महाकुंभ मेला शुरू हुआ और रिकॉर्ड तोड़ भीड़ इकट्ठा हुआ कभी 20करोड़ का आँकड़ा दिखाया जा रहा खूब प्रचार चल रहा है और महाकुम्भ 26 फरवरी, 2025 को इसका समापन होगा।लोगों को ऐे बताया जा रहा है इसके बाद 144साल बाद आएगा आप जरूर जाए लेकिन सामर्थ के अनुसार कुछ लोग ठंड से मरे भी है अतः अपनी सेहत का ख्याल रख कर ही जाने को सोचे ईश्वर मेला मंदिर कहीं नहीं मिलेगा वो आपके अंदर है औ? जिस दिन माया के जाल से मुक्ति मिलेगी वो धीरे धीरे आपको महसूस होने लगेगा कहा जा रहा है इस धार्मिक आयोजन में आध्यात्मिक शुद्धि की चाहत रखने वाले लाखों तीर्थयात्रियों के आने की संभावना हैहिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, यह आयोजन उस समय की याद दिलाता है जब देवता और राक्षस अमरता के अमृत के घड़े (कुंभ) के लिए लड़ रहे थे। लड़ाई के दौरान अमृत की कुछ बूंदें पृथ्वी पर चार स्थानों- नासिक, प्रयागराज, हरिद्वार और उज्जैन पर गिरीं। ऐसा माना जाता है कि ये चार स्थान हैं जहां कुंभ मेला लगता है। दुनिया में हजारों बड़ी नदियां और सैकड़ों नदी संगम स्थल हैं जहां नदियां एक दूसरे से मिलती हैं, लेकिन भारतीय समाज द्वारा नदियों के संगम को जो महत्व दिया जाता है, वह दुनिया में कहीं और नहीं मिलता। प्रयागराज में गंगा, यमुना और सरस्वती का संगम भूगोल की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण घटना है। मानव सभ्यताएं एक भौगोलिक इकाई के रूप में सभी महान नदियों के तट पर उत्पन्न और विकसित हुई हैं। सिंधु घाटी सभ्यता सबसे प्राचीन मानी जाती है। लेकिन अब यह सभ्यता इतिहास की धूल में लुप्त हो गई है। मेसोपोटामिया हो, ग्रीक हो या रोमन, सभी सभ्यताओं का क्रम टूट गया है। गंगा यमुना बेसिन क्षेत्र में एक मानव सभ्यता का जन्म और विकास हुआ, जो आज भी बरकरार है। गंगा यमुना बेसिन की यह सांस्कृतिक विरासत प्रयागराज में कुंभ के रूप में प्रकट होती है ब्लू नाइल और व्हाइट नाइल भी सूडान के खार्तू में मिलती हैं, मैडिसन, जेफरसन और गैलाटिन नदियां भी मोंटाना में मिलती हैं, राइन और आरवे भी जिनेवा में मिलती हैं, इसी तरह रियो नेग्रा और अमेजन भी ब्राजील के सलीमा में मिलती हैं। ऐसे कई उदाहरण हैं लेकिन किसी भी मानव संस्कृति ने भारत की तरह नदियों के पर्यावरणीय महत्व को नहीं समझा और उन्हें महत्व नहीं दिया। धर्म के नाम पर एक स्थान पर एकत्र होने की परंपराएं दुनिया के कई हिस्सों में मौजूद हैं। लेकिन कुंभ की परंपरा इन सभी से अधिक प्राचीन है। देवताओं और दानवों ने अमृत को आपस में बांट लिया। लेकिन जब अंत में भगवान धन्वंतरि अमृत कलश लेकर निकले तो अमृत पाने के लिए देवताओं और दानवों में युद्ध छिड़ गया। समुद्र मंथन से निकले अमृत कलश के लिए देवताओं और दानवों में युद्ध हुआ इस कार्य के लिए जयंत के साथ 4 अन्य देवताओं को भी भेजा गया था। जिसमें चंद्रमा के कलश को छलकने से बचाना था। सूर्य को कलश को टूटने से बचाना था। बृहस्पति को दैत्यों को रोकना था और शनि को जयंत पर नजर रखनी थी कि कहीं वो सारा अमृत खुद न पी जाए। असुरों से अमृत बचाने के लिए इंद्र के पुत्र जयंत अमृत कलश लेकर भागने लगे। इस अमृत को संभालने की जिम्मेदारी चंद्रमा को दी गई, लेकिन छीना-झपटी में वो कलश को संभाल नहीं पाए, जिसके कारण हजारों सालों से धर्म के नाम पर लोग इकट्ठा होते आ रहे हैं, चाहे वो अमृत हो या अफ्रीका, जापान हो या येरुशलम। इनमें से अधिकतर की शुरूआत का कोई लिखित रिकॉर्ड नहीं है, लेकिन फिर भी अगर किंवदंतियों को आधार मानें तो शायद कुंभ पर्व ऐसी परंपराओं में सबसे प्राचीन है। हिंदू ध'में महाकुंभ किसी पर्व से कम नहीं है। इसके बारे में मान्यता है कि जो कोई भी महाकुंभ में स्नान करता है, उसके सारे पाप धुल जाते हैं और उसे जन्म-मरण के चक्र से मुक्ति मिल जाती है। पौराणिक कथा के अनुसार एक बार अमृत पाने की चाह में देवताओं और दानवों के बीच समुद्र मंथन हुआ। इस दौरान कई तरह के रत निकलेकैमरे लगा दिए गए हैं और हम गिनती करने जा रहे हैं। इसीलिए श्रद्धालुओं के आने कीगणना की जाती है। सुविधाएँआगंतुकों के लिए वीआईपी पेटेन्टशहर में बारिश होने जा रही है। इसमें 150महाराजा यानी वी.आई.पी.टी. सिटीबर्नी जा रही है। इसका एक दिन काशुल्क 30 हजा रुपए से अधिक होगा।1500 सिंगल रूम, 400 फैमिली टेंटभी तैयार हो रहे हैं। इसके अलावा ड्रामशहर तैयार हो गया है। जिसका किरायाएक लाख से अधिक है। महाकुंभ में डेढ़ लाख शौचालयअगले डेढ़ महीने में गंगा किनारे 10000 एकड़ में फैले इस क्षेत्र में इतने लोग आएंगे कि दुनिया के सभी देशों की आबादी इसके बराबर नहीं होगी। इस बार अनुमान है कि 40 करोड़ लोग आएंगे। साधुओं समेत 50 लाख तीर्थयात्री पूरे महाकुंभ के दौरान शिविरों में रहने की योजना बना रहे हैं। इस दौरान हर दिन 50 लाख लोगों का जन्म होता है। इससे उत्पन्न होने वाले कचरे का प्रबंधन और उसका उपचार अपने आप में एक बहुत बड़ी चुनौती है। इस दौरान उत्पन्न होने वाले कचरे के निपटान और उपचार के लिए क्श्नर्अ और इअफ्ठ द्वारा विकसित तकनी का इस्तेमाल किया जाएगा। मानव अपशिष्ट, खासकर मल-मूत्र और खाना पकाने के बर्तन, धुलाई की सुविधाओं से उत्पन्न अपशिष्ट जल से निपटने के लिए अधिकारी आधुनिक तकनी का इस्तेमाल कर रहे हैं। या फिर आदित्यनाथ की आड़ में यूपी सरकार इस साल के महाकुंभ मेले में पानी पर 1,600 करोड़ रुपये खर्च करेगी? और इन्हें कचरा प्रबंधन के लिए रखा गया है।

## कांग्रेस : महज राजनीतिक दल नहीं एक आंदोलन

**संगीता शर्मा**

**भारतीय लोकतंत्र में** स्थापित सभी राजनीतिक दलों की अपनी एक भूमिका और स्थान है जिसे वो समय-समय पर रेखांकित करते हुए अपनी जिम्मेदारी को निभाते हैं। भारत के लोकतंत्र में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस भी एक प्रमुख राजनीतिक दल के रूप में विद्यमान है, जिसका इतिहास ही भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने से जुड़ा है। इसीलिए कांग्रेस को महज एक राजनीतिक दल ही नहीं आंदोलन के रूप में माना जाता है। यह बात अलग है कि समय के प्रवाह में बदलते वक्त के कारण यह आंदोलन बहुरूपियों की सियासी षड़यंत्र का हिस्सा बनता जा रहा है। कांग्रेस की स्थापना 28 दिसम्बर 1885 को हुई थी, और इसके संस्थापकों में एओ ह्यूम, दादा भाई नौरोजी और दिनशा वाचा जैसे दिग्गज शामिल थे। अपने गठन के समय से लेकर आज तक कांग्रेस का उद्देश्य हमेशा साफ रहा है। कांग्रेस पार्टी और उससे जुड़े नेताओं, आम जनमानस की करनी और कथनी में कोई अंतर नहीं रहता है। तब गठन के समय कांग्रेस पार्टी का मुख्य उद्देश्य भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को मजबूत करना और ब्रिटिश शासन से मुक्ति पाना था। अब कांग्रेस झूठे वादों और आश्वासनों के मकड़जाल में उलझी देश की साधारण जनता को उन सियासी मायावियों के चंगुल से आजाद कराने में संघर्षरत है जो उसे मुफ्त के नाम पर मानसिक बीमार बनाने में कोई गुरेज नहीं कर रहे। जो जनता को मानसिक गुलाम बनाने के अपने षडयंत्र में कुछ हद तक सफल होते नजर आ रहे हैं। चंद रुपयों के बदले ये धोखेबाज जनता के सभी मौलिक अधिकारों को कुचल रहे हैं। उसे अपने प्रिय औद्योगिक घरानों के पास गिरवी रख रहे हैं। आजादी से लेकर अब तक इस पार्टी ने कई महत्वपूर्ण नेताओं को जन्म दिया, जिनमें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू, और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री, पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी शामिल हैं। लाल बहादुर शास्त्री एक महान नेता थे जिन्होंने कांग्रेस पार्टी के लिए बहुत कुछ किया। उनका जन्म 2 अक्टूबर 1904 को वाराणसी में हुआ था, और उन्होंने अपनी शिक्षा काशी विद्या पीठ में प्राप्त की। शास्त्री जी ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया और कई बार जेल गए। कांग्रेस पार्टी का वर्चस्व 1952 से 1967 तक लगातार भारतीय राजनीति में बना रहा। इसके बाद कुछ बहकावे से उपजे बदलाव के अंकुर रूप में नए राजनीतिक दल सामने आए पर कांग्रेस की जड़ों में पैठ के कारण बहुत जल्द जनता को उनका मकसद समझने में देर नहीं लगी। इस पार्टी को अपना वर्चस्व बनाने में सफलता इसलिए प्राप्त हुई कि राष्ट्रीय आंदोलन के समय उसे सभी वर्गों का समर्थन प्राप्त था। इसके अलावा, कांग्रेस पार्टी का देशव्यापी संगठनात्मक ढांचा भी इसकी सफलता का एक महत्वपूर्ण कारण था। आजादी के बाद कांग्रेस पार्टी ने भारतीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## आज का राशिफल

**मेष** आपको कार्यक्षेत्र में हर प्रकार का सहयोग प्राप्त होगी और आपकी सभी योजनाएं सफल होंगी।

**तुला** लाभ होगा और आपके धन में वृद्धि होने से आपका आत्मविश्वास काफी बढ़ सकता है।

**वृषभ** आज कोई भी काम बिना सोचे नहीं करना चाहिए। जमीन के मामले में आपकी हानि हो सकती है।

**वृश्चिक** लाभ होगा और किसी महान अधिकारी से आपकी भेंट और वार्ता हो सकती है।

**मिथुन** आज सफलता प्राप्त होगी और आपके धन में वृद्धि होने से आपको खुशी होगी।

**धनु** आज करियर के मामले में लाभ होगा और शुभ कार्य में आ रही सभी बाधाएं दूर होंगी।

**कर्क** आज भाग्य साथ दे रहा है और कारोबार में आपके लिए तरक्की के संयोग बन रहे हैं।

**मकर** आज लाभ होगा और आपके पराक्रम में वृद्धि के योग हैं। आपकी तरक्की होगी।

**सिंह** आज दिन सफलता से भरा होगा। महत्वाकांक्षी प्रकृति वालों के लिए दिन शुभफलदायक रहेगा।

**कुंभ** आर्थिक लाभ- मान प्रतिष्ठा भी मिलेगी। कई समस्याओं से मुक्ति, सम्मान भी होगा।

**कन्या** आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके जीवन में चल रहे विवादों का अंत होगा।

**मीन** आज ज़मीन-जायदाद में निवेश करते समय कागज़ात अच्छे से पढ़ लेने चाहिए।

## विशेष

### इंडोनेशिया ने मानी भारत सरकार की बात

**26 जनवरी को मुख्य अतिथि के** रूप में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति सुवियांतो भारत आ रहे हैं। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति ने पहले जो प्रोग्राम तैयार किया था। उसके अनुसार गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम मैं शामिल होने के बाद पाकिस्तान जा रहे थे। भारत सरकार ने उनसे अनुरोध किया था।वह भारत से सीधे पाकिस्तान नहीं जाएं। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति ने भारत के अनुरोध को स्वीकार कर लिया है। इंडोनेशिया में हिंदू मूल के लोग बहुत कम हैं।वहां पर मुस्लिम आबादी सबसे ज्यादा है।दूसरे नंबर पर ईसाई हैं। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति भारत की यात्रा से लौटकर इंडोनेशिया पहुंचेंगे। उसके तुरंत बाद पाकिस्तान जाएंगे। इंडोनेशिया की आंतरिक राजनीति मे भारत से ज्यादा महत्व पाकिस्तान का है।

### सर्द मौसम में गरम होती राजनीति

**राजधानी दिल्ली समेत** उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड के साथ घने कोहरे ने जहां आम लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त करके रख दिया है, वहीं सियासत का गलियारा गरम हो चुका है। कोहरे के कारण दृश्यता जहां बेहद कम हो गई है तो वहीं सियासी दृष्यता लोगों को भ्रमित कर रही है कि आखिर अगली सरकार किसकी होगी, क्योंकि दावे तो सभी अपनी जीत का कर रहे हैं। बहरहाल इस ठिठुरन भरी सुबह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजधानी समेत देश के लोगों को लुभाने का काम बदस्तूर कर रहे हैं। इसके चलते कोहरे के बीच दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से मुंबई के लिए उन्होंने जहां उड़ान भरी, वहीं भाजपा नेताओं ने दिल्ली चुनाव में बेहतर परिणाम के लिए कमर कसने का काम कर लिया है।

## कार्टून कोना

**ED:केजरीवाल पर मुकदमा चलाने की मंजूरी, शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गृह मंत्रालय ने दी मंजूरी**




### आज का इतिहास

1562 फ्रांस में हुग्यूनो को मान्यता मिली. 1595 फ्रांस नरेश हेनरी चतुर्थ ने स्पेन के खिलाफ जंग का ऐलान किया. 1605 मुगल बादशाह अकबर असीरगढ़ किले में घुसने में सफल हुआ. 1656 स्वीडन ओर ब्रेंडेनबर्ग के बीच समझौता हुआ. 1706 अमरीकी राजनेता बेंजमिन फ्रैंकलिन का जन्म. 1852 दक्षिण अफ्रीकी गणराज्य ट्रांसवाल की स्थापना हुई. 1947 नेताजी सुभाषचंद्र बोस कलकत्ता से जर्मनी के लिए रवाना हुए. 1945 सोवियत सैनिकों और पोलैंड की राष्ट्रवादी नेताओं ने वारसा मुक्त कराया. 1988 कुर्दिस्तान की पहाड़ियों में ईरान ने इराक के खिलाफ कार्यवाही की. 1989 कोरिया युद्ध के बाद राष्ट्रसंघ और उत्तर कोरिया के सैन्य अधिकारियों की बैठक हुई. 1993 राव मंत्रिमंडल का पुर्नगठन. 2001 भारत ने अग्नि -2 का सफल परीक्षण किया. 2005 गोधरा कांड की जांच कर रही न्यायमूर्ति यू.एस.बनर्जी की अध्यक्षता में गठित समिति ने कहा कि यह हादसा था न कि साजिश.

## दैनिक पंचांग

**17 जनवरी 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मकर में | मकर | 06.32 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | कुंभ | 08.22 बजे से |
| मंगल | कर्क में | मीन | 09.55 बजे से |
| बुध | धनु में | मेष | 11.26 बजे से |
| गुरु | वृष में | वृष | 13.06 बजे से |
| शुक्र | कुंभ में | मिथुन | 15.04 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कर्क | 17.17 बजे से |
| राहु | मीन में | सिंह | 19.34 बजे से |
| केतु | कन्या में | कन्या | 21.45 बजे से |
| राहुकाल | | तुला | 23.56 बजे से |
| 10.30 से | | वृश्चिक | 02.11 ब.से |
| 12.00 बजे तक | | धनु | 04.27 बजे से |

**शुक्रवार** 2025 वर्ष का 17 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शिशिर। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** माघ (दक्षिण भारत में पौष) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** चतुर्थी 05.31 बजे प्रातः को समाप्त। **नक्षत्र** मघा 12.45 बजे को समाप्त। **योग** सौभाग्य 00.57 बजे रात्र को समाप्त। **करण** बव 16.44 बजे तदनन्तर बालव 05.31 बजे प्रातः को समाप्त। **चन्द्रायु** 17.1 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 20° 44' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872227 **जूलियन दिन** 2460692.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** रज्जब **तारीख** 16 **विशेष** संकष्टी चतुर्थी, सकट चौथ।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से | 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से | 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से | 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से | 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore



# सर्दियों में बच्चों की सेहत रहेगी चकाचक, खिलाएं ये सुपरफूड्स


**सर्दियों में बच्चों की इम्यूनिटी मजबूत रखना किसी चुनौती से कम नहीं होता है, ऐसे में आप इन चीजों को खिलाकर आप उन्हें स्वस्थ और एक्टिव बना सकते हैं।**

सर्दियों में बच्चों की इम्यूनिटी को मजबूत रखना बेहद जरूरी होता है, क्योंकि बच्चों को ठंड और संक्रमण का खतरा सबसे ज्यादा होता है। सही आहार देकर आप उनकी इम्यूनिटी को मजबूत कर सकते हैं। आप बच्चे को स्वस्थ और एक्टिव रखने के लिए किसी विकल्प की तलाश में है तो हम आपको एक्सपर्ट के बताएं कुछ सुपर फूड्स के बारे में जानकारी दे रहे हैं। आप उनकी डाइट में इन्हें शामिल कर कर ना सिर्फ इम्यूनिटी बूस्ट कर सकते हैं ब्लिक सेहत के अन्य पहलुओं को भी बेहतर बना सकते हैं।

## बच्चों की इम्यूनिटी कैसे मजबूत करें?

- बच्चे की डाइट में विटामिन ए और विटामिन सी युक्त खाद्य पदार्थों को शामिल करें। यह एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं,जो शरीर को बीमारियों से बचाने में मदद करते हैं। इसके लिए आप बीटरूट खिला सकते हैं। इसमें विटामिन ए और सी दोनों होते हैं। गाजर, आंवला संतरा कीवी, शकरकंदी, यह सभी इम्यूनिटी बूस्ट करने वाले फल हैं।
- बच्चे को नट्स और सीड्स जरूर दें। यह बेहतरीन पोषण का स्रोत होते हैं। इनमें हेल्दी फैट्स होते हैं जो ना इम्यूनिटी को मजबूत बनाते हैं बल्कि शरीर के विकास के लिए भी जरूरी पोषक तत्व प्रदान करते हैं। बादाम और अखरोट खिलाएं। इसके अलावा चिया सीड्स भी खिलाएं। इनमें ओमेगा 3 फैटी एसिड और फाइबर होते हैं। अगर आपके बच्चे की उम्र 3 साल से कम है तो नट्स को भिगोकर उसका छिलका उतार लें, फिर पेस्ट बनाकर डाइट में ऐड करें।
- बच्चों की डाइट में प्रोबायोटिक्स जरूर शामिल करें। इसके लिए दही केफिर फर्मेंटेड फूड्स खिलाएं, इससे इम्यूनिटी मजबूत होती है। पाचन तंत्र भी स्वस्थ रहता है।






# डायबिटीज मेलिटस क्या होता है?



**डायबिटीज मेलिटस एक ऐसी स्थिति है जिसमें शरीर में ग्लूकोज का स्तर बढ़ जाता है। यह दो मुख्य प्रकारों में पाया जाता है, टाइप 1 और टाइप 2 डायबिटीज।**

डायबिटीज एक गंभीर रोग है, यह खराब लाइफस्टाइल जीने का परिणाम होता है,यह समस्या तब होती है जब शरीर पर्याप्त मात्रा में इंसुलिन नहीं बना पाता है याशरीर इंसुलिन का सही इस्तेमाल नहीं कर सकता है, इससे शरीर में ब्लड शुगर लेवल बढ़ जाता है जिसके कारण कई तरह की दिक्कतें होने लगती है। आज इस बीमारी के बार में बच्चा बच्चा जानता है, लेकिन क्या आप डायबिटीज मेलिटस के बारे में जानते हैं। आइए जानते हैं क्या होता है डाइबिटीज मिलेटस।

## डायबिटीज मेलिटस क्या होता है?

एक्सपर्ट बताते हैं कि जब शरीर में ब्लड शुगर का लेवल बढ़ जाता है तो यह यूरिन के जरिए निकने लगता है, जब ग्लूकोज यूरिन से निकलने लगता है तो उसे कहते हैं ग्लाइकोसुरिया साथ में उसका बैलेंस करने के लिए सेल्स में से वॉटर भी एक्सरीट होता है। इससे शरीर में यूरिन का प्रोडक्शन बढ़ जाता है जिसे पॉली यूरिया के नाम से जाना जाता है। इस स्थिति में आपको बार-बार यूरिन पास करने की इच्छा होती है। यह डायबिटीज मेलिटस के लक्षण होते हैं।

## कैसें करें बचाव?

- सही लाइफस्टाइल का चुनाव
- नियमित रूप से एक्सरसाइज करें।
- फाइबर रिच डाइट लें।
- ब्लड शुगर की निगरानी करें



# कब पड़ती है इंसुलिन लेने की जरूरत

डायबिटीज एक गंभीर रोग है। इसे बोलचाल की भाषा में शुगर का जाता है। डायबिटीज सब होता है जब आपका शरीर पर्याप्त इंसुलिन का उत्पादन नहीं करता है या शरीर इसका उपयोग नहीं कर पाता है। डायबिटीज का कोई परमानेंट इलाज नहीं है। इसे आप सही जीवन शैली और दवाई लेकर करके कंट्रोल में कर सकते हैं। वहीं कुछ कंडीशन में मरीज को इंसुलिन भी दिया जाता है। आइए जानते हैं डायबिटीज में इंसुलिन लेने की जरूरत कब पड़ती है इस बारे में हम जानकारी दे रहे हैं।

## डायबिटीज में इंसुलिन लेने की जरूरत कब पड़ती है?

डायबिटीज दो प्रकार की होती है। एक टाइप 1 डायबिटीज है और दूसरा टाइप 2
टाइप 1 डायबिटीज एक ऐसी स्थिति है जब शरीर इंसुलिन का उत्पादन करना पूरी तरह से बंद कर देता है। टाइप 1 डायबिटीज में इंसुलिन लेने की जरूरत होती है, क्योंकि शरीर में नेचुरल रूप से इंसुलिन का निर्माण नहीं हो पता है। यह आमतौर पर बच्चों या युवा लोगों में होता है। बता दे की इंसुलिन एक हार्मोन है जो शरीर में ग्लूकोज यानी कि शुगर के स्तर को नियंत्रित करता है। अगर टाइप 2 डायबिटीज में डायबिटीज कंट्रोल नहीं हो पाता है तब भी इंसुलिन दिया जाता है।
इंसुलिन थेरेपी को आमतौर पर तब शुरू किया जाता है जब प्रारंभिक फास्टिंग प्लाजमा ग्लूकोज 250 से अधिक हो या HbAvc 10% से अधिक हो। इंसुलिन आमतौर पर तब आवश्यकता होती है जब रक्त शर्करा का स्तर 200 से ऊपर हो। हालांकि यह निर्णय डॉक्टर पर निर्भर करता है कि इंसुलिन कब शुरू करना है। डॉक्टर आपके रक्त शर्करा के स्तर,लक्षणों और अन्य स्वास्थ्य कारकों को ध्यान में रखते हुए इंसुलिन थेरेपी शुरू करने का निर्णय लेते हैं।



# डाइट में शामिल करें इस हरे पत्ते का पानी, मिलेंगे ये फायदे

**बथुआ का पानी आपके डाइजेशन को बढ़ाता है, शरीर को डिटॉक्स करता है और आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ावा देता है।**

साग कई प्रकार के होते हैं,जिनमें से एक है सर्दियों में मिलने वाला बथुआ का साग,यह कई पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसे आमतौर पर सब्जी के रूप में खाया जाता है, लेकिन क्या आपको मालूम है कि अगर आप बथुआ साग का पानी पिएं तो आपकी सेहत को कितना लाभ होगा? आइए समझते हैं बथुआ साग का पानी पीने से क्या-क्या फायदे हो सकते हैं।

## बथुआ का पानी पीने के फायदे


- बथुआ का पानी पीने से सर्दियों में आपकी इम्यूनिटी मजबूत हो सकती है। इसमें विटामिन ए, सी, एंटीऑक्सीडेंट होते हैं जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं। इससे मौसमी बीमारियों से बचाव होता है।
- इसमें आयरन की भरपूर मात्रा होती है, ऐसे में अगर आपको खून की कमी है तो आप इसका पानी पी सकते हैं, इससे एनीमिया में फायदा हो सकता है। खून की गुणवत्ता में सुधार होता है।
- इसमें एंटी इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं जो जोड़ों के दर्द और सूजन को कम करने में मदद करता है।
- बथुए का पानी पीने से एसिडिटी कब्ज की समस्या में भी फायदा मिलता है इसमें फाइबर की मात्रा अधिक होती है जो पाचन तंत्र को दुरुस्त रखता है। यह शरीर को डिटॉक्स करता है।

## बथुआ का पानी कैसे तैयार करें?

- इसे बनाना बहुत ही आसान है, इसके लिए आप बथुआ को 3 से 4 पानी साफ से धो लें।
- अब एक बर्तन में पानी डाल कर बथुआ को उबाल लें
- तैयार है बथुआ का पानी आप इसे गर्म या ठंडा करके पी सकते हैं।

# टूटे नाखून से लेकर रूखी हथेलियों तक, इन जरूरी चीजों की कमी का संकेत दे सकते हैं आपके हाथ

**जब भी हमारे शरीर में किसी न्यूट्रिएंट्स की कमी होती है या शरीर में किसी बीमारी की शुरुआत होती है, तो इसके लक्षण साफ नजर आने लगते हैं। अगर आप इन लक्षणों को समय पर पहचान लें, तो आने वाले वक्त की मुश्किलों से बचा जा सकता है। आपके हाथ भी कई जरूरी चीजों के बारे में बताते हैं। नाखूनों का जल्दी टूटना, नाखूनों का पीला होना और भी कई चीजें, शरीर में जरूरी न्यूट्रिएंट्स की कमी का संकेत देती हैं।**



सेहतमंद रहने के लिए, शरीर के सभी अंगों का ठीक से काम करना और शरीर में सभी विटामिन्स, मिनरल्स और हार्मोन्स का लेवल सही होना जरूरी है। जब भी हमारे शरीर में किसी बीमारी के पनपने की शुरुआत होती है या किसी जरूरी न्यूट्रिएंट की कमी होती है, तो इसके कुछ लक्षण शरीर में नजर आने लगते हैं। कमजोरी महूसस होना, हमेशा थकान रहना, डाइजेशन से जुड़ी दिक्कतें या शरीर में दर्द रहना, ये कुछ ऐसी चीजें हैं, जिन्हें हम अक्सर नजरअंदाज करते हैं। लेकिन, असल में ये चीजे सेहत से जुड़ी जरूरी जानकारी देती हैं। हमारे नाखून और हाथ भी सेहत से जुड़े कई इशारे करते हैं, जिन्हें समझकर अगर हम अपने डाइट और लाइफस्टाइल में बदलाव करें, तो हम सेहतमंद रह पाएंगे। हमारे हाथ सेहत के बारे में क्या कुछ कहते हैं और शरीर में किन जरूरी न्यूट्रिएंट की कमी का इशारा करते हैं, इस बारे में एक्सपर्ट से जानते हैं।

- एक्सपर्ट का कहना है कि अगर आपने नाखून क्रैक हैं यानी बीच-बीच में टूटे हुए हैं, तो शरीर में विटामिन बी7 (बायोटिन), विटामिन बी12 और कैल्शियम की कमी हो सकती है। इसकी वजह से नाखून कमजोर होने लगते हैं।
- अगर आपके नाखून पीले हो रहे हैं, तो आपको इस पर खास ध्यान देने की जरूरत है। पीले नाखून, शरीर में आयरन की कमी यानी एनीमिया और लिवर के ठीक तरह से काम न करने को दिखाते हैं। अगर आपके नाखून अधिक पीले हैं, तो यह पीलिया का संकेत भी हो सकता है।
- सर्दियों में हाथों में रूखापन आम बात है। लेकिन, अगर आपके हाथ हमेशा ड्राई करते हैं, तो शरीर में हार्मोनल इंबैलेंसका संकेत हो सकता है। इसका मतलब है आपके शरीर में एस्ट्रोजन की कमी हो सकती है।
- अगर आपके हाथ बहुत अधिक ठंडे रहते हैं, तो यह शरीर में खून की कमीका संकेत हो सकता है। यह हाइपोथायराइड या लो थायराइड फंक्शन का भी संकेत हो सकता है।
- अगर आपके हाथ अक्सर कांपते रहते हैं, तो यह विटामिन-बी 12 की कमी या हाइपोथायराइड का संकेत हो सकता है।
- अगर आपकी उंगलियों या हाथों के ज्वाइंट्स में दर्द होता है, तो इसके पीछे शरीर में एस्ट्रोजन या कैल्शियम की कमी हो सकती है।
- अगर आपको हथेलियों पर पीले धब्बे नजर आए, तो यह शरीर में कोलेस्ट्रॉल लेवल के बढ़े होने का संकेत हो सकता है। यह लिवर के ठीक से काम न करने का संकेत भी हो सकता है।
- जिन लोगों को हाथों में सुई चुभती हुई महसूस होती हैं, उनके शरीर में विटामिन-बी की कमी हो सकती है।
- अगर आपके नाखूनों पर लाइने नजर आ रही हैं, तो यह जिंक या आयरन की कमी का संकेत हो सकता है। इसकी वजह से नाखूनों पर सफेद पैचेज भी नजर आ सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### 400 रुपये तक जा सकते हैं जोमैटो के शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फूड डिलीवरी कंपनी जोमैटो के शेयरों में जबरदस्त तेजी आई है। जोमैटो के शेयर गुरुवार को क्ख्थ में 5 पर्सेंट से अधिक के उछाल के साथ 261.75 रुपये पर जा पहुंचे हैं। मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि जोमैटो के शेयरों में जबरदस्त तेजी देखने को मिल सकती है। कंपनी के शेयरों को पहली बार 400 रुपये का टारगेट मिला है। विदेशी ब्रोकरेज हाउस ष्टरुस्न ने जोमैटो के शेयरों को अपनी हाई-कन्विक्शन आउटपरफॉर्मेंस लिस्ट में शामिल किया है। जोमैटो के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल




304.50 रुपये है। ब्रोकरेज हाउस सीएलएसए ने जोमैटो के शेयरों पर आउटपरफॉर्म रेटिंग बनाए रखी है। सीएलएसए ने जोमैटो के शेयरों का प्राइस टारगेट बढ़ाकर 400 रुपये कर दिया है। ब्रोकरेज हाउस ने पहले कंपनी के शेयरों के लिए 370 रुपये का टारगेट दिया था। जोमैटो के शेयरों को पहली बार 400 रुपये का टारगेट मिला है। ब्रोकरेज हाउस ने अपने एक नोट में लिखा है कि जोमैटो के स्टॉक प्राइस में अपने पीक से हुआ हालिया करेक्शन शेयर में एंट्री करने का शानदार मौका लेकर आया है। जोमैटो के शेयर 304 रुपये के अपने हालिया हाई से 25 पर्सेंट से ज्यााद लुढ़क गए थे।

**दो साल में कंपनी के शेयरों में 400प्रतिशत से ज्यादा की तेजी-** फूड डिलीवरी कंपनी जोमैटो के शेयरों में पिछले 2 साल में 400 पर्सेंट से अधिक का उछाल आया है। जोमैटो के शेयर 20 जनवरी 2023 को 51.50 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 16 जनवरी 2025 को 261.75 रुपये पर जा पहुंचे हैं। जोमैटो के शेयरों में पिछले एक साल में 90 पर्सेंट से अधिक की तेजी देखने को मिली है। कंपनी के शेयर 16 जनवरी 2024 को 133.55 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 16 जनवरी 2025 को 260 रुपये के ऊपर जा पहुंचे हैं। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 304.50 रुपये है। वहीं, जोमैटो के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 121.70 रुपये है।

### बुलेट ट्रेन की स्पीड से भाग रहा आरवीएनएल का शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मल्टीबैगर रेलवे स्टॉक रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) के शेयर आज कारोबार के दौरान फोकस में हैं। कंपनी के शेयर आज 9.19प्रतिशत तक चढ़कर 406.10 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए हैं। शेयरों में इस तेजी के पीछे एक बड़ा ऑर्डर है। दरअसल, कंपनी को भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) से 3622 करोड़ का ऑर्डर मिला है। रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) का शेयर गुरुवार को बीएसई पर 388.00 पर खुला, जो पिछले बंद 371.90 से थोड़ा अधिक है। इसके बाद शेयर की कीमत 9प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ इंट्राडे हाई 406.10 तक पहुंच गई।

#### क्या है डिटेल

रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) ने बुधवार को बाजार बंद होने के बाद भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) से स्वीकृति पत्र प्राप्त करने की घोषणा की। रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) ने कहा कि भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) से डिजाइन, बिल्ड, ऑपरेट और मेंटेनेंस पर भारत नेट के मध्य मील नेटवर्क के विकास (निर्माण, उन्नयन और संचालन और रखरखाव) के लिए अप्रूवल मिला है।

**शेयरों के हाल-** रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) का शेयर पिछले दो सालों में लगभग 5 गुना बढ़ गया है। पिछले 5 सालों में यह 1484प्रतिशत बढ़ गया है और इसने निवेशकों को मल्टीबैगर रिटर्न दिया है।

# शादियों के सीजन से पहले सोने-चांदी के चढ़े भाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शादियों के सीजन से ठीक पहले सोने-चांदी की कीमतों में उछाल नजर आ रहा है। दिल्ली में आज सोने की कीमत 80253 रुपये प्रति 10 ग्राम है। पिछ्ले हफ्ते 10 जनवरी को यहां सोने की कीमत 79383 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। जबकि, दिल्ली में आज चांदी आज चांदी 96700 रुपये प्रति किलोग्राम के रेट से बिक रही है। अगर ऑल इंडिया का औसत रेट देखें तो बिना जीएसटी और मेकिंग चार्ज के 24 कैरेट सोने का भाव 294 रुपये महंगा होकर 78718 रुपये पर खुला और चांदी 1680 रुपये उछ्लकर 91218 रुपये पर पहुंच गई। यह रेट आईबीजेए का है।

लाइव मिंट पर दिए गए रेट के मुताबिक जयपुर में आज सोने का भाव 80246 रुपये प्रति 10 ग्राम है। वहीं, लखनऊ में सोने का आज का भाव 80269 रुपये है। दूसरी ओर चंडीगढ़ में आज सोने का भाव 80262 रुपये प्रति 10 ग्राम है और अमृतसर में आज सोने की कीमत 80280 रुपये।



#### भारत में चांदी के रेट

जयपुर में आज चांदी 97100 रुपये प्रति किलो के रेट से बिक रही है। जबकि, लखनऊ में आज चांदी का भाव 97600 रुपये है। चंडीगढ़ में आज चांदी की कीमत 96100 रुपये तो पटना में 96800 रुपये प्रति किलोग्राम है।

#### आईबीजेए के रेट

आईबीजेए द्वारा जारी रेट के मुताबिक 23 कैरेट गोल्ड का औसत भाव आज 293 रुपये चढ़कर 78718 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। 22 कैरेट गोल्ड में भी 270 रुपये की तेजी है और यह 72106 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव से खुला। 18 कैरेट गोल्ड की कीमत 221 रुपये बढ़कर 59039 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है। जबकि, 14 कैरेट गोल्ड की कीमत भी 172 रुपये गरम होकर 46050 रुपये पर पहुंच गई है। यह रेट इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन ने जारी किया है, जिसमें जीएसटी नहीं लगा है। हो सकता है आपके शहर में इससे 1000 से 2000 रुपये का अंतर आ रहा हो।

# सीसीआई के 213.14 करोड़ रुपये के जुर्माने के खिलाफ मेटा

### व्हाट्सएप की याचिका स्वीकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अपीलीय न्यायाधिकरण एनसीएलएटी ने निष्पक्ष व्यापार नियामक सीसीआई के आदेश के खिलाफ मेटा प्लेटफॉर्म्स और व्हाट्सएप की याचिकाएं गुरुवार को स्वीकार कर लिया। सीसीआई ने बाजार प्रभुत्व के दुरुपयोग के लिए 213.14 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया था। इस मुद्दे पर मेटा और सीसीआई की प्रारंभिक दलीलें सुनने के बाद राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) की दो सदस्यीय पीठ ने कहा कि इस मुद्दे पर विचार करने की आवश्यकता है।

एनसीएलएटी की पीठ ने कहा, हमारा मानना है कि पक्षों द्वारा प्रस्तुत दलीलों पर विचार करने की जरूरत है। हम दोनों अपीलों को स्वीकार करते हैं। पीठ में इसके अध्यक्ष न्यायमूर्ति अशोक भूषण भी शामिल थे। हालांकि, सीसीआई के आदेश पर रोक लगाने संबंधी अंतरिम राहत के बारे में एनसीएलएटी ने कहा कि वह अगले सप्ताह फैसला करेगा।

कार्यवाही के दौरान, व्हाट्सएप और मेटा प्लेटफॉर्म की ओर से पेश हुए वकील ने अपीलीय न्यायाधिकरण से सीसीआई के आदेश पर रोक लगाने का अनुरोध किया। हालांकि, भारतीय




प्रतिस्पर्धा आयोग की ओर से पेश हुए वकील ने इसका विरोध किया।18 नवंबर को, भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने 2021 में किए गए व्हाट्सएप गोपनीयता नीति अपडेट के संबंध में अनुचित व्यावसायिक तरीकों के लिए सोशल मीडिया प्रमुख मेटा पर 213.14 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया था। इसके अलावा, प्रतिस्पर्धा नियामक ने मेटा को प्रतिस्पर्धा-विरोधी गतिविधियों को बंद करने और उनसे दूर रहने का निर्देश दिया। सीसीआई के आदेश के अनुसार, मेटा और व्हाट्सएप को प्रतिस्पर्धा विरोधी मुद्दों के समाधान के लिए एक निर्धारित समयसीमा के भीतर कुछ व्यवहारिक उपायों को लागू करने के लिए भी कहा गया है।

# 960 करोड़ रुपये का मिला ऑर्डर, रॉकेट सा भागा शेयर, सचिन तेंदुलकर का भी दांव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्मॉलकैप कंपनी आजाद इंजीनियरिंग के शेयरों में जबरदस्त तेजी आई है। आजाद इंजीनियरिंग के शेयर गुरुवार को 9 पर्सेंट से अधिक के उछाल के साथ 1732.55 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों में यह तेज उछाल एक बड़ी सप्लाई डील मिलने की वजह से आई है। आजाद इंजीनियरिंग को जीई वर्नोवा इंटरनेशनल से 960 करोड़ रुपये की सप्लाई डील मिली है। इस डील के तहत कंपनी एडवांस्ड गैस टर्बाइन इंजन्स के लिए कॉम्प्लेक्स रोटेटिंग और स्टेशनेरी एयरफॉइल्स की सप्लाई करेगी। दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने भी आजाद इंजीनियरिंग पर दांव लगाया है।

#### 6 साल का है यह कॉन्ट्रैक्ट

आजाद इंजीनियरिंग को मिला यह लॉन्ग टर्म सप्लाई एग्रीमेंट 6 साल के लिए है। इस कॉन्ट्रैक्ट की वैल्यू 112 मिलियन डॉलर (करीब 960 करोड़ रुपये) है। इससे पहले, कंपनी ने नवंबर 2024 में जापान की मित्सुबिशी हेवी इंडस्ट्रीज



लिमिटेड के साथ एक लॉन्ग टर्म कॉन्ट्रैक्ट एंड प्राइस एग्रीमेंट पर दस्तखत किए थे। इस कॉन्ट्रैक्ट की वैल्यू 82.89 मिलियन डॉलर (करीब 700 करोड़ रुपये) थी। आजाद इंजीनियरिंग ने फ्रेंच कंपनी के साथ भी एक स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप की है, जिसकी वैल्यू 340 करोड़ रुपये है।

**एक साल में 150प्रतिशत से ज्यादा उछल गए कंपनी के शेयर-** आजाद इंजीनियरिंग के शेयर पिछले एक साल में 150 पर्सेंट से ज्यादा चढ़ गए हैं। स्मॉलकैप कंपनी के शेयर 16 जनवरी 2024 को 670.70 रुपये पर थे। आजाद इंजीनियरिंग के शेयर 16 जनवरी 2025 को 1732.55 रुपये पर जा पहुंचे हैं। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 2080 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 641.95 रुपये है। आजाद इंजीनियरिंग का आईपीओ 20 दिसंबर 2023 को खुला था और यह 22 दिसंबर तक ओपन रहा। आईपीओ में कंपनी के शेयर का दाम 524 रुपये था।

#### कंपनी पर सचिन तेंदुलकर ने भी लगाया दांव

मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने भी आजाद इंजीनियरिंग पर दांव लगाया। तेंदुलकर ने 6 मार्च 2023 को हैदराबाद बेस्ड कंपनी आजाद इंजीनियरिंग में 5 करोड़ रुपये का निवेश किया।

### हिंडनबर्ग रिसर्च के बंद होने की खबरों के बाद अदाणी के शेयरों में तेजी, कीमतें 9 फीसदी तक उछलीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अदाणी समूह के शेयरों में गुरुवार, 16 जनवरी को 9प्रतिशत तक की उछाल आई। यह उछाल हिंडनबर्ग रिसर्च के बंद होने की खबरों के बाद आई है। यह अमेरिकी निवेश फर्म है जो अपनी शॉर्ट-सेलिंग गतिविधियों के लिए जानी



जाती है। अदाणी पावर के शेयर 9प्रतिशत उछ्लकर बीएसई पर 599.90 रुपये के दिन के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए, अदाणी ग्रीन एनर्जी 8.8प्रतिशत उछ्लकर 1,126.80 रुपये पर पहुंच गई। अदाणी एंटरप्राइजेज 7.7प्रतिशत बढ़कर 2,569.85 रुपये पर पहुंच गया, जबकि अदाणी टोटल गैस में 7प्रतिशत की उछाल के साथ 708.45 रुपये पर पहुंच गया। अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस 6.6प्रतिशत बढ़कर 832.00 रुपये के दिन के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, और अदाणी पोर्ट्स 5.5प्रतिशत बढ़कर 1,190 रुपये पर कारोबार कर रहा है।

# ब्रोकरेज फर्म एमके ने टार्गेट प्राइस 750 से बढ़ाकर 1,050 किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेमेंट एग्रीगेटर पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस के शेयरों में गुरुवार, 16 जनवरी को 6 प्रतिशत तक की बढ़त दर्ज की गई। ब्रोकरेज फर्म एमके ग्लोबल द्वारा पेटीएम को अपग्रेड करके रेटिंग दिए जाने के बाद शेयर की कीमत में यह उछाल आया। एमके ने पेटीएम पर अपने टार्गेट प्राइस को भी 40 फीसद बढ़ाकर 750 से 1,050 कर दिया है। आज पेटीएम के शेयर 879 रुपये पर खुले और 926.70 रुपये के दिन के हाई लेवल तक गए। सुबह 11.20 बजे 5.51 पर्सेंट ऊपर 906.40 रुपये पर ट्रेड कर रहे थे। ब्रोकरेज ने संशोधित टार्गेट प्राइस बुधवार के बंद लेवल से 23प्रतिशत की संभावित बढ़त दर्शाता है। एमके का टार्गेट प्राइस पेटीएम के हाल के हाई 1,062.95 से काफी नीचे है, जो पिछले साल 17 दिसंबर को पहुंचा था। शेयर उन स्तरों से लगभग 20प्रतिशत नीचे है।

**ब्रोकरेज ने क्यों बढ़ाया टार्गेट प्राइस-** ब्रोकरेज ने अपने नोट में लिखा है कि हाल ही में हक्क्ष्ट्ठ की मंजूरी ने एक प्रमुख विनियामक ओवरहैंग को जारी किया है। इससे पेटीएम को अगले 12 से 18 महीनों में अपने रूञ्ज (मासिक लेन-देन करने वाले उपयोगकर्ता) आधार को फिर से बनाने में मदद मिलेगी। इससे यह लोन, बीमा और फंड मैनेजमेंट उत्पादों जैसे रिटेल फाइनेंशियल प्रोडक्ट्स को क्रॉस-सेल करने में सक्षम होगा। इससे उसके प्रति यूजर रेवेन्यू में सुधार होगा।

#### पेटीएम वित्तीय वर्ष 2026 तक प्रॉफिटेबिलिटी की ओर अग्रसर

एमके ने यह भी बताया कि पेटीएम वित्तीय वर्ष 2026 तक प्रॉफिटेबिलिटी की ओर अग्रसर है, जिसके बाद और तेजी आएगी। पेपे कॉर्प में हाल ही में हिस्सेदारी बिक्री के बाद, कंपनी का कैश/एमकैप अनुपात 21प्रतिशत है। जबकि जोमैटो के लिए यह 5प्रतिशत है। एमके का मानना है कि यह सुरक्षा का एक मजबूत मार्जिन प्रदान करता है। इसका उपयोग बिजनेस के ग्रोथ को तेज करने के लिए किया जा सकता है, या फिर डिविडेंड या स्टॉक बायबैक के माध्यम से शेयरहोल्डर्स को पुरस्कृत करने के लिए भी किया जा सकता है। मनीकंट्रोल के मुताबिक पेटीएम पर कवरेज करने वाले 19 एनॉलिस्ट में से 8 ने क्चह्व4 रेटिंग दी है, छह ने होल्ड और उनमें से पांच ने स्टॉक पर स्द्गद्यद्य रेटिंग दी है। बुधवार को पेटीएम के शेयर 4.54प्रतिशत बढ़कर 855 पर बंद हुए। इस अपडेट के बावजूद, एमके का टार्गेट प्राइस पेटीएम के आईपीओ मूल्य 2,150 से 51प्रतिशत कम है, जबकि इसकी मौजूदा कीमत इश्यू मूल्य से 60प्रतिशत कम है।

# एलएंडटी चेयरमैन एस. एन. सुब्रमण्यन के बयान पर विजय केडिया ने मजाकिया लहजे में प्रतिक्रिया दी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एलएंडटी के चेयरमैन एस.एन. सुब्रह्मण्यन ने एक सप्ताह में 90 घंटे तक काम करने की वकालत की थी। पिछले सप्ताह उन्होंने यह कहकर बहस छेड़ दी थी, मुझे खेद है कि मैं आपको रविवार को काम नहीं करवा पा रहा हूं। इस असंवेदनशील बयान ने सोशल मीडिया पर बड़ी बहस छेड़ दी है। इस बहस में कई उद्योगपतियों ने भी अपनी राय साझा की है। अब इस बहस में शेयर बाजार के बड़े खिलाड़ी विजय केडिया भी कूद पड़े हैं। उन्होंने इस मसले पर बड़े ही मजाकिया अंदाज में ट्वीट किया है। एलएंडटी के चेयरमैन एस.एन. सुब्रमण्यन ने कहा मुझे खेद है कि मैं आपको रविवार को काम नहीं करवा पा रहा हूं। उन्होंने यह भी कहा था कि वे अपनी पत्नी को कितनी देर तक घूर सकते हैं। आप घर पर बैठकर क्या करते हैं आप अपनी पत्नी को कितनी देर तक घूर सकते हैं पत्नियां अपने पतियों को कितनी देर तक घूर सकती हैं दफ़्तर जाओ और काम करना शुरू करो।

#### विजय केडिया ने भी मौज़ ली है

शेयर मार्केट के एक्सपर्ट विजय केडिया भी इस मुद्दे पर मज़ाकिया अंदाज़ में बोल पड़े हैं। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, आज दफ़्तर में एक दिल को छू लेने वाला पल था। हमारे बॉस ने अभी-अभी एक लेम्बोर्गिनी खरीदी है! हम उन्हें बधाई देने के लिए एकत्र हुए, और उनके शब्दों ने हमें वास्तव में प्रेरित किया- इस उपलब्धि के लिए आप सभी का धन्यवाद। आपके बिना, यह संभव नहीं होता। आपके अथक 90-घंटे के सप्ताह ने इस लेम्बोर्गिनी को वास्तविकता बना दिया। आज, मैं आप सभी से वादा करता हूँ......यदि आप इसी तरह कड़ी मेहनत करते रहेंगे, तो मैं अगले साल एक और खरीदूंगा!

केवल विजय केडिया ही नहीं, बल्कि आनंद महिंद्रा, अदार पूनावाला, अनुपम मित्तल जैसे कई अन्य उल्लेखनीय नामों ने भी एलएंडटी प्रमुख के अपमानजनक सुझाव की आलोचना की है। एमएंडएम के चेयरमैन महिंद्रा ने हाल ही में कहा कि लंबे समय तक काम करने पर चल रही बहस गलत दिशा में है क्योंकि यह काम के घंटों की मात्रा पर जोर देती है।

# अगले साल चौथी सबसे बड़ी जीडीपी बन जाएगा भारत

### दावा- 2025-26 में 7.7 प्रतिशत रहेगी वृद्धि दर




**नई दिल्ली, एजेंसी।** उद्योग मंडल पीएचडीसीसीआई का मानना है कि भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष में 6.8 फीसदी और 2025-26 में 7.7 फीसदी की रफ्तार से आगे बढ़ सकती है। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) के अध्यक्ष हेमंत जैन ने कहा, पिछले तीन वर्षों से मजबूती से आगे बढ़ने वाला भारत अगले साल यानी 2026 तक जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। उद्योग मंडल ने कहा, वैश्विक चुनौतियों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था उम्मीद की एक किरण के रूप में दिखाईदे रही है।

दुनिया की कई प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं धीमी वृद्धि से जूझ रही हैं, जबकि भारत ने ठोस आर्थिक बुनियाद और सरकारी सुधारों के दम पर उल्लेखनीय प्रगति का प्रदर्शन किया है।

**फरवरी में 0.25प्रतिशत घटेगी रेपो दर-** पीएचडीसीसीआई के उप महासचिव एसपी शर्मा ने कहा, खुदरा महंगाई कम हो रही है। चालू वित्त वर्ष में खुदरा महंगाई घटकर 4.5 फीसदी और आने वाली तिमाहियों में चार से 2.5 फीसदी के बीच रह सकती है। खुदरा महंगाई घटने के कारण आरबीआई फरवरी की मौद्रिक समीक्षा में रेपो दर में 0.25 फीसदी कटौती कर सकता है।

**40 लाख से अधिक आय वालों पर लगे उच्चतम कर-** उद्योग मंडल ने आगामी बजट पर कहा, लोगों के हाथों में खर्च के लायक अधिक आय रखकर खपत को बढ़ावा देना जरूरी है। इसके लिए आयकर की उच्चतम दर सिर्फ 40 लाख रुपये से अधिक सालाना आय वाले व्यक्तियों पर लागू ही होनी चाहिए।

# आंद्रे रसेल ने 200 की स्ट्राइक रेट से ठोके रन, मारे सिर्फ छक्के ही छक्के



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आंद्रे रसेल. अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी का नजारा दिखाने को वर्ल्ड फेमस हैं. और, यही काम उन्होंने फिर एक बार इंटरनेशनल लीग टी20 यानी ढ्ढरुञ्ज20 में किया है. ढ्ढरुञ्ज20 में आंद्रे रसेल अबू धाबी नाइट राइडर्स के ना सिर्फ खिलाड़ी हैं, बल्कि कप्तान भी है. और, इन दोनों ही भूमिकाओं में वो अब तक खरे उतरे हैं. पहला मुकाबला गंवाने के बाद अबू धाबी नाइट राइडर्स ने दूसरा मुकाबला शानदार अंदाज में जीता. टीम का दूसरा मैच शारजाह वॉरियर्ज से था, जिसमें उसने 30 रन की बंपर जीत दर्ज की. इस जीत के नायक भले ही कभी धोनी-विराट के पुराने आईपीएल साथी रहे डेविड विली बने. लेकिन, इसकी बुनियाद आंद्रे रसेल ने 200 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी कर पहले ही लिख दी थी.शारजाह वॉरियर्ज के खिलाफ मुकाबले में अबू धाबी नाइट राइडर्स ने पहले बैटिंग की और 20 ओवर में 5 विकेट पर 159 रन बनाए. हालांकि, टीम के लिए इस स्कोर तक पहुंचना आसान नहीं होता अगर आखिर में आंद्रे रसेल का बल्ला चला ना होता. छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे कप्तान रसेल ने 200 के स्ट्राइक रेट से बल्ला घुमाया और शारजाह वॉरियर्ज के गेंदबाजों के खिलाफ धावा बोल दिया. आंद्रे रसेल जब बल्लेबाजी करने उतरे थे टीम का स्कोर 16वें ओवर में 5 विकेट पर 109 रन था. लेकिन, उसके बाद उन्होंने जिस तरह से बल्लेबाजी की अबू धाबी नाइट राइडर्स के स्कोर बोर्ड में 50 रन और जुड़ गए. आंद्रे रसेल ने सिर्फ 12 गेंदों पर 24 रन की नाबाद पारी खेली. मतलब 200 की स्ट्राइक रेट से खेलते हुए वो आखिर तक आउट नहीं हुए. उनकी तूफानी पारी की एक और खास बात रही कि उन्होंने चौके नहीं सिर्फ छक्के मारे. शारजाह वॉरियर्ज के खिलाफ रसेल ने 3 छक्के मारे, जबकि चौके एक भी नहीं.

# पार्ल रॉयल्स ने मुंबई केपटाउन को 6 विकेट से हराया



**पार्ल, एजेंसी।** उदीयमान सितारे लुआन ड्रे प्रिटोरियस ने शानदार अर्धशतक लगाया जिसकी मदद से पार्ल रॉयल्स ने एसए 20 लीग के मैच में मुंबई केपटाउन को छह विकेट से मात दी। 18 वर्ष के प्रिटोरियस ने 52 गेंद में 83 रन की पारी में तीन छक्के और आठ चौके लगाये । इसी मैदान पर पदार्पण मैच में उन्होंने 97 रन बनाए थे। मुंबई इंडियंस केपटाउन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 158 रन बनाए थे। प्रिटोरियस को पारी में दो जीवनदान भी मिले जिसका उन्होंने पूरा फायदा उठाया। वह एमआई केपटाउन के कप्तान राशिद खान की शानदार फील्डिंग पर रन आउट होकर पवेलियन लौटे। रॉयल्स के कप्तान डेविड मिलर ने नाबाद 22 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया। इससे पहले एमआई केपटाउन ने रासी वान डेर डुसेन के 64 गेंद में नाबाद 91 रन की मदद से मजबूत स्कोर बनाया। रीजा हेंडरिक्स ने 30 रन का योगदान दिया लेकिन मुजीबुर रहमान ने जैसे ही उन्हें आउट किया, उनकी टीम की लय टूट गई।

# खिलाड़ियों की अनुशासनहीनता से नाराज टीम इंडिया के हेड कोच

**नईदिल्ली, एजेंसी।** क्या टीम इंडिया के क्रिकेटर अनुशासनहीन हैं? ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद हुई भारतीय क्रिकेट टीम की रिव्यू मीटिंग में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं. टीम इंडिया के ड्रेसिंग रूम में आईसीसी की अनुशासनहीनता से हेड कोच गौतम गंभीर नाराज बताए जा रहे हैं. उन्होंने रिव्यू मीटिंग में टीम इंडिया के राज खोले हैं. वहीं हाल में भारतीय क्रिकेट टीम में फैमिली टूर को लेकर नियमों में कई बदलाव हुए थे, संभवतः माना जा रहा है यह सब भी उस रिव्यू मीटिंग के बाद ही हुआ है. हेड कोच गौतम गंभीर ने रिव्यू मीटिंग में बॉर्डर



गावस्कर ट्रॉफी सीरीज हारने के बाद भारतीय ड्रेसिंग रूम में अनुशासनहीनता के बारे में बात की थी. ध्यान रहे इस सीरीज में भारत को 1-3 से सीरीज गंवानी पड़ी थी. जो जानकारी मिली है, उसके अनुसार- खिलाडियों की अनुशासनहीनता ही वह कारण है जिसके चलते बीसीसीआई टूर पर 2 सप्ताह तक परिवार के साथ रहने के कोविड-19 से पहले के नियमों पर वापस जा रहा है.

वहीं रिव्यू मीटिंग में सामने आया है कि गौतम गंभीर और खिलाड़ी परिवार के साथ रहने के मुद्दे पर एकमत थे. रिव्यू मीटिंग में यह भी तय हुआ कि जूनियर/युवा क्रिकेटरों के साथ सख्ती बरतने की जरूरत है. वहीं हैरानी वाली बात यह रही कि ऑस्ट्रेलिया में डेढ़ महीने लंबे दौरे में केवल एक टीम डिनर हुआ था .

बैठक में मौजूद एक वरिष्ठ खिलाड़ी ने बीसीसीआई को मैच फीस न बांटने का सुझाव दिया क्योंकि खिलाड़ी घरेलू और राष्ट्रीय टीम को प्राथमिकता नहीं दे रहे हैं. यह भी समझा जा रहा है कि कोलकाता में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच के दौरान गौतम गंभीर और बीसीसीआई के बीच सभी विवादों के बीच बैठक हो सकती है.

# कुलदीप ने शुरू की गेंदबाजी, इंग्लैंड के खिलाफ खेल सकते हैं वनडे सीरीज



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव ने 22 जनवरी से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली व्हाइट-बॉल सीरीज और आगामी ढ्ढष्टष्ट चैंपियंस ट्रॉफी से पहले टीम इंडिया में वापसी की तैयारी के लिए नेट्स में अभ्यास करना शुरू कर दिया है। इंस्टाग्राम पर कुलदीप ने नेट्स में गेंदबाजी करते हुए एक वीडियो साझा किया जिसमें वह अपने अभ्यास सत्र में पूरी तरह से लॉक इन नजर आ रहे हैं। कुलदीप पिछले साल नवंबर से इस साल जनवरी तक आयोजित ऑस्ट्रेलिया के बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी दौरे के लिए चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे क्योंकि उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के अंत के बाद उनके पुराने बाएं कमर के दर्द के दीर्घकालिक समाधान के लिए बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में भेजा गया था। भारत के लिए उनका आखिरी मैच न्यूजीलैंड सीरीज का पहला टेस्ट था जिसमें उन्होंने तीन विकेट लिए थे।

जब वह वापस आएंगे, तो कुलदीप के पास 300 अंतरराष्ट्रीय विकेट लेने का एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर होगा। 159 अंतरराष्ट्रीय मैचों में उन्होंने 22.50 की औसत से 297 विकेट लिए हैं जिसमें 6/25 का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़ा है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 8 बार पांच विकेट लिए हैं। कुलदीप 22 जनवरी से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए टीम का हिस्सा नहीं हैं।

पांच मैचों की टी20 सीरीज 22 जनवरी को कोलकाता में शुरू होगी। दूसरा और तीसरा मैच क्रमशः 25 और 28 जनवरी को चेन्नई और राजकोट में खेला जाएगा। सीरीज का चौथा मैच 31 जनवरी को पुणे में खेला जाएगा। मुंबई 2 फरवरी को टी20 सीरीज के अंतिम मैच की मेजबानी करेगा। तीन मैचों की वनडे सीरीज 6 फरवरी से शुरू होगी। भारत के लिए नई चुनौती आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी है, जो 19 फरवरी से शुरू होकर 9 मार्च तक चलेगी। इसकी मेजबानी पाकिस्तान और यूएई करेंगे, जिसमें भारत हाइब्रिड मॉडल के तहत यूएई में अपने मैच खेलेगा। आठ टीमों के इस टूर्नामेंट में 15 50 ओवर के मैच होंगे और ये पूरे पाकिस्तान और दुबई में खेले जाएंगे। दो चिर प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान के बीच टूर्नामेंट का सबसे बड़ा मैच 23 फरवरी को दुबई में खेला जाएगा।

भारत अपने अभियान की शुरुआत 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ करेगा। भारत का आखिरी लीग मैच 2 मार्च को न्यूजीलैंड के खिलाफ होगा। टूर्नामेंट के ग्रुप ए में मौजूदा चैंपियंस ट्रॉफी धारक और मेजबान पाकिस्तान के साथ भारत, न्यूजीलैंड और बांग्लादेश शामिल हैं जबकि ग्रुप बी में क्रिकेट विश्व कप 2023 चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के साथ अफगानिस्तान, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं।

# इस खबर ने मुझे हंसाया, जसप्रीत बुमराह ने चैंपियंस ट्रॉफी के बीच बेड रेस्ट की खबरों पर तोड़ी चुप्पी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने उन रिपोर्टों को खारिज कर दिया है जिसमें दावा किया गया है कि चैंपियंस ट्रॉफी से पहले उन्हें बेड रेस्ट की सलाह दी गई है। इससे पहले बुधवार को एक रिपोर्ट में बताया गया था कि बुमराह को घर पर आराम करने की सलाह दी गई है जिससे चैंपियंस ट्रॉफी में उनके भाग लेने पर संदेह पैदा हो गया है, जो 19 फरवरी से शुरू होगी। अब तेज गेंदबाज ने इस मामले पर खुलकर बात की है और इसे फर्जी खबर करार दिया है। बुमराह ने एक्स पर पोस्ट किया, मुझे पता है कि फर्जी खबरें फैलाना आसान है, लेकिन इस खबर ने मुझे हंसाया। स्रोत अविश्वसनीय हैं। बुमराह को पिछले हफ्ते सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के निर्णायक पांचवें टेस्ट के दौरान चोट लग गई थी। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में गेंदबाजी नहीं की और भारत मैच के साथ ही सीरीज (1-3) भी हार गया।



बुमराह ने सीरीज का अंत 32 विकेट के साथ किया जो किसी भी खिलाड़ी द्वारा सबसे अधिक है, और उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। कप्तान रोहित शर्मा द्वारा पर्थ में सीरीज के शुरुआती मैच को छोड़ने का फैसला करने के बाद भारत ने उनके नेतृत्व में दौरे का अपना एकमात्र मैच जीता। शीर्ष रैंकिंग वाले टेस्ट गेंदबाज बुमराह को दिसंबर 2024 के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड से भी सम्मानित किया गया। अंतरराष्ट्रीय मंच पर उनके यादगार वर्ष का समापन ऑस्ट्रेलिया में और अधिक शानदार प्रयासों के साथ हुआ जिसमें उन्होंने दिसंबर के तीन टेस्ट मैचों में 14.22 की औसत से 22 विकेट लिए।

# आकाश दीप ने टीम में दरार की रिपोर्टों को खारिज किया




**नई दिल्ली, एजेंसी।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के दौरान टीम के भीतर दरार की ओर इशारा करने वाली रिपोर्टों पर विचार करते हुए, भारतीय तेज गेंदबाज आकाश दीप ने उन रिपोर्टों को खारिज कर दिया और कहा कि ऐसे कारक वास्तव में टीम की एकता को प्रभावित नहीं करते हैं क्योंकि खिलाड़ी अपने ऑन-फील्ड प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित करते हैं। मेलबर्न में बॉक्सिंग डे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया से 184 रनों की बड़ी हार के बाद, भारतीय ड्रेसिंग रूम में बेचैनी की खबरें सामने आई, जिसमें दावा किया गया कि मुख्य कोच गौतम गंभीर ने अपने भाषण में कहा, बहुत हो गया (मुझे बहुत हो गया), ड्रेसिंग रूम का माहौल आदर्श से बहुत दूर था।

आकाश ने कहा, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता... खेल के दौरान, खिलाड़ी का ध्यान हमेशा इस बात पर रहता है कि वे टीम के लिए क्या योगदान दे सकते हैं, क्योंकि टेस्ट क्रिकेट में आपको पूरे समय पूरी तरह से व्यस्त रहना होता है। अगर आप खेल से थोड़ा भी अलग हो गए, तो आप पूरा मैच मिस कर सकते हैं। मुझे नहीं लगता कि ये बाहरी कारक टीम के लिए वास्तव में मायने रखते हैं, क्योंकि हर कोई मैदान पर क्या हो रहा है, इस पर ध्यान केंद्रित करता है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट क्रिकेट प्रतिद्वंद्विता पांच दिवसीय खेल में सबसे प्रतिष्ठित में से एक मानी जाती है। दोनों देशों के बीच प्रतिस्पर्धा का इतिहास रहा है, और क्रिकेट के मैदान अक्सर मौखिक झड़पों और शारीरिक झगड़ों के मिश्रण के साथ युद्ध के मैदान में बदल जाते हैं।

# ऑस्ट्रेलियन ओपन: स्वीयाटेक तीसरे राउंड में , राडुकानू से भिड़ेंगी

**मेलबर्न, एजेंसी।** इगा स्वीयाटेक ने गुरुवार को स्लोवाकिया की रेबेका स्रामकोवा को 6-0, 6-2 से हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन के तीसरे दौर में प्रवेश किया। अपेक्षाकृत हल्की और हवादार परिस्थितियों में, स्वीयाटेक ने 16 विनर्स लगाए और 14 अनफोर्स्ड एरर किए और उन्हें ब्रेक पॉइंट का सामना नहीं करना पड़ा। उन्होंने कोर्ट पर दबदबा बनाया और 26 रैलियों में से 20 में जीत हासिल की, जो पांच शॉट या उससे अधिक समय तक चलीं।

स्वीयाटेक ने कहा, मैंने आज वास्तव में ठोस महसूस किया। यह वास्तव में एक कुशल खेल था। मुझे खुशी है कि मैंने अपना ध्यान बनाए रखा क्योंकि कभी-कभी आपको लगता है कि यह थोड़ा आसान लगता है और यह बाद में समस्या पैदा कर सकता है क्योंकि आपका ध्यान भटक सकता है, लेकिन मुझे खुशी है कि मैंने अपना ध्यान बनाए रखा और मैं ठोस थी। स्वीयाटेक ने अब ग्रैंड स्लैम में पहले दो राउंड में अपने पिछले 40 मैच जीते हैं। स्रामकोवा के खिलाफ उनका पहला सेट 2020 की शुरुआत से ग्रैंड स्लैम में उनका 24वां 6-0 सेट है। डब्ल्यूटीए के आंकड़ों के अनुसार, आर्यना सबालेंका नौ सेट के साथ इस अवधि में अगली सर्वश्रेष्ठ हैं।

तीसरे दौर में स्वीयाटेक 2021 यूएस ओपन चैंपियन एम्मा राडुकानू से भिड़ेंगी। राडुकानू अमांडा अनिसिमोवा के खिलाफ दूसरे दौर में एक कठिन ड्रॉ से गुज़रीं, दोनों सेटों में ब्रेक डाउन से वापस आकर 6-3, 7-5 से जीत दर्ज की और पहली बार मेलबर्न पार्क में तीसरे दौर में जगह बनाई। स्वीयाटेक 61वें नंबर की राडुकानू के खिलाफ़ अपराजित हैं, उन्होंने बिना कोई सेट गंवाए पिछले तीनों मुकाबलों में जीत हासिल की है। उनका आखिरी मुकाबला पिछले साल स्टटगार्ट में क्ले पर हुआ था। क्वार्टर फ़ाइनल में स्वीयाटेक ने 7-6(2), 6-3 से जीत हासिल की। स्वीयाटेक ने तीसरे राउंड तक पहुंचने के दौरान एक भी सेट नहीं गंवाया



है, और मेलबर्न के बाद सबालेंका से डब्ल्यूटीए रैंकिंग नंबर 1 को फिर से हासिल करने की उनकी कोशिश पर उनकी प्रगति का महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है।

मेलबर्न पार्क से शीर्ष स्थान के साथ जाने का मौका तीन खिलाड़ियों के पास थाः सबालेंका, स्वीयाटेक और नंबर 3 कोको गॉफ। तीसरे राउंड में जगह बनाकर स्वीयाटेक ने गॉफ के नंबर 1 पर रहने के अवसरों को समाप्त कर दिया है और सबालेंका के लिए गणना बदल दी है, जिन्हें अब शीर्ष स्थान पर बने रहने के लिए सेमीफाइनल में जगह बनानी होगी।

# देवदत्त पडिक्कल ने ऋतुराज, एबी डिविलियर्स, कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा, भारतीय वनडे टीम में एंट्री का ठोका दावा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए टीम इंडिया का ऐलान नहीं किया गया है और अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति कथित तौर पर भारतीय टीम की घोषणा होने से पहले विजय हजारे ट्रॉफी के खत्म होने का इंतजार कर रही है, लेकिन इस टूर्नामेंट में कई ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने अपने बेहतरीन प्रदर्शन से भारतीय सेलेक्टर्स की परेशानी बढ़ा दी है कि टीम में किसे जगह दें और किसे अभी मौका नहीं दिया जाए।

विजय हजारे टूर्नामेंट में कर्नाटक के बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल का प्रदर्शन भी निरंतर रहा है और उन्होंने बुधवार को विजय हजारे ट्रॉफी में लगातार सातवां अर्धशतक जड़कर अपनी टीम को फाइनल में पहुंचाया।



वडोदरा के कोटांबी स्टेडियम में 238 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कर्नाटक की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ओवर में ही कप्तान और इस टीम के लिए इस सीजन में रन बनाने वाले बल्लेबाज मयंक अग्रवाल का विकेट गंवा दिया।

मयंक के आउट होने के बाद देवदत्त पडिक्कल ने टीम की पारी को संभालने का काम किया और 86 रन की शानदार पारी खेलते हुए अपनी टीम को 5 विकेट से जीत दिला दी। उन्होंने स्मरण के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 128 रन की शानदार साझेदारी की और टीम की जीत में दोनों ने बड़ी भूमिका निभाई। अपनी इस पारी के दम पर देवदत्त पडिक्कल ने लिस्ट ए क्रिकेट में अपने 2000 रन पूरे किए और ऋतुराज गायकवाड़, माइकल बेवन, विराट कोहली और एबी डिविलियर्स जैसे खिलाड़ियों को पीछे छोड़ दिया।

देवदत्त पडिक्कल ने लिस्ट ए क्रिकेट में 2000 रन 82.38 की औसत से बनाए हैं और लिस्ट ए क्रिकेट में कम से कम 2000 रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में सबसे ज्यादा की औसत से रन बनाने के मामले में वो पहले नंबर पर पहुंच गए। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर ऋतुराज गायकवाड़ हैं जिनका औसत 58.16 का रहा है जबकि तीसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व खिलाड़ी माइकल बेवन हैं जिनका औसत (57.86) का है जबकि विराट कोहली (57.05) और एबी डिविलियर्स (53.47) चौथे और पांचवें स्थान पर हैं।

पडिक्कल ने इससे पहले वाले मैच में यानी क्वार्टर फाइनल में उन्होंने बड़ोदा के खिलाफ 102 रन की पारी खेली और अपनी इन पारियों से उन्होंने भारतीय वनडे टीम में एंट्री का दरवाजा खटखटा दिया है। उनके लिस्ट ए करियर की बात करें तो उन्होंने अब तक खेले 32 मैचों में 82.52 की औसत के साथ 2063 रन बनाए हैं और इस दौरान 3 शतक व 17 अर्धशतक लगाए हैं। लिस्ट ए में उनका बेस्ट प्रदर्शन नाबाद 124 रन रहा है। देवदत्त भारत के लिए टेस्ट और टी20 प्रारूप में खेल चुके हैं, लेकिन वनडे प्रारूप में वो डेब्यू नहीं कर पाए हैं।

### गेम चेंजर की असफलता पर बोले शंकर

# अच्छे दृश्य थे बेहतर हो सकती थी फिल्म



**रामचरण** अभिनीत गेम चेंजर 10 जनवरी से सिनेमाघरों में चल रही है। 450 करोड़ के भारी भरकम बजट में बनी इस फिल्म को पूरा करने में निर्देशक शंकर ने 3 साल का लम्बा वक्त लिया। प्रदर्शन के बाद फिल्म को असफल करार दे दिया गया है। अपने पांच दिन के प्रदर्शन में इस फिल्म ने अभी तक सिर्फ 100 करोड़ का आंकड़ा पार किया है। ऐसे में गेम चेंजर के निर्देशक एस शंकर ने फिल्म की एवरेज परफॉर्मेंस पर अपनी गलती होने की बात कही है। बिहांडवुड्स टीवी को दिए एक हालिया इंटरव्यू में शंकर ने कबूल किया कि वो फिल्म में बहुत कुछ बेहतर कर सकते थे। उन्होंने कहा- कोई भी फिल्म मेकर अपनी फिल्म से कभी संतुष्ट नहीं होता। मुझे बिल्कुल पर लगता है कि ये फिल्म और बेहतर हो सकती थी। हमारे पास कई अच्छे सीन थे, लेकिन हमें उनमें काटकर छोटा करना पड़ा। शंकर ने आगे कहा- इसका मतलब ये हुआ कि हमने कुछ बेहतरीन कंटेंट खो दिया। आप तीन घंटे की फिल्म में हर सीन को शामिल नहीं कर सकते। फिल्म का टोटल ड्यूरेशन पांच घंटे हो गया था। ये किसी स्कल्पचर को तराशने जैसा था। अगर आप कोई अच्छा स्कलप्चर बनाना चाहते हैं तो वो पत्थर की बनी हो तो बेहतर है। बता दें कि फिल्म गेम चेंजर से शंकर ने अपना तेलुगु डेब्यू किया है।

बता दें कि ऐसी खबरें भी थीं कि गेम चेंजर के चार गानों- जरागांडी, धोप, नाना हयारन, और रा माचा माचा पर मेकर्स ने 75 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। लेकिन अब शंकर ने इस बात से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा, ये सच नहीं है। लोग यहां तक कह रहे हैं कि हमारी फिल्म ने अपना टैक्स चार गुना बढ़ा लिया है।

# सैफ अली खान पर हमला, अस्पताल में भती

## घर में घुसकर शख्स ने मारा



**सैफ** अली खान के बांद्रा वाले घर में घुसे अज्ञात शख्स ने उन पर हमला कर दिया। उन्हें मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती कर दिया गया है।

बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर बुधवार देर रात उनके ही घर में चाकू से हमला किया गया। इसके बाद उन्हें मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया।

उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि घटना आधी रात को अभिनेता के बांद्रा स्थित घर पर हुई। घटना की सूचना मिलने के बाद बांद्रा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, एक अज्ञात शख्स सैफ के घर में घुसा।

दोनों के बीच हाथापाई हुई। घटना के समय अभिनेता के कुछ पारिवार के अन्य सदस्य भी घर में मौजूद थे। कहा यह भी जा रहा है कि घर में घुसे शख्स की नौकरानी से बहस हुई। जब अभिनेता ने बीच-बचाव कर व्यक्ति को समझाने और शांत करने की कोशिश की, तो उसने सैफ अली खान पर हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक, बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर घर में घुसे चोरों ने चाकू से हमला कर दिया है। उन्हें मुंबई के अस्पताल में भर्ती किया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

बांद्रा के डीसीपी ने कहा, ये सच है, रात 2.30 बजे सैफ अली खान के घर में अनजान शख्स घुसा। इस दौरान सैफ अली खान पर चोर ने चाकू से हमला कर दिया। डीसीपी ने बताया कि इसके बाद उन्हें मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हालांकि, ये चोटें उतनी गंभीर नहीं हैं। अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि उन्हें चाकू मारा गया है या वे हाथापाई में घायल हुए हैं। यह झगड़ा सैफ अली खान की काम वाली से हो रहा था। सैफ अली खान ने जब इस झगड़े में बोला तो शख्स ने उन पर ही हमला कर दिया।

### यहां रहते हैं सैफ अली खान

बता दें कि सैफ अली खान का बांद्रा में सतगुरु शरण बिल्डिंग में उनका आलीशान 3 बेडरूम अपार्टमेंट है, जिसमें छत, बालकनी और स्विमिंग पूल भी है। इसमें सैफ करीना कपूर खान और बच्चे तैमूर और जेह भी उनके साथ रहते हैं।



# हिंदी पट्टी में भी काफी मशहूर हैं विजय सेतुपति

**विजय** सेतुपति भारतीय सिनेमा के एक ऐसे अभिनेता हैं, जिन्होंने अपनी मेहनत और अभिनय से दक्षिण भारत की फिल्म इंडस्ट्री में एक बड़ा मुकाम हासिल किया। मुख्य रूप से तमिल फिल्मों में अपने अभिनय का जलवा दिखाने वाले विजय ने अपने करियर की शुरुआत छोटे-मोटे किरदारों को निभाकर की थी, लेकिन धीरे-धीरे अपनी प्रतिभा के दम पर उन्होंने केवल साउथ ही नहीं, बल्कि हिंदी पट्टी में भी अपनी तगड़ी फैन फॉलोइंग बना ली। फिल्मों में आने से पहले किए कई काम

विजय सेतुपति आज जिस मुकाम पर हैं, उसे हासिल करने के लिए उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ा। बचपन में वह औसत से भी नीचे के छात्र थे। विजय सेतुपति बैचलर ऑफ कॉमर्स की पढ़ाई कर चुके हैं। वह फिल्मी बैकग्राउंड से नहीं आते। अभिनय की दुनिया में कदम रखने से पहले उन्होंने एक रिटेल स्टोर में सेल्समैन, फास्ट फूड ज्वाइंट में कैशियर और पॉकेट मनी के लिए फोन बूथ ऑपरेटर के रूप में काम किए हैं। इसी दौरान जब वह इन सब कामों से निराश हो गए थे तो भारत आ गए थे। उन्होंने 16 साल की उम्र में एक बार नम्मावर में एक भूमिका के लिए ऑडिशन दिया था, लेकिन छोटी हाइट के चलते उन्हें रिजेक्शन झेलना पड़ा था।

### फिल्मों में पैर जमाने के लिए किया लंबा संघर्ष

अभिनय की दुनिया में कदम जमाना भी विजय के लिए आसान नहीं रहा। दुबई में अकाउंटेंट की नौकरी छोड़कर उन्होंने फिल्मों में किस्मत आजमाई। शुरुआत उन्होंने बैकग्राउंड एक्टर यानी पीछे खड़े रहने वाले कलाकार के रूप में की थी। अपने अभिनय में और निखार लाने के लिए उन्होंने थिएटर ग्रुप भी जॉइन किया। कई टीवी शोज और शॉर्ट फिल्मों में लगातार संघर्ष करने के बाद कार्तिक सुब्बाराज ने उन्हें मौका दिया। इसके बाद विजय ने कभी भी पीछे मुड़कर नहीं देखा। साल 2010 में थेनमेरकु पारुवाकात्रु फिल्म उनके करियर के लिए टर्निंग प्वॉइंट साबित हुई।



# नंदामुरी बालकृष्ण के साथ डांस करना मेरे लिए परफॉर्मेंस से कहीं बढ़कर: उर्वशी रौतेला

अभिनेत्री उर्वशी रौतेला का हालिया रिलीज गाना 'दबीदी दबीदी' को प्रशंसक काफी पसंद कर रहे हैं। अभिनेत्री ने आईएएनएस से बात की। उन्होंने बताया कि नंदामुरी बालकृष्ण के साथ डांस करना उनके लिए सिर्फ एक परफॉर्मेंस नहीं, बल्कि इससे कहीं बढ़कर रहा। यह उनके लिए कला के प्रति सम्मान था।

अभिनेत्री ने कहा, नंदामुरी जैसे दिग्गज के साथ काम करना एक बड़ा सम्मान है। नंदामुरी सर के साथ डांस मेरे लिए सिर्फ एक परफॉर्मेंस नहीं था, यह कला, कड़ी मेहनत और कला के प्रति सम्मान है। उनके साथ काम करना एक सपने के सच होने जैसा था और हर कदम, हर इशारा साथ मिलकर कुछ खूबसूरत करने का था। अभिनेत्री ने कहा कि वह हर फीडबैक को महत्व देती हैं। उन्होंने कहा, मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण बात मेरे फैंस से मिलने वाला प्यार और हमारे बीच का सच्चा जुड़ाव है। कला हमारी भावनाओं को दिखाती है और आलोचना चाहे जितनी भी हो, मेरा उद्देश्य शानदार और बेस्ट परफॉर्म करने में रहा है।

फिल्म के 100 करोड़ रुपये के क्लब में पहुंचने के बारे में उन्होंने कहा, मैं 2025 की पहली आउटसाइडर अभिनेत्री के रूप में इतिहास रचने और इतनी तेजी से 100 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल होने के लिए खुद को लकी मानती हूं। मैं इस फिल्म को मिले रिएक्शन से वाकई बहुत खुश हूं। ब्लॉकबस्टर फिल्म बनना एक सपने के सच होने जैसा है और मैं इस सफलता का श्रेय अपने प्रशंसकों, फिल्म की टीम और दर्शकों के प्यार और विश्वास को देती हूं। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री में एक बाहरी व्यक्ति के रूप में, यह मील का पत्थर बहुत मायने रखता है, यह कड़ी मेहनत, दृढ़ता और खुद पर विश्वास की वजह से है।

# बिग बॉस से बाहर होकर मायूस दिखीं शिल्पा शिरोड़कर

**बिग** बॉस 18 में नजर आने वाली अभिनेत्री शिल्पा शिरोडकर का सफर शो के ग्रैंड फिनाले से ठीक चार दिन पहले समाप्त हो गया। सबसे कम वोट मिलने के कारण उन्हें शो से बाहर कर दिया गया। अब शो के फाइनलिस्ट विवियन डीसेना, करणवीर मेहरा, ईशा सिंह, रजत दलाल, चुम दरंग और अविनाश मिश्रा हैं।



शो से बाहर होने के बाद शिल्पा को निराशा हुई, लेकिन उन्होंने इसे अपनी जिंदगी का सबसे बेहतरीन अनुभव बताया। हाल ही में उन्होंने मीडिया से बात करते हुए घर के अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि बिग बॉस में जाना मेरा सपना था जो कि इस सीजन के साथ पूरा हुआ। उन्होंने कहा कि मेरी गट फीलिंग थी कि मैं टॉप पांच में रहूंगीं, लेकिन मेरी यह फीलिंग गलत साबित हुई।

### शिल्पा ने की करण की तारीफ

करण के बारे में उन्होंने कहा कि करण और मेरा रिश्ता बहुत अलग ही रहा। शिल्पा ने कहा कि करण को बाहर से आए कई मेहमानों ने भी सुझाव दिया कि शिल्पा से दोस्ती तोड़ दो, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। उन्होंने कहा कि करण से बात करके उन्हें लगा कि घर में ऐसा कोई तो है जो मुझे समझता है।



# मुझे बचपन से पसंद है क्रिकेट: जैकी भगनानी

**यूएई** में शुरू हुए इंटरनेशनल लीग टी20 के इवेंट में नजर आए अभिनेता-निर्माता जैकी भगनानी ने बताया कि उन्हें बचपन से ही क्रिकेट खेलना पसंद है और आज भी मुझे खेलने में मजा आता है। जैकी भगनानी के साथ कार्यक्रम में शाहिद कपूर, पूजा हेगड़े, सोनम बाजवा, सोहेल खान जैसी हस्तियों के साथ हरभजन सिंह, शोएब अख्तर जैसी क्रिकेट जगत की हस्तियां भी शामिल हुईं। उन्होंने कहा, उद्घाटन समारोह में शामिल होना एक खास अनुभव रहा। हम सभी को क्रिकेट पसंद है और यहां प्रस्तुति देना मेरे लिए एक अद्भुत था।

यह देखना बहुत अच्छा लगता है कि क्रिकेट किस तरह लोगों को एक साथ लाता है और सभी की एनर्जी और उत्साह को देखकर मैं बहुत खुश हुआ। भगनानी ने आगे कहा, मैं इस जश्न का हिस्सा बनकर बेहद खुश हूं और देख रहा हूं कि खिलाड़ियों ने हमारे लिए क्या रखा है! इस समारोह में शामिल होना मेरे लिए घर वापसी जैसा रहा। भव्य इवेंट की कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। जैकी भगनानी के वर्कफ्रंट की बात करें, तो आगामी प्रोडक्शन वेंचर मेरे हसबैंड की बीवी रिलीज के लिए तैयार है। हाल ही में निर्माताओं ने रिलीज की तारीख के साथ फिल्म का पहला मोशन पोस्टर दर्शकों के सामने पेश किया। मेरे हसबैंड की बीवी में अर्जुन कपूर, रकुल प्रीत सिंह और भूमि पेडनेकर समेत कई रोमांचक स्टार अहम भूमिका में हैं। अपकमिंग फिल्म के निर्देशक मुदस्सर अजीज हैं और निर्माता वाशु भगनानी, जैकी और दीपशिखा देशमुख हैं। मेरे हसबैंड की बीवी 21 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# सूर्या स्टारर वादी वासल की जल्द शुरू होगी शूटिंग

**निर्देशक** वेत्रिमारन की बहुप्रतीक्षित एक्शन एंटरटेनर वादी वासल की शूटिंग जल्द शुरू होने वाली है। फिल्म में सुपरस्टार सूर्या मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म के निर्माता कलईपुली एस थानु ने वादी वासल को लेकर प्रशंसकों को जानकारी दी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मट्टू पोंगल के अवसर पर फिल्म निर्माता कलईपुली एस थानु ने निर्देशक वेत्रिमारन और सूर्या के साथ एक तस्वीर पोस्ट की और तमिल में कैप्शन देते हुए लिखा, वादी वासल' दुनिया की खुशियों के बीच खुलने जा रहा है। बता दें, चार दिनों तक चलने वाले त्योहार पोंगल के तीसरे दिन को मट्टू पोंगल के नाम से जाना जाता है।

इस दिन दक्षिण भारतीय राज्यों में बैलों की पूजा की जाती है। इसके बाद आज के दिन ही लोकप्रिय खेल जल्लीकट्टू में भाग लेने वाले बैलों को मैदान में प्रवेश कराया जाता है। 'वादी वासल' मशहूर तमिल लेखक सीसु चेल्लप्पा के उपन्यास वादी वासल पर आधारित है, जो वादी वासल जल्लीकट्टू बैल-वश में करने के खेल पर आधारित है। फिल्म में संगीत निर्देशक जीवी प्रकाश हैं, जिन्होंने फिल्म के लिए संगीत तैयार किया है। प्रकाश ने साल 2022 में यह जानकारी दी थी कि उन्होंने निर्देशक वेत्रिमारन की वादी वासल के दो से तीन गानों के लिए संगीत तैयार किया है। जीवी प्रकाश ने एक्स पर चैट सेशन के दौरान एक प्रशंसक के पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए यह जानकारी दी थी। निर्देशक वेत्रिमारन के साथ अपने काम को लेकर संगीत निर्देशक ने बताया था, हम अब वादी वासल पर काम कर रहे हैं।

# अभी नहीं हो रही पवन सिंह की दूसरी शादी, चांदनी बयान जारी कर बोलीं- होगी तब सबको आएगा न्यौता



**काफी** लंबे अरसे से शांत रहे भोजपुरी सिनेमा में नए साल में बिल्कुल नया उबाल आया है। बीते कई दिनों से सोशल मीडिया पर भोजपुरी अभिनेत्री चांदनी सिंह की शादी की खबरों को लेकर बवंडर सा दिख रहा है। हर तरफ चर्चा है कि उनकी शादी भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह के साथ होने जा रही है। भोजपुरी सिनेमा में पवन सिंह का पॉवर इन दिनों सबके सिर चढ़कर बोल रहा है।

हिंदी सिनेमा में भी उनकी लोकप्रियता खूब बढ़ रही है और ऐसे में अपने अपने यूट्यूब चैनल की ग्राहक संख्या बढ़ाने के लिए तमाम इंफ्लुएंसर्स पवन सिंह को लेकर खूब चटपटी खबरें भी इन दिनों बना रहे हैं। पवन सिंह के अफेयर्स की 'खबरों' को यूट्यूब पर खूब देखा जाता है और इसीलिए इन दिनों पवन सिंह और चांदनी सिंह की शादी के मसले को लेकर तमाम यूट्यूब चैनल ये रपटें चला रहे हैं। इस बारे में पवन सिंह और चांदनी सिंह के करीबी सूत्रों से जब जानकारी करने की कोशिश की गई तो पता चला कि ये सारी खबरें न सिर्फ मनगढ़ंत हैं बल्कि किसी ऐसे शख्स के दिमाग की उपज हैं जो पवन सिंह के खिलाफ जानबूझकर ऐसी खबरें 'प्लांट' करवा रहा है।

-साभार एजेंसी